लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं

मंगलवार 24 मार्च, 2026 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 160 | www.janexpresslive.com/epaper

पांच दिन तक ईरान के पावर प्लांट पर नहीं करेंगे... 12

# होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट मंजूर नहीं: पीएम मोदी

## पश्चिम-एशिया संकट पर मोदी बोले, नागरिक-एनर्जी ठिकानों पर हमले का विरोध किया, 41 देशों से तेल-गैस इंपोर्ट कर रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा कि तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। पीएम ने कहा कि नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। पीएम ने कहा- 'सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।' उन्होंने बताया कि अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

### मोदी बोले, इस समय पश्चिम एशिया में हालात चिंताजनक

मैं इस सदन में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और भारत पर असर पर बात रखने के लिए आया हूं। इस समय वहां हालात चिंताजनक हैं। जय शंकर जी ने सदन को जरूरी जानकारी दी है। 3 हफ्ते से ज्यादा समय से यह संकट को हो गया है। लोगों के जीवन पर विपरीत असर हो रहा है। पूरी दुनिया इसके जल्द समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है।



### मोदी बोले, जहां से संभव हो, वहां से सप्लाई होती रहे

पीएम ने कहा- बीते दशक में भारत ने संकट के इसी समय के लिकए कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी है। आज हमारे पास 65 लाख मीट्रिक टन की रिजर्व की व्यवस्था पर काम जारी है। सरकार अलग अलग देशों के सप्लायर्स से संपर्क में है। प्रयास है जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। तेल गैस फर्टिलाइजर से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे, इसके लिए सहयोगियों से संवाद कर रहे हैं।

### '3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं'

दुर्भाग्य से कुछ लोगों की मौत हुई और कुछ घायल हुए हैं। उनके परिवारों से बात की जा रही है। मदद पहुंचाई जा रही है। वहां रहने वाले भारतीयों को हमारे मिशन जरूरी मदद पहुंचा रहे हैं। भारत में और बाकी देशों में 24 घंटे हेल्पलाइन जारी हैं। इनके जरिए जरूरी जानकारी दी जा रही है। संकट की घड़ी में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है। अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

### पीएम ने कहा, एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते हैं

पीएम ने कहा- हमारे लिए यह रीजन एक और कारण से भी अहम है। 1 करोड़ भारतीय वहां रहते और काम करते हैं। वहां समंदर में जो शिप चलते हैं उनमें भारतीय क्रू मेंबर्स की संख्या अधिक है। इसके चलते हमारी चिंता स्वभाविक है। यह जरूरी है कि भारत की संसद से एकमत और एकजुट आवाज दुनिया में जाए। जब से यह युद्ध शुरू हुआ है। तब से प्रभावित देशों में हर भारतीय को जरूरी मदद दी जा रही है। मैंने खुद 2 बार फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

### मोदी की 6 बड़ी बातें, कहा, हम सभी देशों के सप्लायर्स से संपर्क में

- **तेल-गैस संकट पर:** पिछले एक दशक में भारत ने संकट के समय के लिए कच्चे तेल के भंडारण को प्राथमिकता दी है। आज हमारे पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है। इसे बढ़ाकर 65 लाख मीट्रिक टन से अधिक करने का काम चल रहा है। हमारी तेल कंपनियां अलग स्टोरेज रखती हैं।
- **अन्न-राशन पर:** हमारे पास पर्याप्त अन्न भंडार है। आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं। उस वक्त भी ग्लोबल सप्लाई चेन में कमी आई थी। भारत के किसानों को यूरिया की एक बोरी 300 रुपए से भी कम कीमत में दिलाई गई। तेल गैस फर्टिलाइजर से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे, इसके लिए सहयोगियों से संवाद कर रहे हैं।
- **भारतीयों की सुरक्षा:** संकट की घड़ी में भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है। अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।
- **पॉवर सप्लाई पर:** युद्ध का एक चैलेंज यह भी है कि देश में गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है। आने वाले समय में बिजली की डिमांड बढ़ती जाएगी। देश के पावर प्लांट में कोल स्टॉक उपलब्ध है। पावर जनरेशन से लेकर सप्लाई तक हर सिस्टम की मॉनीटरिंग की जा रही है।
- **एनर्जी सेक्टर पर:** हम जानते हैं एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है। ग्लोबल नीड को पूरा करने वाला सोर्स वेस्ट एशिया है। भारत पर इस युद्ध से उत्पन्न दुष्प्रभाव का असर कम हो इसके लिए एक रणनीति से काम कर रहे हैं। भारत सरकार ने एक ग्रुप बनाया है जो हर रोज मिलता है जो आयात-निर्यात में आने वाली दिक्कतों पर निरंतर काम करता है।
- **जंग को लेकर:** डिप्लोमेसी में भारत की भूमिका स्पष्ट है। हमने गहरी चिंता व्यक्त की है। मैंने वेस्ट एशिया के प्रमुखों से बात की है। सभी से तनाव कम करने की अपील की है। कॉमर्शियल जहाजों पर हमला और रुकावट अस्वीकार्य है। भारत सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

### पीएम बोले- हमारे पास पर्याप्त अन्न भंडार है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक बड़ा सवाल ये है कि युद्ध का खेती पर क्या असर होगा। देश के किसानों ने हमारे अन्न के भंडार भर रखे हैं। इसलिए हमारे पास पर्याप्त खाद्यान्न है। हमारा ये भी प्रयास है कि खरीफ सीजन की ठीक से बुआई हो सके। सरकार ने आपात स्थिति से निबटने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं। उन्होंने कहा कि अतीत में भी हमारी सरकार ने दुनिया के संकटों का बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया था। उस वक्त भी ग्लोबल सप्लाई चेन में कमी आ गई थी। दुनिया के बाजार में यूरिया की एक बोरी 3 हजार तक पहुंच गई थी। भारत के किसानों को यूरिया की एक बोरी 300 रुपए से भी कम कीमत में दिलाई गई। किसानों को ऐसे संकटों से बचाने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। पीएम ने कहा कि पिछले एक दशक 6 यूरिया प्लांट शुरू किए गए हैं। इससे सालाना 74 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा यूरिया प्रोडक्शन कैपिसिटी जुड़ी है। इस दौरान डीएपी और एनपीकेएस जैसी खाद का घरेलू उत्पादन भी 50 लाख मीट्रिक टन बढ़ाया गया है।

### मोदी बोले- एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है

पीएम मोदी ने कहा कि हम जानते हैं एनर्जी आज इकोनॉमी की रीढ़ है। ग्लोबल नीड को पूरा करने वाला सोर्स वेस्ट एशिया है। भारत पर इस युद्ध से उत्पन्न दुष्प्रभाव का असर कम हो इसके लिए एक रणनीति से काम कर रहे हैं। जहां भी जरूरत है उस सेक्टर को जरूरी सपोर्ट दिया जा रहा है। भारत सरकार ने एक ग्रुप बनाया है जो हर रोज मिलता है जो आयात-निर्यात में आने वाली दिक्कतों पर निरंतर काम करता है।

### मोदी बोले, जमाखोरी करने वालों पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा

वेस्ट एशिया विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- हमें हर चुनौती का सामना सब्र, संयम और शांत मन से करना चाहिए। यही हमारी पहचान है, यही हमारी ताकत है। हमें बहुत सावधान और सतर्क भी रहना चाहिए। जो लोग हालात का फायदा उठाना चाहते हैं वे झूठ फैलाने की कोशिश करेंगे। हमें उनकी कोशिशों को कामयाब नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं देश की सभी राज्य सरकारों से भी सदन के माध्यम से आग्रह करूंगा ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले जमाखोरी करने वाले एक्टिव हो जाते हैं। इसके लिए कड़ी मॉनीटरिंग जरूरी है। जहां से खबर मिले वहां एक्शन लेना होगा। देश की हर सरकार और देश का हर नागरिक जब मिलकर चलेंगे तो हम हर चुनौती को चुनौती दे सकेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल में देश में अपने सोलर पावर कैपिसिटी 140 गीगा वॉट तक पहुंचाई है। 40 लाख रूफ टॉप सोलर पैनल लगे हैं। गोवर्धन योजना के तहत 200 बायोगैस प्लांट काम कर रहे हैं। सरकार ने भविष्य की तैयारी बढ़ाते हुए शांति एप माध्यम से न्यूक्लियर एनर्जी उत्पादन को बढ़ावा दिया है। अगले 5 साल में 1500 मेगावॉट नई हाइड्रो पावर कैपिसिटी जोड़ी जाएगी।

### नवरात्रि का छठा दिन



**कात्यायनी पूजा**

नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि बृहस्पति ग्रह देवी कात्यायनी द्वारा शासित हैं।

### यूएई से एलपीजी लेकर भारत आ रहे दो जहाज

भारत में एलपीजी संकट के बीच भारतीय झंडे वाले दो बड़े गैस टैंकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर रहे हैं। शिप-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, जग वसंत और पाइन गैस नाम के ये टैंकर यूएई से निकलकर ईरान के तट के पास से गुजरते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये जहाज ईरान की मंजूरी से एक सुरक्षित रूट का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो उसके समुद्री तट के करीब है। गौरतलब है कि होर्मुज स्ट्रेट लगभग बंद जैसी स्थिति में है और हाल के दिनों में बहुत कम जहाज यहां से गुजर पाए हैं। इससे पहले भी दो भारतीय टैंकर इसी रास्ते से सुरक्षित पार कर चुके हैं, जिनमें से एक को ईरानी नौसेना ने एस्कॉर्ट भी किया था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट का इस्तेमाल 'मैरिटाइम डिप्लोमेसी' के तौर पर कर रहा है और चुनिंदा देशों को ही सुरक्षित रास्ता दे रहा है।

# प्रयागराज में पूर्व मंत्री का कोल्ड स्टोरेज ढहा, चार की मौत, मलबे से 17 लोगों को बाहर निकाला गया

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित सपा नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का कोल्ड स्टोरेज तेज धमाके के साथ धराशायी हो गया। अमोनिया गैस टैंक फटने के चलते यह हादसा हुआ है। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर दब गए। आनन फानन में सभी को बाहर निकाला गया। इसमें चार मजदूरों के मौत की बात कही जा रही है। छह की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिले भर की एंबुलेंस को राहत बचाव कार्य में लगाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरफ की टीम रेस्क्यू आपरेशन में जुटी है।हादसे के चलते मलाक हरहर में लखनऊ हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया है। मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मलबे में डेढ़ दर्जन से अधिक लोग दब गए। घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से एसआरएन अस्पताल पहुंचाया गया है। फाफामऊ समेत आसपास के कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि मौके से निकाले गए चार मजदूरों की हालत नाजुक बनी हुई है। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुट गई है। दर्जन भर से अधिक जेसीबी मलबो को हटाकर दबे हुए लोगों को खोज रही है। शाम सवा चार बजे तक तीन शव निकाले जा चुके हैं। सभी मजदूर बिहार के सहरसा जिले के बताए जा रहे हैं। एक मृतक की पहचान सहरसा के ज्योतिष के रूप में हुई है।



### दोषियों पर होगी कार्रवाई: मंत्री दानिश आजाद अंसारी

प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की बिल्डिंग ढहने पर मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा- मौके पर राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है। मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी इस घटना को दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### घायलों के इलाज में लापरवाही नहीं होनी चाहिए: ब्रजेश पाठक

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, हादसे में घायल लोगों का अच्छा इलाज कराना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को सुरक्षित जगहों पर ले जाया जा रहा है। अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि इलाज में कोई देरी या लापरवाही न हो।

### धमाका होने पर सहमे लोग

हादसे के समय डेढ़ दर्जन से अधिक मौजूद शीतगृह में मौजूद थे। तेज आवाज के साथ धमका हुआ तो आसापास के लोग भी सहम गए। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद के परिवार के कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

### तेज आवाज के साथ फटा अमोनिया टैंकर

अमोनिया गैस रिसाव के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल है। टैंकर फटने की आवाज सुनकर लोग थर्रा गए। गैस के चलते बचाव कार्य में भी बाधा आ रही है।

### दर्जन भर से अधिक जेसीबी हटा रही है मलबा

दर्जन भर से अधिक जेसीबी को मौके पर लगाया गया है। जेसीबी मलबा हटाकर दबे हुए लोगों को खोजने के काम में लगी है।

### चलता रहा रेस्क्यू आपरेशन

फाफामऊ में कोल्ड स्टोरेज धराशायी होने के बाद बचाव कार्य देर शाम तक चलता रहा। भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात कर दी गई है।

### पीएम ने किया मुआवजे का एलान

पीएम नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए हादसे पर दुख जताया है। पीएम ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। पीएमएनआरएफ से हर मृतक के परिवार वालों को दो लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### मृतकों के परिजनों को मिलेंगे दो लाख: योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई भीषण दुर्घटना को हृदय विदारक बताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, घायलों के तत्काल बेहतर इलाज और जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति मिले।

### खाई में गिरी कार: जम्मू-कश्मीर के रियासी में तीन लोगों की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रियासी

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। माहौर से गुल जा रही एक ईको गाड़ी रामाकुंडा मोड़ पर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी नंबर जेके19ए-4098 थी। पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार सुबह हुई। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और मोड़ पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण बताया जा रहा है।

### दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा आदेश: जंतर-मंतर प्रदर्शन केस में ट्रायल पर रोक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है, जिसमें चार्जशीट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, अखिलेश यादव, डीएमके नेताओं कनिमोझी, ए. राजा, सीवीएमपी एझिलारासन समेत अन्य के नाम शामिल हैं। यह मामला फरवरी 2025 में जंतर-मंतर पर यूजीसी के ड्राफ्ट दिशानिर्देशों के खिलाफ कथित रूप से बिना अनुमति आयोजित किए गए प्रदर्शन से जुड़ा है। डीएमके नेता सीवीएमपी एझिलारासन ने एफआईआर रद्द करने की मांग की है।

# सरकारी आदेशों को ठेंगा: कालपी के हीरापुर घाटों पर धड़ल्ले से अवैध बालू खनन

## वन विभाग की जमीन से खनन, रात में मशीनों का इस्तेमाल, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। शत्रुघन सिंह

उरई। राज्य सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद कालपी क्षेत्र के हीरापुर घाटों पर अवैध बालू खनन का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हीरापुर खंड-2 और खंड-3 में संचालित घाटों पर नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



### रात के अंधेरे में मशीनों से खनन

मामले में यह भी सामने आया है कि रात के समय लिपटर मशीनों का उपयोग कर बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है। यह गतिविधि न केवल अवैध है, बल्कि पर्यावरणीय मानकों का भी गंभीर उल्लंघन है।

### वन भूमि पर खनन से बढ़ा पर्यावरणीय खतरा

स्थानीय लोगों के अनुसार, हीरापुर दिवारा घाट वन विभाग की जमीन के अंतर्गत आता है, जहां खनन पर स्पष्ट प्रतिबंध है। इसके बावजूद लगातार खनन होने से पर्यावरणीय असंतुलन और वन्यजीवों पर खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा, अवैध खनन के चलते जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है।

### बालू की कालाबाजारी और बढ़ती लागत

अवैध खनन के कारण बालू की जमाखोरी और कालाबाजारी भी तेज हो गई है। इसका सीधा असर निर्माण कार्यों पर पड़ रहा है, जहां महंगी और घटिया गुणवत्ता की सामग्री उपलब्ध हो रही है।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

लगातार हो रहे अवैध खनन से प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों की अनदेखी के चलते यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

### अधिकारी ने नहीं उठाया फोन

इस संबंध में जब खनिज अधिकारी सनी कौशल से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो कई बार फोन करने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इससे यह संदेश जा रहा है कि संबंधित अधिकारी भी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

### घाट संचालकों पर नियमों की अनदेखी के आरोप

सूत्रों के अनुसार, गाटा संख्या 169/9 और 170/1 के खंड संख्या-03 का संचालन रवि पंजवानी द्वारा किया जा रहा है, जबकि गाटा संख्या 169/9 के खंड-2 का संचालन वैभव गुप्ता के नाम से पंजीकृत फर्म के तहत हो रहा है, जिसे सौरभ गुप्ता संचालित कर रहे हैं। इन दोनों संचालकों पर आरोप है कि वे सरकारी नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध रूप से बालू खनन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निजी लाभ के लिए वन विभाग की जमीन से भी बालू निकाला जा रहा है, जो पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### सख्त कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषी संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह समस्या पर्यावरण के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था को भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है।

# जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, बोले डायलॉगबाजी से हल नहीं होते अंतरराष्ट्रीय संकट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव का राजनीतिक असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। कांग्रेस लगातार मोदी सरकार पर हमलावर है। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने देश की विदेश नीति को जुमलेबाजी करार देते हुए कहा कि सरकार की चुप्पी सभ्यतागत मूल्यों के साथ विश्वासघात है।

### जयराम रमेश ने पीएम मोदी से पूछे कई सवाल

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जयराम रमेश ने पीएम मोदी से कई सवाल पूछे हैं। कांग्रेस नेता ने लिखा, 'ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले शुरू हुए तीन हफ्ते बीत चुके हैं, लेकिन मोदी सरकार ने अब तक इन हमलों की न तो निंदा की है और न ही इस पर कोई आधिकारिक दुख जताया है।' कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत हमेशा से फलस्तीन के अस्तित्व का पक्षधर रहा है, लेकिन मौजूदा सरकार ने इन सिद्धांतों को तिलांजलि दे दी है।

### मूकदर्शक बनी है भारत सरकार: रमेश

जयराम रमेश ने कहा कि जब पूरी दुनिया इस युद्ध के कारण आर्थिक संकट और महंगाई झेल रही है, तब भारत सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अक्सर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी दोस्ती का ढिंढोरा पीटते हैं। फिर उन्होंने इस दोस्ती का इस्तेमाल युद्धविराम कराने के लिए क्यों नहीं किया? जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी की यह चुप्पी दिखाती है कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति अब बीते दौर की बात हो गई है। वर्तमान सरकार पूरी तरह से इस्राइल के पक्ष में झुकी हुई है।

# सरकार के चार साल बेमिसाल कार्यक्रम का धामी ने किया शुभारंभ, स्टॉल पर पहुंच बनाई सेल रोटी

जन एक्सप्रेस। देहरादून

राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में जन-जन की सरकार, चार साल बेमिसाल थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 23 से 25 मार्च तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ आज सोमवार को परेड ग्राउंड से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी किया। इस दौरान परेड ग्राउंड में लगे स्टालों का उद्घाटन करने पहुंचे सीएम ने यहां पर सेल रोटी बनाई। कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जनपदों में प्रसारण भी किया जाएगा। भाजपा सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर परेड ग्राउंड में आयोजित चार साल बेमिसाल कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर सीएम धामी शुभारंभ किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, सविता कपूर, मेयर सौरभ बहुगुणा मौजूद रहे। देश, प्रदेश का भविष्य, युवा पीढ़ी के लिए भी ऐतिहासिक कार्य सरकार ने किए हैं। उन्होंने कहा कि चार वर्षों में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां को छुआ है। प्रदेश की जनता, सरकार के विकास और कल्याण के कामों से संतुष्ट है। जनता की यही संतुष्टि वर्तमान सरकार के शेष एक वर्ष में अधिक कर्मठता और क्षमता से काम करने की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने दावा किया कि आज की परिस्थिति में पीएम मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में 2027 का चुनाव हम जीतने जा रहे हैं। आने वाले एक वर्ष का काम, इसमें बोनस साबित होगा और हमारी जीत को प्रचंड बनाने में मददगार होगा।



### देवभूमि का चार साल में चौगुना विकास, फिर कमल खिलने की गारंटी : भट्ट

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने शानदार और ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पहली बार हुए कार्यों की ही बात करें तो हम यूसीसी लाने वाले पहला राज्य बने, सर्वाधिक कठोर नकल निरोधक कानून हम लाए, इसी तरह कठोरतम धर्मांतरण कानून लाया गया। राज्य की आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि, जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए, बिजली उत्पादन में तीन गुना वृद्धि हुई।

# जन समस्याओं का गुणवत्ता के साथ हो त्वरित निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सोमवार को तहसील सभागार मऊ में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चकरोड, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण और राजस्व से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि फरियादियों को बार-बार जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े।

जनपद में फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति और नाम संशोधन में लेखपालों द्वारा की जा रही प्रक्रियात्मक त्रुटियों पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाम संशोधन की प्रक्रिया ऑनलाइन है लेखपालों द्वारा हस्तलिखित संशोधन अमान्य हैं। उन्होंने अंश निर्धारण संबंधी प्रकरणों को तहसील स्तर पर ही सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत बनने वाली सड़कों का संयुक्त निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित करें। फसल कटाई के तत्काल बाद कार्य प्रारंभ करने तथा कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही उन्होंने आय प्रमाण पत्र के संबंध मे कहा कि संदिग्ध प्रमाण पत्रों पर रोक लगाते हुए केवल पात्र व्यक्तियों के ही प्रमाण पत्र नियमानुसार बनाए जाएं। अपात्रों के पक्ष में कार्य करने वाले संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के स्पेशल क्लोज की बढ़ती प्रवृत्ति एवं नेगेटिव फीडबैक पर चिंता जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर जाकर फोटो, हस्ताक्षर और दो गवाहों के बयान दर्ज किए जाएं, ताकि निस्तारण की विश्वसनीयता बनी रहे।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी प्रकरणों को शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सर्वोच्च वरीयता देते हुए तत्काल निस्तारित किया जाए।

समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त एवं निस्तारित प्रार्थना पत्रों मे तहसील मऊ में 93 में से 8, कर्वी में 37 में 4 व मानिकपुर में 22 में 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मऊ आरआर रमन, उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पूजा गुप्ता, परियोजना निदेशक सतपाल यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ा गया अंतर्जनपदीय बाइक चोर गैंग

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



कोतवाली पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोरों के गैंग को पकड़ा है। जिनके पास से चोरी की आधा दर्जन मोटरसाइकिले व इंजन बरामद हुए है।पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से हुई मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 03 सदस्यों को गिरफ्तार कर किया है। सहायक एसपी मेविस टॉक ने बताया कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से वाहन चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर सूचना प्राप्त हुई थी।जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। एसपी पलाश बंसल के द्वारा टीमों का गठन कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के रविवार की रात मुखबिर की सूचना पर दीप ढाबा के आगे अतर्रा रोड के पास से अभियुक्त प्रशांत उर्फ चंदू उर्फ राणा पुत्र जगतपाल निवासी रामपुर थाना औंग जनपद फतेहपुर,रोहित उर्फ बउवा पुत्र छिद्दू निवासी रामपुर थाना औंग जनपद फतेहपुर,अली मोहम्मद पुत्र मोहम्मद हनीफनिवासी चौडगरा थाना कल्याणपुर जनपद कानपुर को गिरफ्तार किया गया है।मौके से चोरी की 02 मोटरसाइकिल व बोरी में 02 मोटरसाइकिल के इंजन बरामद हुए तथा उनकी निशादेही पर 04 अन्य मोटरसाइकिलों सहित कुछ 06 मोटरसाइकिलें बरामद हुई है। जिसके सम्बन्ध में पूछताछ की गई तो पाया गया कि उक्त दोनों मोटरसाइकिल विकास भवन व जिला अस्पताल से चोरी की गई हैं। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह तीनों जनपद के भीड़-भाड़ वाले स्थानों,सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों आदि से मोटरसाइकिल चोरी करते है। तथा उनके पार्ट अलग- अलग कर बेच देते थे। वाहनों की पहचान छुपाने के उद्देश्य से वाहनों के नम्बर प्लेट बदल देते थे व नम्बर खुरच (टेम्पर्ड) कर देते थे एवं इंजनध्चेसिस नम्बर को भी खुरच कर मिटा देते थे। इनके द्वारा अन्य स्थानों से भी मोटरसाइकिलें चोरी की गई थी। इस सम्बन्ध में गहनता से जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन-किन स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में शहर कोतवाल बलराम सिंह,रामकिशोर यादव चौकी प्रभारी जिला अस्पताल,उप निरीक्षक दीपक कुमार चौधरी,गजेन्द्र सिंह,आरक्षी चन्दन कुमार,राकेश कुमार,शैलेन्द्र कुमार,राम कुमार शामिल रहे।

# दीनदयाल शोध संस्थान के शैक्षणिक प्रकल्पों की वार्षिक कार्ययोजना बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित शैक्षणिक प्रकल्पों की वार्षिक कार्ययोजना बैठक का आयोजन उद्यमिता विद्यापीठ के सभागार में प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

सतना जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री ने कहा कि शिक्षा को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताते हुए नवाचार, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर बल दिया। संगठन सचिव अभय महाजन ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा कमलेश्वर प्रसाद तिवारी के प्रेरणादायक विचारों ने उपस्थित शिक्षकों में नवीन ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि छात्र व शिक्षक अनुपालन व्यवसायिक शिक्षा पर और राष्ट्रीय शिक्षा पर अधिक ध्यान देना होगा। माइको प्लानिंग से लक्ष्य की प्राप्ति होती है। शिक्षण संस्थाओं में नवाचारों का प्रयोग करना आवश्यक है।

यह बैठक न केवल आगामी शैक्षिक सत्र की दिशा तय करने का मंच बनी, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के संकल्प को भी दृढ़ करने वाली सिद्ध हुई। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय के व्याख्याता अशोक कुमार दीक्षित ने किया। कार्यक्रम का संयोजन शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र के प्रभारी कालिका प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। अंत में अतिथियों का आभार प्रदर्शन सुरेंद्रपाल विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर संस्थान के अंतर्गत संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों जिसमें सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय, रामनाथ आश्रम शाला, कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय मझगवां तथा परमानंद आश्रम पद्धति विद्यालय गनीवां के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने आगामी सत्र की शैक्षणिक वार्षिक कार्ययोजना की प्रस्तुत में 200 शिक्षकों ने सहभाग किया। कार्यक्रम में केपी तिवारी पूर्व संयुक्त संचालक रीवा तथा संस्थान के सचिव अपराजित शुक्ला, पूर्व प्राचार्य श्रीधर त्रिपाठी एवं केके बाजपेई तथा डीआरआई के महाप्रबंधक डॉ. अनिल जायसवाल मौजूद रहे।

# आगरा में हुआ मंतशा का सम्मान व बढ़ा बांदा जनपद का मान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

संकल्प मानव सेवा संस्थान (रजि) आगरा द्वारा आयोजित प्रदेश सेवा रत्न सम्मान समारोह 2026 कार्यक्रम में ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन की संस्थापिका मंतशा को उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए 22 मार्च दिन रविवार को आगरा में प्रदेश सेवा रत्न सम्मान 2026 से नवाजा गया कार्यक्रम की (मुख्य अतिथि) बेबी रानी मौर्य (कैबिनेट मंत्री) उत्तर प्रदेश पूर्व राज्यपाल उत्तराखंड के करकमलों द्वारा मंतशा को अंग वस्त्र प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया ड्रीम्स ऑफ लाइफ के (संरक्षक) चंद्रमौली भारद्वाज अरुणेश सिंह रीमा आर्या ने बताया संस्था के उत्कृष्ट के कार्यो को देखते हुए। कार्यक्रम का आयोजन मां वैजयंती देवी रिसॉर्ट आगरा में किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए समाजसेवियों उनके द्वारा रक्तदान,समाज सेवा, शिक्षा,स्वास्थ,महामारी,सराहनीए कार्यों के लिए सम्मानित किया। बेबी



रानी मौर्य के शुभ हाथों से ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन को इतना सुंदर मोमेंटो दे कर सम्मानित होने का मौका मिला मंतशा ने संस्था के अध्यक्ष उमेंद्र राजपूत एवं संस्था की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहां की यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के प्रेरित करेगा।-मैं बहुत शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझे इस काबिल समझा इस उपलब्धि से नवाजा।और मुझे आमंत्रित करने के लिए संध्या सिंह,उमेंद्र राजपूत का मैं दिल से शुक्रिया अदा करती हूं और साथ ही मैं अपनी पूरी टीम का जिनके साथ की वजह से प्रदेश सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया ड्रीम्स ऑफ लाइफफाउंडेशन के संरक्षक चंद्र मौली भारद्वाज संरक्षक अरुणेश सिंह सहसंरक्षक डा मनोज कुमार रीमा आर्या सह संरक्षिका डा संगीता सिंह ने संकल्प मानव सेवा संस्थान आगरा के सभी पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सात प्रार्थना पत्रों का मौके पर किया निस्तारण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



बबेरू तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम व एसपी की अध्यक्षता पर संपन्न,सुनी फरियादियों की समस्याएं।बबेरू तहसील सभागार में सोमवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की अध्यक्षता पर संपन्न किया गया। जिसमें तहसील क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग गांव से फरियादियों ने अपनी अपनी समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा है।जिसमें ज्यादातर प्रार्थना पत्र जमीनी विवाद पुलिस से संबंधित एवं ब्लॉक से संबंधित प्रार्थना पत्र आए हैं।जिसमें कुल 60 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें 7 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कराया गया है।शेष प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारी को भेज कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।इस तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर बबेरू उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार तहसीलदार हेमराज सिंह बोनल नया तहसीलदार मनोहर सिंह,खंड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल,ओमप्रकाश द्विवेदी,सहित जिले से लेकर तहसील ब्लाक स्तर तक के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के मामले में मृतका के पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले मे दोषसिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने मृतका के पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 8 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि बांदा जिले के बबेरु थाने के तरायां गांव के निवासी राजेश कुमार ने बीती 30 जून 2020 को पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी बेटी को शादी के लगभग 3 साल बाद दहेज की मांग पूरी न होने पर दामाद बारामाफी गांव के निवासी अर्जुन यादव ने जहर खिलाकर मार डाला था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी अर्जुन यादव को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई साथ ही 8 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

# बाकल की जोगनी माता मंदिर में श्रद्धालुओं का उमडा जन सैलाब

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



मर्का थाना क्षेत्र के बाकल गांव के जोगनी माता मंदिर में नवरात्रि के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा वही ड्यूटी में लगे पुलिस के जवान, सीसीटीवी कैमरे से श्रद्धालुओं की निगरानी कर रहे है।बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत मर्का थाना क्षेत्र के बाकल गांव के यमुना नदी के दक्षिण दिशा की ओर जोगनी माता का मंदिर बना हुआ है। जिसमें सोमवार को नवरात्र के पंचमी के दिन श्रद्धालुओं का सुबह से ही जन सैलाब उमर पड़ा जिसमें सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। वही मंदिर परिसर में मेला भी लगाया गया है,जिसमें कई जनपदों से दुकानदार आए हुए हैं, वहीं लोगों की मान्यताएं है जो भी भक्त श्रद्धा भाव के साथ जोगनी माता मंदिर में आता है, तो उसकी मनोकामना आवश्यक पूरी होती है, गांव के पूर्व प्रधान गया प्रसाद ने नवरात्रि के पंचमी के दिन बताया कि बहुत ही पुराना मंदिर है, इस मंदिर में उत्तर प्रदेश सहित मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ बिहार और आसपास के जनपद फतेहपुर,कौशांबी,प्रयागराज, कानपुर, महोबा,हमीरपुर, चित्रकूट आदि जनपदों से श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं। जिनकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। नवरात्र के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की हजारों की संख्या में भीड़ पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर परिसर में आ रही है, भी मंदिर में लगे जगह जगह सीसीटीवी कैमरा से ड्यूटी में लगे पुलिस के जवानों के द्वारा हर आने जाने वालों भक्त व श्रद्धालुओं की निगरानी कर रहे है।

# कमिश्नर ने मौदहा के सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी लोगों की फरियाद, दिये जल्द निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



मौदहा में सम्पन्न हुये सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर चित्रकूटधाम मण्डल के कमिश्नर अजीत कुमार ने डीआईजी राजेश एस. के साथ मिलकर लोगों की शिकायतों को गौर से सुन्ने के बाद उनके वक्त पर बेहतर तरीके से निस्तारण करने के दिये निर्देश। इस दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की परेशानियों को गंभीरता के साथ ही संवेदनशीलता के साथ सुना गया। समाधान दिवस में करीब 20 शिकायते आई, जिनके बिना देर किये गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण के लिये कमिश्नर ने उपजिलाधिकारी मौदहा को निर्देशित करते हुये सभी प्रार्थना पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर तीन दिन के अन्दर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के दिये निर्देश। कमिश्नर ने वहाँ मौजूद सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित दौरा कर जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान तय करें, साथ ही शासन की योजनाओं का फायदा पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी और वक्त पर तरीके से पहुँचाएं। साथ ही कहा कि ऐसे इंतजाम किये जाय जिस्से आमजन को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही प्रशासन के प्रति जनविश्वास मजबूत हो। साथ ही राजस्व अधिकारियों को एलपीजी गैस गोदामों का नियमित निरीक्षण करने के साथ ही कालाबाजारी या ओवररेटिंग पाए जाने पर जिम्मेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## नियुक्ति के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने ग्रामोदय को जारी किया नोटिस

**चित्रकूट।** सुभाष चंद्र यादव रिसर्च स्कॉलर द्वारा दायर याचिका में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। जिसमें जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की एकल पीठ ने प्रकरण पर सुनवाई करते हुए प्रतिवादीगण को नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रवीण ज्योति वर्मा ने पक्ष रखते हुए न्यायालय के समक्ष विस्तृत बहस की। याचिका में डॉ. रमेश चंद्र त्रिपाठी, प्रोफेसर (जंतु विज्ञान), महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रारंभिक नियुक्ति को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि उक्त नियुक्ति बिना विधिवत विज्ञापन के की गई थी, जो स्थापित चयन प्रक्रिया एवं नियमों के विपरीत है। इसके अतिरिक्त, याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित प्रोफेसर को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के पोर्टल पर असंगत रूप से कभी फूड इंजीनियरिंग तो कभी सिविल इंजीनियरिंग के अंतर्गत प्रदर्शित किया गया, जबकि उनकी मूल विषयवस्तु जंतु विज्ञान है। इसे तथ्यों के विपरीत एवं भ्रामक प्रस्तुतिकरण बताया गया है। न्यायालय द्वारा नोटिस जारी किए जाने के साथ ही मामले की सुनवाई आगे जारी रहेगी।

# जेल मे ंबच्चा बैरक का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं ंका जायजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति इलाहाबाद के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश, चित्रकूट के मार्गदर्शन में सोमवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारती, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चैधरी तथा प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड विदिशा भूषण द्वारा किशोर अपचारी जेल में निरूद्ध न हो, इसके सम्बन्ध में जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।

उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के निर्देशानुसार जेल में अवस्थित बच्चा बैरक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निरीक्षण जेल में निरूद्ध किशोर बन्दियों से उनकी उम्र तथा जेल निरूद्धि दिनांक का अवलोकन किया गया। बाल अपचारियों से सम्बन्धित रजिस्टर का अवलोकन किया गया, पाया गया कि कोई भी 18 वर्ष से कम आयु का बन्दी जिलाकारागार में निरूद्ध नहीं है। इस दौरान निरीक्षण जेल की स्वीकृत क्षमता, उनमें कैदियों की कुल संख्या, जेल में भीडभाड (ओवर क्राउडिंग) का प्रतिशत, भीडभाड की समस्या की देखरेख की गयी। जिला कारागार की स्वीकृत क्षमता 770 बन्दियों की है, वर्तमान में कारागार में कुल 477 बन्दी निरूद्ध पाये गये। निरीक्षण के दौरान राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दियों से उनकी समस्याओं तथा परिवार वाले मुलाकात के लिए आते हैं कि नही, इसकी भी जानकारी ली गयी। जिस पर समस्त बन्दियों द्वारा बताया गया कि परिवार वाले मुलाकात के लिये निरन्तर आते हैं। सचिव इला चैधरी द्वारा बन्दियों से उनके मुकदमें की पैरवी करने के लिए वकीलों की उपलब्धता के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी तथा यह अवगत कराया गया कि यदि किसी के मुकदमें की पैरवी करने के लिए उनके पास वकील नहीं तो ऐसी स्थिति में जेल में अवस्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से सम्पर्क कर अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं।

## गतिविधियों को बनाए सुरक्षित एवं सुव्यस्थित

**चित्रकूट।** जनपद में खेल गतिविधियों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम, चित्रकूट में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण में संलग्न बालक एवं बालिका खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। साथ ही, स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन भी स्टेडियम परिसर में आते हैं। ऐसे में खिलाड़ियों एवं आगंतुक नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में स्टेडियम परिसर में पेयजल उपलब्धता एवं ग्राउंड की नियमित सिंचाई व हरितकरण बनाए रखने के लिए बोरिंग भी कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर अखबार वितरक साथियों ने श्रद्धांजलि दी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

समाचार पत्र विक्रेता संघ के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार विवेक मिश्रा के निधन पर सभी वितरक साथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से प्रार्थना की उनकी आत्मा को शांति दे।समाचार पत्र विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विवेक मिश्रा कई संस्थानों में उच्च पदों में रहते हुए कार्य किया और अखबार जगत में कई वर्षों से लगातार कार्य कर रहे हैं और साथ में हमेशा वितरक साथियों के हित में कार्य किया है।वितरक साथियों के हित में लड़ाई-लड़ी और न्याय दिलाया संरक्षक राजकुमार गुप्ता ने सरकार से माँग की उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा पत्रकार आयोग का गठन करना चाहिए और साथ में वितरक आयोग कभी गठन करना



चाहिए जिससे पत्रकार साथी एवं वितरक साथी की साथ होने वाली घटनाओं को लेकर उनको कुछ सहयोग मिल सके जिससे उनकी सुरक्षा और उनके परिवार को लेकर आगे की जीवन यापन अच्छा गुजर सके इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता कानूनी सलाहकार विमल कृष्ण श्रीवास्तव गोपी राजेश कुमार शेखर कमल अवस्थी जयप्रकाश कबीर अनिल राजपूत कमलेश पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# अमर शहीदों के बलिदान को कांग्रेसियों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के अध्यक्षता में मां भारती के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु,सुखदेव को शहीद दिवस के रूप में याद कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि ÷महान क्रांतिकारियों ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि राष्ट्र प्रेम से बड़ा कोई कर्तव्य नहीं होता,अपने शौर्य और ओजस्वी विचारों से युवाओं में देशभक्ति का संचार कर राष्ट्र व्यापी स्वाधीनता आंदोलन की अलख जगाने वाले भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव का बलिदान युगों युगों तक देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि की प्रेरणा देता रहेगा।÷ जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट ने कहा कि ÷देश की आजादी में भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव का अतुलनीय योगदान रहा,आज के ही दिन 23 मार्च 1931को मां भारती के वीर सपूतों को ब्रिटिश हुकूमत द्वारा पंजाब के लाहौर जेल में फांसी पर लटकाया गया,राष्ट्र इन वीर सपूतों का सदैव ऋणी रहेगा।÷ इस अवसर पर पीसीसी धर्मेश सिंह, कार्यालय प्रभारीध्वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवबली सिंह, जिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जिला सचिव रामकुमार सिंह,कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई,कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी,जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू,गोविन्द नारायण,छेदीलाल धुरिया,के पी सेन,ईशु फैज खान युवा नेता,धीरेन्द्र पांडेय धीरू,लालबाबू राजपूत,शब्बीर सौदागर,सुखदेव गांधी,अली बख्श प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## एआईएडीएमके के साथ गठबंधन तय...

तमिलनाडु में राजनीतिक तपिश अब चरम पर पहुंच गई है। भाजपा के साथ कई दौर की बातचीत के बाद मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके ने सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर मुहर लगा दी है। चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय में एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी... पढ़ें पेज 12 पर...

# खाद्य, ऊर्जा समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी, 37 प्रस्तावों पर मुहर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में खाद्य, ऊर्जा और नगर विकास विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य ?2585 प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष से ?160 अधिक है। गेहूं खरीद 30 मार्च से 15 जून 2026 तक 6500 केंद्रों पर की जाएगी। ऊर्जा क्षेत्र में घाटमपुर पावर प्लांट के लिए कोल माइन विकास हेतु ?2242.90 करोड़ स्वीकृत हुए। वहीं गोरखपुर में 20 मेगावॉट का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। नगर विकास के तहत 'नवयुग पालिका योजना' को भी मंजूरी दी गई है, जो 58 जिला मुख्यालयों में लागू होगी।

### गेहूं के रूक्कसंग उतराई-सफाई का भी मिलेगा पैसा

कैबिनेट बैठक में 39 प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें से 37 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई है, बैठक का सबसे बड़ा केंद्र बिंदु प्रदेश के किसान रहे। सरकार ने आगामी रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद की नीति स्पष्ट कर दी है, जिससे अन्नदाताओं की आय में सीधा इजाफा होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कैबिनेट बैठक के बाद किसानों से जुड़े फैसले के बारे में जानकारी दी।

### गोरखपुर में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का प्रस्ताव

प्रदेश को सौर ऊर्जा का हब बनाने की दिशा में गोरखपुर को 'सोलर सिटी' के रूप में विकसित करने और वहां 20 मेगावाट क्षमता के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा, शोधित जल के सुरक्षित पुनः उपयोग के लिए नई नीति 'उत्तर प्रदेश राज्य नीति (एस.आर.टी.डब्ल्यू.)-2026' के प्रख्यापन पर भी चर्चा होगी। किसानों और पर्यटन के लिए सौगातः कृषि क्षेत्र में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं खरीद की नीति निर्धारित की जाएगी। साथ ही, लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहरों जैसे रोशन-उद-दौला और छतर मंजिल को पीपीपी मॉडल पर 'हेरिटेज पर्यटन इकाई' के रूप में विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव भी शामिल है।

### निजी बिजनेस पार्क नीति-2025 को कैबिनेट की मंजूरी

उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के लिए 'उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025' को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट के इस फैसले से प्रदेश में विश्वस्तरीय प्लग-एंड-प्ले बिजनेस पार्क विकसित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिससे निवेश आकर्षण, औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार सृजन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद जताई जा रही है। जहां वैश्विक कंपनियों के लिए कार्यालय, अनुसंधान एवं विकास केंद्र, लॉजिस्टिक्स हब, साझा सेवाएं और संचालन सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। सरकार का मानना है कि रेडी-टू-यूज अवसंरचना की उपलब्धता से परियोजनाओं के क्रियान्वयन में होने वाली देरी और लागत वृद्धि को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।



### औद्योगिक विकास प्राधिकरण सेवा नियमावली-2026 को मंजूरी

प्रदेश मंत्रिपरिषद ने राज्य के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की सेवा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 'औद्योगिक विकास प्राधिकरण केंद्रीयकृत सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2026' को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के साथ वर्ष 2018 में लागू नियमावली में व्यापक संशोधन का रास्ता साफ हो गया है। सरकार के इस फैसले का मुख्य उद्देश्य विभिन्न औद्योगिक प्राधिकरणों, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के बीच वेतनमान, भत्तों और सेवा शर्तों में मौजूद असमानताओं को खत्म करना है। नई नियमावली लागू होने के बाद इन संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों को समान अवसर और बेहतर सेवा संरचना मिल सकेगी।

### गंगा एक्सप्रेसवे किनारे इंडस्ट्रियल क्लस्टर को कैबिनेट की मंजूरी

प्रदेश सरकार ने औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से एक अहम फैसला लेते हुए गंगा एक्सप्रेसवे के समीप इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर के विकास को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत संभल जनपद में आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना विकसित की जाएगी, जिससे क्षेत्र में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। यूपीडा द्वारा विकसित विभिन्न एक्सप्रेस-वे आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक और गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे कुल 29 स्थानों पर ऐसे क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संभल में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक क्लस्टर परियोजना के अंतर्गत सड़क, आरसीसी नाली, तालाब, आरएमसी प्लांट, फायर स्टेशन, ओवरहेड जलाशय, वाटर सप्लाई लाइन, फेंसिंग, विद्युत एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

### ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ में विकसित होगा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'उत्तर प्रदेश मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024' के तहत ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) की स्थापना के लिए 174.12 एकड़ भूमि के आवंटन से संबंधित नियमों और शर्तों सहित प्रस्ताव को मंत्रिपरिषद की मंजूरी दे दी है। यह भूमि सेक्टर-कप्पा-02, ग्रेटर नोएडा में स्थित है और परियोजना को राज्य की लॉजिस्टिक्स क्षमता बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं में शामिल माना जा रहा है।

# रहीमाबाद थाने पर किसानों का हल्ला बोल: रिश्वतखोरी के खिलाफ सड़क पर उतरा जनसैलाब, 'दशहरी' यूनियन बनी आवाज़-ए-हक



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

राजधानी के रहीमाबाद थाने की लापरवाही में सोमवार को वह नज़ारा दिखा, जिसने पुलिस व्यवस्था की जड़ों तक सवाल खड़े कर दिए। सैकड़ों किसानों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा—हाथों में बैनर, दिल में आक्रोश और जुबां पर एक ही मांग—भ्रष्टाचार बंद करो, न्याय दो! प्रस्तावित थाना घेराव से पहले ही दशहरी चौराहा से लेकर हरदोई रोड तक किसान उमड़ पड़े। सुबह 9 बजे शुरू हुआ यह जमावड़ा शाम 4 बजे तक एक संगठित और मुखर आंदोलन में तब्दील हो गया। इस पूरे आंदोलन की अगुवाई भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी) ने जिस मजबूती और अनुशासन के साथ की, उसने एक बार फिर साबित कर दिया कि किसानों की लड़ाई अब बिखरी नहीं, संगठित है—और बेखौफ भी।

### 'दशहरी' यूनियन का दम—व्यवस्था को आईना

राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में यूनियन ने जिस तरह से मोर्चा संभाला, वह काबिल-ए-तारीफ रहा। न सिर्फ भीड़ को नियंत्रित रखा गया, बल्कि हर मुद्दे को तथ्यों और सबूतों के साथ प्रशासन के सामने रखा गया। यही कारण रहा कि एसीपी मलिहाबाद, इंस्पेक्टर मलिहाबाद और इंस्पेक्टर दुबग्गा को खुद मौके पर पहुंचकर किसानों की बात सुननी पड़ी। यूनियन पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए साफ कहा—अब सिर्फ आश्वासन नहीं, कार्रवाई चाहिए।

### पुलिस पर संगीन आरोप

प्रदर्शन के पीछे महज नाराजगी नहीं, बल्कि आरोपों की गंभीर फेहरिस्त है। शिकायत के मुताबिकः मुकदमा दर्ज करने के नाम पर खुलेआम रिश्वत की मांग गरीब किसानों से अभद्रता और गाली-गलौज

### ड्यूटी के दौरान नशे में गश्त

ग्राम निवासी नरेश ने ?50 हजार रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है, जिसका ऑडियो साक्ष्य भी मौजूद बताया गया। सवाल यह है—जब सबूत मौजूद हैं, तो कार्रवाई क्यों नहीं?

### बड़ा सवाल

- रहीमाबाद की सड़कों पर उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि व्यवस्था के खिलाफ अविश्वास की गर्जना है।
- क्या थानों में अब भी न्याय जिंदा है, या गरीबों के लिए वहां सिर्फ शोषण का दरवाजा बचा है?
- और इस पूरे संघर्ष में एक बात साफ है
- भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी) अब सिर्फ संगठन नहीं, बल्कि किसानों की सबसे बुलंद आवाज बनकर उभरी है।

### 'न्याय नहीं, शोषण का अड्डा बनते थाने'

किसान नेताओं का सीधा आरोप है कि थाना स्तर पर गरीबों के साथ न्याय नहीं, बल्कि शोषण हो रहा है। छोटे-छोटे मामलों में भी पैसे लेकर कार्रवाई की जा रही है। यह सिर्फ एक थाने की कहानी नहीं, बल्कि उस सिस्टम का आईना है जहां गरीब की आवाज दबाई जाती है और पैसे वालों की सुनी जाती है।

### चेतावनी साफ—अब आर-पार की लड़ाई

प्रदर्शन के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपा गया। हालांकि हर बार की तरह आश्वासन मिला, लेकिन इस बार किसानों का रुख बदला हुआ था। यूनियन ने साफ चेतावनी दी 'अगर जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र होगा—और इस बार सिर्फ घेराव नहीं, बड़ा जनांदोलन होगा।'

# मुख्य सचिव एसपी गोयल बोले, कोडीनयुक्त कफ सिरप की निगरानी की हो ऑनलाइन व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि कोडीनयुक्त कफ सिरप की आपूर्ति एवं बिक्री की निगरानी हेतु ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन व्यवस्था बनाएं। स्टॉक रखने के स्थान का भौतिक सत्यापन अवश्य कराया जाए। फर्जी फर्मों, अवैध भंडारण या बिक्री में लिप्त पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए। वहीं जिलों में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड) की निर्धारित संख्या में बैठकें नहीं करने वाले जिलों पर सख्ती की जाए। वह सोमवार को एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के सेवन एवं उनके क्रय-विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करें। जिलों में होने वाली बैठकों में आरोपियों की गिरफ्तारी, उनकी संपत्तियां जब्त करने की स्थिति, अफीम की फसलों का भौतिक सत्यापन, नशा मुक्ति केंद्रों के कार्यों की समीक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति, आबकारी विभाग द्वारा भांग की दुकानों पर गांजा की बिक्री पर निगरानी तथा स्कूलों में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की जाए। स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों के आसपास चिह्नित हॉटस्पॉट्स पर प्राथमिकता के आधार पर सख्त कार्रवाई करें। बैठक में अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव राज्य कर कामिनी चौहान रतन, आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह, सचिव गृह मोहित गुप्ता समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### 925 करोड़ रुपये कीमत के मादक पदार्थ नष्ट

आईजी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स अब्दुल हमीद ने बताया कि वर्ष 2022 में एएनटीएफ के गठन के बाद से अब तक कुल 2,71,802 किग्रा मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 925 करोड़ रुपए है। वर्ष 2026 में फरवरी तक कुल 840 केस दर्ज कर 1,176 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बीते 10 वर्षों के मादक पदार्थों की जब्ती के आधार पर 10 हॉटस्पॉट चयनित किया गया है तथा 20 हाई वैल्यू टारगेट चिन्हित करने हेतु संबंधित जिलों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### जनता दर्शन: योगी आदित्यनाथ बोले, बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए, आपके परिवार की सुरक्षा, सम्मान सरकार के जिम्मे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

'आप बेफिक्र होकर देशसेवा कीजिए। आपके परिवार समेत प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत, सुरक्षा और सम्मान सरकार के जिम्मे है। सरकार इसे लेकर पहले दिन से गंभीर है।' ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों से कहीं। मुख्यमंत्री ने सैनिकों की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए। सरकार हर समस्या का उचित निराकरण कराएगी। 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता व स्थानांतरण आदि से जुड़े मामले भी आए। सीएम ने एक-एक कर सबकी समस्याओं को सुना, प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समय सीमा के अंदर उनके उचित निस्तारण का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में कई जनपदों से सैनिक भी आए। इनमें से कुछ मामले जमीनी विवादों के भी थे। सीएम योगी ने इनके प्रार्थना पत्र लिए और स्थानीय जिला-प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क करें। उनकी समस्याओं का हर हाल में समयसीमा के अंदर उचित निराकरण कराएं और पीड़ित परिवार को संतुष्ट करें। 'जनता दर्शन' में पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता और स्थानांतरण से जुड़े मामले भी आए। सीएम योगी ने पीड़ितों के प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि जमीनी विवाद में सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

### नगर निगम लखनऊ में नव निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# मेयर सुषमा खर्कवाल ने दिलाई जिम्मेदारी की शपथ

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



नगर निगम लखनऊ में नव निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह नगर निगम मुख्यालय, लालबाग स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नगर निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नव निर्वाचित पार्षद रूपचंद अग्रवाल, गणेश वर्मा, पुरुषोत्तम पुरी, मधुबाला त्रिपाठी, संतोष बलखंडी, दीपु जायसवाल, सुश्री नेहा सिंह, अखिलेश गिरी, किशन पाल तथा पंकज बांस को नगर विकास और जनसेवा के प्रति निष्ठा एवं जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सभी पार्षदों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि नव निर्वाचित पार्षद शहर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क सुधार, यातायात प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी पार्षदों से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। समारोह के दौरान नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं और कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में नव निर्वाचित पार्षदों को शुभकामनाएं दी गईं और शहर के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया गया।

# जनता की समस्याओं पर हो त्वरित कार्रवाई,तय होगी जिम्मेदारी: केशव

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय, 7-कालीदास मार्ग, लखनऊ में जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हर व्यक्ति की हर समस्या का हर संभव समाधान सुनिश्चित किया जाएगा '। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए तथा ऐसा समाधान हो कि पीड़ितों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उप मुख्यमंत्री स्वयं फरियादियों के बीच पहुंचे और उनसे सीधा संवाद स्थापित करते हुए एक-एक समस्या को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ सुना। कई मामलों में उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे मौके पर ही कार्यवाही प्रारंभ हो सके।उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद, अवैध कब्जा, उत्पीड़न, दुर्घटनाएं, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, आवास आवंटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां आवश्यक हो, वहां कठोर कार्रवाई की जाए। प्रत्येक शिकायत के निस्तारण में स्पष्ट जवाबदेही तय की जाए और उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### कक्षा 5 और 8 की 24 मार्च को होने वाली परीक्षा अब 28 को, शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** बेसिक स्कूलों में 24 मार्च को कक्षा 5 की गणित व सामाजिक विज्ञान तथा कक्षा 8 की गणित व विज्ञान विषय की परीक्षा अब 28 मार्च को आयोजित की जाएगी। बेसिक शिक्षा निदेशक ने इस बाबत सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। आदेश में 28 मार्च को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार परीक्षाएं कराने को कहा गया है। साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराते हुए परीक्षाफल छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की उपस्थिति में घोषित करने का निर्देश भी दिया है।

# 30 मार्च से शुरू होगी गेहूं खरीद, नवयुग पालिका योजना को मिली मंजूरी, बनेंगे आधुनिक बिजनेस पार्क

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 37 प्रस्ताव आए, जिसमें से कैबिनेट ने 35 को स्वीकृति प्रदान की। इसमें गेहूं खरीद पर भी निर्णय किया गया। कैबिनेट बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पत्रकारों को इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। कृषि मंत्री ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। केंद्र सरकार ने गत वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की है। रामनवमी के उपरांत 30 मार्च से गेहूं खरीद होगी, जो 15 जून तक चलेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश में खाद्य विभाग की विपणन शाखा सहित कुल 8 एजेंसियों द्वारा 6500 क्रय केंद्र स्थापित होंगे। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पानी व बैठने समेत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### किसानों को 20 रुपये प्रति कुंतल अलग से दिया जाएगा

कृषि मंत्री ने कहा कि उतराई, छनाई व सफाई के लिए किसानों को 20 रुपये प्रति कुंतल अलग से दिया जाएगा। किसानों ने इस साल प्रदेश के भीतर काफ़ी अच्छी फसल लगाई है। कृषि विभाग ने उन्हें पर्याप्त मात्रा में बीज भी उपलब्ध कराए हैं। पर्याप्त मात्रा में इसकी खरीद की जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं उठाना पड़े।

### 50 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य

उन्होंने बताया कि खाद्य व रसद विभाग ने 30 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे 50 लाख मीट्रिक टन किए जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से किसानों को भुगतान के भी निर्देश दिए हैं। बिचौलियों का हस्तक्षेप न रहे, इसलिए सारा सिस्टम ऑनलाइन कर दिया गया है।

### लगभग दो लाख किसानों ने करा लिया पंजीकरण

गेहूं की बिक्री के लिए अब तक लगभग दो लाख किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक 1,95,628 किसानों ने सोमवार दोपहर दो बजे तक पंजीकरण करा लिया है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 583.20 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी, इस तरह 5 वर्षों (2025-26 से 2029-30) में कुल 2916 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। यह पूरी तरह राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना है, जिसमें केंद्र सरकार की कोई भागीदारी नहीं होगी। नवयुग पालिका योजना के माध्यम से स्मार्ट सिटी की तर्ज पर डिजिटल गवर्नेन्स, ई-सेवाओं और तकनीकी समाधान को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे नागरिक सेवाएं अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनेंगी।

### चयन और क्रियान्वयन की स्पष्ट व्यवस्था

परियोजनाओं के चयन के लिए जनपद स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा, जबकि राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा परीक्षण के बाद सक्षम स्तर से अनुमोदन दिया जाएगा। इसके बाद ही विकास कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शहरों के समग्र और संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार बड़े नगर निगमों में स्मार्ट सिटी योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, उसी तर्ज पर अब जिला मुख्यालय स्तर के नगर पालिका क्षेत्रों को भी विकसित किया जाएगा। 'नवयुग पालिका योजना' इसी सोच का परिणाम है। इसके अंतर्गत उत्सव भवन, ऑडिटोरियम, प्रदर्शनी केंद्र, पार्कों का विकास तथा विद्युत व्यवस्था के आधुनिकीकरण जैसे कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निकायों को उनकी जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों (डेढ़ लाख से अधिक और डेढ़ लाख से कम आबादी) में विभाजित किया गया है, ताकि उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा सके।

### रेडी-टू-यूज इंफ्रास्ट्रक्चर से घटेगी लागत और समय

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने बताया कि अभी तैयार इंफ्रास्ट्रक्चकर के अभाव में परियोजनाओं में देरी और लागत वृद्धि होती है। यह योजना इस समस्या का समाधान करते हुए आधुनिक व रेडी-टू-यूज इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराएगी, जो प्रदेश की औद्योगिक निवेश नीतियों का पूरक बनेगा।



### 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों का होगा समग्र विकास

प्रदेश में स्मार्ट सिटी मिशन के विस्तार और संतुलित शहरी विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 'नवयुग पालिका योजना' को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। राज्य सरकार ने पहली बार नगर निगमों से बाहर के नगरीय निकायों, विशेषकर जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को प्राथमिकता देते हुए विकास की नई रूपरेखा तैयार की है। योजना के अंतर्गत 55 नगर पालिका परिषदों, 3 नगर पंचायतों तथा गौतमबुद्धनगर की दादरी नगर पालिका परिषद को शामिल किया गया है।

### आधारभूत ढांचे का उन्नयन और जीवन स्तर में सुधार

योजना का मुख्य उद्देश्य नगरीय निकायों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना तथा नागरिकों के जीवन स्तर (ईज ऑफ लिविंग) में सुधार लाना है। इसके तहत सड़कों, जल निकासी, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं का व्यापक विकास किया जाएगा। जिला मुख्यालयों को विकसित करने से विभिन्न मंडलों के बीच विकास असमानताओं को कम करने में मदद मिलेगी। इससे नगर निगमों से बाहर के क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और संतुलित शहरी विकास सुनिश्चित होगा।

### प्रत्येक बिजनेस पार्क के लिए न्यूनतम 10 एकड़ भूमि का प्रावधान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 'उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025' को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश में विश्वस्तरीय प्लग-एंड-प्ले बिजनेस पार्क विकसित कर वैश्विक निवेश, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को नई गति दी जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रदेश में ऐसे बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैश्विक निगमों के कार्यालय, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तथा संचालन केंद्र स्थापित किए जा सकेंगे। इन पार्कों में रेडी-टू-ऑपरेट और प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी से विस्तार होगा।

# नेपाल से देवीपाटन पहुंचने पर पीर रतन नाथ की किया शोभायात्रा किया गया स्वागत

जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के तहसील मुख्यालय तुलसीपुर में चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि सोमवार को पर शक्तिपीठ देवीपाटन में पीर रत्ननाथ की पारंपरिक शोभायात्रा के नगर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार 23 मार्च को पड़ोसी देश नेपाल के दांग चौघड़ा से चलकर लमही होते हुए पहुंची इस यात्रा का स्वागत शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी ने पारंपरिक विधि-विधान से किया। यह शोभायात्रा सदियों से भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को मजबूती प्रदान करती आ रही है। इस वर्ष की शोभायात्रा में नेपाल से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें नेपाली वेशभूषा और वहां के पारंपरिक लोक नृत्य आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। सुबह से ही बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे पीर रत्ननाथ जी की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर प्रतीक्षारत दिखे। नगर के नकटी नाले के समीप स्थित कुटिया से प्रारंभ होकर यात्रा मिल चुंगी नाका, पुरानी बाजार चौक, हनुमानगढ़ी चौराहा, लाल चौराहा और हरैया चौराहा होते हुए मंदिर परिसर स्थित समय माता स्थान पर पहुंची। जहाँ पर मंदिर देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी के साथ कथावाचक संत सर्वेश महाराज, विधायक कैलाशनाथ शुक्ला, डॉ. डीपी सिंह, विजय सिंह, अरुणदेव आर्य, अरुण गुप्ता, मातेश्वरी प्रसाद त्रिपाठी, श्याम तिवारी और आलोक गुप्ता सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गुरु गोरक्षनाथ के शिष्य रत्ननाथ जी ने इसी शक्तिपीठ पर माँ दुर्गा की कठोर तपस्या की थी। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर माँ ने उन्हें दर्शन दिए, जिस पर रत्ननाथ जी ने वरदान मांगा कि देवीपाटन मठ में उनकी भी पूजा की जाए। माता के आशीर्वाद स्वरूप तभी से हर वर्ष पंचमी से नवमी तक नेपाल से आए पुजारियों द्वारा यहाँ विशेष पूजा की जाती है। इस अवधि में मंदिर के घंटे-घड़ियाल शांत रहते हैं और केवल वही वाद्य यंत्र बजाए जाते हैं जो रत्ननाथ जी के पुजारी अपने साथ लाते हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत, सीओ डॉ. जितेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अवधेश राज सिंह, चौकी प्रभारी अमर सिंह और मेला प्रभारी राम कुमार पांडे मुस्तैद रहे।



# डीएम ने माँ पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर व मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास ने माँ पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर तथा संपूर्ण मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने हरैया चौराहे से मंदिर परिसर तक पैदल भ्रमण करते हुए मार्ग में की गई व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किए गए इंतजामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चैत्र नवरात्रि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ रखने, मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में नियमित सफाई, कूड़ा उठान, पेयजल की समुचित उपलब्धता तथा शौचालयों की स्वच्छता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं, ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने मार्गों पर भीड़ प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा आवश्यक स्थानों पर कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र एवं मंदिर परिसर में पुलिस बल द्वारा भीड़ प्रबंधन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए।

# मुसाफिरखाना में डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ,जहां उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।डीएम ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिकायत लंबित न रखी जाए और प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।इस दौरान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी.ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों को सुनकर संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील मुसाफिरखाना में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं,जिनमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील अमेठी में 22 शिकायतों में से 1का निस्तारण हुआ,जबकि तिलोई में 5 तथा गौरीगंज में 12 शिकायतें प्राप्त हुईं।शेष मामलों के समाधान के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा गया।जिलाधिकारी ने सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनें और उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया,जिला विकास अधिकारी,तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अच्छों में भी बिगड़ने और बुरों में सुधार की संभावना , सदैव रहें सजग

**रायबरेली।** शहर के इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित जी.एस. उत्सव लॉन में आयोजित साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कालाकांकर के सिद्धेश्वर आश्रम से पधारे प्रख्यात कथावाचक बाल ब्रह्मचारी (डंडी स्वामी) आनंदाश्रम जी महाराज ने 卐 पिबत भागवतम् रसमालयम् 卐 की गूंज के बीच अपने ओजस्वी प्रवचनों उत्कंठ हृदय वाणी से श्रोताओं को आध्यात्मिक प्रस्तुति से भाव विभोर कर दिया। कथाव्यास बाल ब्रह्मचारी डंडी स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मात्र श्रवण या मनोरंजन का विषय नहीं, बल्कि समाज के सुधार और व्यक्तित्व के उत्थान का दिव्य विज्ञान है। उन्होंने कहा कि भागवत के प्रत्येक श्लोक का मर्म वही समझ सकता है, जो भगवान श्रीकृष्ण के तत्व को जानता है।स्वामी आनंदाश्रम जी महाराज नेकहा कि भक्ति, ज्ञान,तप और वैराग्य से ही सृष्टि संचालित है। उन्होंने ध्रुव-नारद संवाद, सुनीति-सुरुचि प्रसंग और ऋषभदेव के उपदेशों का उल्लेख करते हुए भक्ति, तप और सद्कर्मों का महत्व समझाया। स्वामी ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ भगवत कृपा का होना अनिवार्य है।

# शहीद दिवस पर एनएसएस ने किया नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 23 मार्च को राष्ट्रीय सेवा योजना एमएलके पीजी कॉलेज द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल तथा कल्पना चावला इकाई के पदाधिकारी डॉ अनामिका सिंह के संयोजकत्व मे अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव के बलिदान को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति रैलियां निकालकर जागरूक किया गया एवं उन्हे नशा न करने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। सरस्वती वंदना सरिता तथा पिंकी ने प्रस्तुत किया। स्वागत गीत मानसी तथा काजल ने प्रस्तुत किया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रमाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल ने प्रसिद्ध क्रांतिकारी लाला हरदयाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शहीद भगत सिंह के द्वारा जेल में लिखे गए निबंध के कुछ अंश को छात्र छात्राओं के समक्ष पढ़ा तथा कहा कि वे इससे प्रेरणा ग्रहण करे एवं आधुनिक भारत के इतिहास की मुख्य धाराओं से स्वयं को परिचित करें। डॉ शुक्ल ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में असहयोग आन्दोलन के स्थगन के बाद क्रांतिकारी विचारधाराओं के प्रचार एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर अपने विचार संक्षेप में दिए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे देश के स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन दो प्रकार का था। एक अहिंसक आंदोलन तथा दूसरा सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन। भारत की आजादी के लिए 1857-1947 के बीच जितने भी प्रयत्न हुए उनमें स्वतंत्रता का सपना संजोय क्रांतिकारियों और शहीदों में भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव का प्रमुख स्थान रहा है। आज इन्हीं शहीदों को नमन करने के लिए हम शहीद दिवस के रूप में मनाते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक माय भारत जिलेदार पाण्डेय ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के बाद आधुनिक नेताओं ने भारत के सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन को दबाते हुए उसे इतिहास में कम महत्व दिया गया परंतु हमे उनके बलिदान को कभी भूलना नहीं चाहिए। इस अवसर पर छात्र छात्राओं में मुख्य रूप से लालजी, काजल , अनिमेष, विजय, मानसी, स्नेहा, करिश्मा, सुनील रहे। इस अवसर पर डॉ अनामिका सिंह, डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ ए के दिक्षित, तथा शिवम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## पढ़ेगा इंडिया या 'सफाई करेगा इंडिया'? रायबरेली के स्कूल में मासूमों से झाड़ू लगवाने का वीडियो वायरल

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां एक ओर %पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया% का नारा बुलंद कर रही है. वहीं रायबरेली के एक सरकारी स्कूल ने इस मुहिम की धज्जियां उड़ा दी हैं. विकास खंड दीन शाह गौरा के प्राथमिक विद्यालय बिन्नवा का एक शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें मासूम बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़कर स्कूल परिसर में झाड़ू लगाते नजर आ रहे हैं.वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि स्कूल पहुंचते ही जिन बच्चों के हाथों में कलम और किताब होनी चाहिए थी शिक्षक ने उन्हें झाड़ू थमा दी है.मासूम बच्चे यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल की गंदगी साफ कर रहे हैं. इस नजारे ने बेसिक शिक्षा विभाग के दावों की पोल खोलकर रख दी है. ग्रामीणों का आरोप है कि यह यहाँ का रोज का काम है, शिक्षकों की लापरवाही के चलते बच्चों का भविष्य अंधकार में है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री का मनाया गया जन्मदिन

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज,अमेठी



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद अमेठी स्मृति ईरानी का जन्मदिन सोमवार को जनपद में श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके दीर्घायु,स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।कार्यक्रम की शुरुआत कार्यालय परिसर में केक काटकर की गई,जिसके पश्चात समीप स्थित बूढ़न माई मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित जनों ने माँ के चरणों में नमन कर दीदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में माँ कालिकन भवानी मंदिर में विधिवत हवन-पूजन का आयोजन किया गया।हवन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने आहुति देकर दीदी के जीवन में निरंतर सफलता,ऊर्जा एवं जनसेवा की भावना बनी रहने की कामना की।

जनपद के विभिन्न क्षेत्रों तपेश्वर धाम मुसाफिरखाना दादरा स्थित माँ हिंगलाज धाम एवं अहोरवा भवानी मंदिर में भी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष पूजन-अर्चन किया गया।सभी ने एक स्वर में माँ दुर्गा से प्रार्थना की कि दीदी सदैव स्वस्थ, प्रसन्न एवं जनसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहें।यह आयोजन न केवल एक जन्मदिवस का उत्सव था, बल्कि जनसेवा,समर्पण और श्रद्धा का अद्भुत संगम भी रहा,जिसमें पूरे जिले की सहभागिता देखने को मिली।

## सोशल मीडिया पोस्ट से प्रतिष्ठा पर प्रहार,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी

थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के सिंहपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खेखरूआ में सोशल मीडिया पर मानहानि का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ हीरा सिंह ने एक व्यक्ति पर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने के गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत में आरोप लगाया गया है,कि अखिलेश सिंह नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट साझा किए गए,जिनमें आवेदक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं।इन आरोपों को पूरी तरह झूठा, निराधार एवं तथ्यों से परे बताते हुए आवेदक ने कहा कि यह कृत्य उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से किया गया है।धीरेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि इन पोस्टों के कारण उन्हें समाज में अपमान का सामना करना पड़ा है,जिससे वे मानसिक रूप से भी आहत हुए हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के अनुसार यह शिकायत फिलहाल मुख्यमंत्री पोर्टल पर लंबित है।और संबंधित विभाग द्वारा इसकी जांच प्रक्रिया जारी है। स्थानीय स्तर पर भी इस प्रकरण को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।कानूनी जानकारों का मानना है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर सोशल मीडिया के माध्यम से किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाई जाती है, तो यह भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत मानहानि का मामला बनता है,जिसमें दंड का प्रावधान है।फिलहाल सभी की नजरें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

# तुलसीपुर विधायक ने प्रजापति समाज के लाभार्थियों को टूल किट वितरण




जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला ने सोमवार को माटी कला से जुड़े लाभार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक चाक के साथ टूल किट प्रदान किया । जानकारी के अनुसार 23 मार्च को उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड जनपद बलरामपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में माटी कला का कार्य करने वाले प्रजापति समाज के बहनों और भाइयों को उनके माटी कला कार्य की उन्नत एवं उत्कृष्ट बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक चाक सहित कई प्रकार के टूल किट का निःशुल्क वितरित किया । मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने मोदी एवं योगी सरकार द्वारा प्रजापति समाज के लिए किये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी । इस अवसर पर प्रजापति समाज के प्रदेश पदाधिकारी दया राम प्रजापति, जिला अध्यक्ष सीता राम प्रजापति, माटी कला के अधिकारी तथा लाभार्थी उपस्थित रहे।

# रक्त वीर आलोक अग्रवाल तथा वैभव त्रिपाठी को मिला प्रदेश सेवा रत्न सम्मान

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के दो रक्त वीरों आलोक अग्रवाल तथा वैभव त्रिपाठी को प्रदेश सेवा रत्न अवार्ड 2026 देकर सम्मानित किया गया है ।

जानकारी के अनुसार रक्तदान एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान एवं सेवा हेतु जनपद बलरामपुर के दो रक्त वीरों को संकल्प मानव सेवा संस्था (रजि॰), आगरा द्वारा अपने सप्तम स्थापना दिवस के अवसर पर आगरा के मां वैजयंती देवी रिसॉर्ट में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह कार्यक्रम में ÷प्रदेश सेवा रत्न सम्मान 2026÷ अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में विशाल रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु बनाई गई गठन समिति में भी आलोक अग्रवाल को संस्था फाउंडर व अध्यक्ष उमेंद्र राजपूत द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में निफा के प्रदेश कोऑर्डिनेटर जनपद में ब्लड मैन के नाम से प्रसिद्ध आलोक अग्रवाल एवं निफा के जिला अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी का चयन उनके द्वारा किए जा रहे रक्तदान एवं समाजसेवा कार्यों के लिए किया गया था। उनको यह सम्मान एक भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री महिला कल्याण व बाल पुष्टाहार विभाग एवं उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य द्वारा प्रदत्त किया गया। यह दोनों रक्त वीर लगातार बलरामपुर में रक्त सेवा एवं रक्तदान सहित विभिन्न समाजसेवा कार्यों में अनवरत कार्यशील हैं। ब्लड मैन आलोक अग्रवाल अब तक 38 बार स्वयं रक्तदान कर चुके हैं और वैभव त्रिपाठी भी 44 बार रक्तदान कर चुके हैं। विगत वर्ष जनपद बलरामपुर में सबसे अधिक रक्त संग्रह करके ब्लड बैंक द्वारा सम्मानित किए जा चुके आलोक अग्रवाल स्वयं रक्तदान करने के साथ ही अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए जिले में रक्त क्रांति लाने का संकल्प ले चुके हैं। इन दोनों रक्त वीरों को रक्तदान सहित अन्य सामाजिक योगदान हेतु विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है। आज जिले के यह सब दोनों रक्त वीर हजारों युवाओं के प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। साथ ही अतिशीघ्र विगत वर्ष 23 मार्च 2025 को निफा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए गए रक्तदान शिविर हेतु वर्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस, इंग्लैंड द्वारा भी इन दोनों को सम्मानित किया जाएगा। ब्लड मैन आलोक अग्रवाल को इसके पूर्व वर्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स, लंदन एवं निफा द्वारा वर्ड लाइफ़ सेवर अवॉर्ड से भी 2022 में सम्मानित किया जा चुका है।

## एनएसपीएस त्रिपुला में शहीदों के बलिदान को किया गया याद, दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों की अदम्य वीरता और बलिदान को याद करते हुए छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के प्रतिरूप में विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना किस तरह से देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, शहीदों का बलिदान हमें सदैव प्रेरणा देता है और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देता है, कि हम देश के प्रति अपने दायित्वों को समझें और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शहीद दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास को याद करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हमें शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए सत्य, साहस और देशभक्ति के मार्ग पर चलना चाहिए।

# एफडीडीआई फुरसतगंज का बढ़ता परचम: प्रवेश वृद्धि, शत-प्रतिशत प्लेसमेंट के साथ नए कोर्स का ऐलान

जन एक्सप्रेस। अमेठी




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित राष्ट्रीय महत्व के संस्थान एफडीडीआई फुरसतगंज अमेठी में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में आगामी प्रवेश प्रक्रिया,नए पाठ्यक्रमों एवं छात्र हित की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यकारीनिदेशक सुनील कुमार द्विवेदी ने संस्थान की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26एफडीडीआई के लिए ऐतिहासिक रहा।इस दौरान प्रवेश संख्या में 400 प्रतिशत से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में प्रारंभ किए गए एमबीए इन रिटेल मर्चेंडाइज कोर्स की सभी 30 सीटों पर शत-प्रतिशत नामांकन हुआ,जो छात्रों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में संस्थान और विस्तार की ओर अग्रसर है।इस वर्ष स्कूल ऑफ लेदर गुड्स एंड एक्सेसरीज डिजाइन की शुरुआत की जा रही है,जिसके अंतर्गत चार वर्षीय नया कोर्स लेदर लाइफ स्टाइल एंड प्रोडक्ट डिजाइन 30 सीटों के साथ शुरू होगा।साथ ही छात्रों की मांग को देखते हुए एमबीए कोर्स में 10 सीटों की वृद्धि की गई है।प्लेसमेंट के क्षेत्र में भी संस्थान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।सत्र 2024-25 में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया,जबकि वर्तमान सत्र 2025- 26 में अब तक लगभग 90 प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुका है।और इसके भी पूर्ण होने की उम्मीद है।यह उपलब्धि संस्थान के कौशल आधारित एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की उद्योग जगत में बढ़ती मांग को दर्शाती है।संस्थान की नवाचार क्षमता का उल्लेख करते हुए द्विवेदी ने बताया कि फुटवियर विभाग द्वारा तैयार किया गया अनूठा कार्विंग शू कानपुर एवं इंटरनेशनल चेन्नई लेदर फेयर में आकर्षण का केंद्र रहा।अब इसके व्यावसायीकरण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं,जो एफडीडीआई में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने का उदाहरण है।उन्होंने बताया कि अब विभिन्न संस्थाएं एवं विभाग फुटवियर,फैशन और रिटेल क्षेत्र में प्रशिक्षण हेतु एफडीडीआई का रुख कर रहे हैं।हाल ही में डीजीआर,केवीआईसी और एमएसएमई ने भी प्रशिक्षण योजनाओं को लेकर संस्थान से संपर्क किया है।इस सत्र में बास्केट ऑफ कोर्सेस÷ की नई व्यवस्था लागू की जा रही है,जिससे छात्र अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार विभिन्न स्पेशलाइजेशन का चयन कर सकेंगे।एवं अपने करियर को नई दिशा दे सकेंगे।अंत में उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि जो छात्र इंटरमीडिएट या स्नातक अंतिम वर्ष में हैं,और रोजगारपरक शिक्षा की तलाश में हैं,वे एफडीडीआई के पाठ्यक्रमों में प्रवेश अवश्य लें।प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।और अंतिम तिथि तीस अप्रैल निर्धारित है।

# हेल्दी स्किन चाहते हैं खाने की इन चीजों से करें परहेज

कौन नहीं चाहता है कि उसका स्किन हेल्दी और चमकदार हो? हां, हम सभी स्किन को स्वस्थ्य रखना चाहते हैं लेकिन इसके लिए हमें उचित भोजन करने की आवश्यकता है। हमारा स्किन हमारे शरीर का सबसे सेंसेटिव पार्ट है। अगर हम कुछ वैसा खाते है जो हमारे शरीर के लिए फिट नहीं है तो इसका असर तुरंत हमारे स्किन पर दिखाई देने लगता है। हेल्दी स्किन के लिए गुड डाइट और उचित भोजन की आदत बहुत महत्वपूर्ण है। पुअर डाइट से ड्राय स्किन और मुंहासा हो सकता है। नीचे कुछ फूड आइटम्स दिये गये हैं जो स्किन के लिए हानिकारक है-



## कैंडी

अगर आप अपने स्किन को हेल्दी रखना चाहते हैं तो ज्यादा कैंडी नहीं खाएं। क्योंकि इसमें सुगर ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। सुगर ज्यादा खाने से हमारा स्किन डल और झुर्रीदार हो सकता है।

## साल्ट

अगर आप हेल्दी स्किन चाहते हैं तो ज्यादा नमक और नमकीन फूट आइटम खाना बंद करें। क्योंकि यह हानिकारक है। इससे शरीर में तरल पदार्थ की मात्रा बढ़ जाती है और बॉडी में स्वेलिंग होने का खतरा रहता है और सूजा हुआ दिखने लगता है। यह स्किन की बनावट को खराब कर देता है।



## कैफीन

अगर आप हेल्दी स्किन चाहते हैं को कॉफी, चाय और कोला इत्यादि का सेवन कम करें क्योंकि इसमें कैफीन पाया जाता है। कैफीन शरीर में कॉर्टिसॉल का प्रोडक्शन करता है और इस प्रकार यह स्किन को पतला करके उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को बढ़ता है।



साथ ही कैफीन स्किन में पाये जाने वाले पानी को कम कर देता है जिससे झुर्री होने की संभानवा बढ़ जाती है।



## प्रोसेस्ड फूड



प्रोसेस्ड फूड को नजरंदाज करना चाहिए क्योंकि इसमें अध्यधिक मात्रा में नमक और सोडियम पाया जाता है जो हमारे स्किन के लिए अच्छा नहीं है। प्रोसेस्ड फूड में पानी कम मात्रा में पाया जाता है।

## दूध



हम सभी जानते है कि दूध हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। लेकिन यह हमारे स्किन के लिए लाभदायक नहीं होता है। अत्यधिक दूध पीने से मुंहासा हो सकता है। क्योंकि दूध में ग्रोथ हार्मोंस और इन्फ्लैमेटरी पदार्थ पाया जाता है। जो स्किन के छिद्र को बंद कर देता है।



## शेल्फिश

भोजन में झींगा, केकड़ा, झींगा मछली का ज्यादा सेवन ना करें क्योंकि इनमें अधिक मात्रा में आयोडीन पाया जाता है। भोजन में इनके ज्यादा इस्तेमाल से मुंहासा हो सकता है।





## मुहांसों से मुक्ति दिलाए ये 5 घरेलू उपाय

**अगर आप मुहांसों की समस्या से परेशान हैं तो घरेलू उपाय इसके लिए बेहद कारगर होते हैं। पेश है पांच घरेलू उपाय जिन्हें अपनाकर आप मुहांसों से छुटकारा पा सकते हैं।**

**चंदन :** चंदन मुहांसों के लिए रामबाण की तरह काम करता है। चंदन मुहांसो को शीतलता प्रदान करता है जिससे जल्द ठीक होने में मदद मिलती है। इसलिए मुहांसों को ठीक करने के लिए चंदन का उपाय बेहतरीन उपायों में से एक है।

**संतरे का छिलका :** संतरे का छिलका मुहासों को ठीक करने के लिए बेहतर माना जाता है। इसमें विटामिन सी होता है जिससे त्वचा के कई रोग मुहांसों आदि को ठीक करने में मदद मिलती है। इससे मुहासों से मुक्ति के अलावा त्वचा की चमक भी बनी रहती है।

**मुल्तानी मिट्टी :** मुल्तानी मिट्टी का उपयोग कर भी आप मुहासों से छुटकारा पा सकते है। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से मुहांसे जल्द ठीक होते है। इससे त्वचा के रोमछिद्र भी खुल जाते है।

**नींबू :** अगर आप मुहांसों की समस्या से परेशान हैं तो इससे छुटकारा पाने के लिए नींबू बेहद कारगर है। नींबू के रस में विटामिन सी होता है जिससे मुहांसों से जल्द मुक्ति मिलती है।

**एलोवेरा :** एलोवेरा त्वचा के लिए बेहतर माना जाता है और इससे भी मुहांसों को ठीक करने में मदद मिलती है।

# रिफाइंड से बेहतर है पारंपरिक भारतीय खाद्य तेल, जानिये क्यों



विशेषज्ञों ने कहा है कि घी, नारियल तेल और सरसों तेल जैसे खाना पकाने के पारंपरिक भारतीय तेल आधुनिक समय के 'रिफाइंड' या जैतून के तेल से ज्यादा स्वास्थ्यवर्धक हैं। गंगा राम अस्पताल के हृदय रोग विभाग के डॉ एससी मनचंदा ने बताया, 'खाना पकाने का तेल भारतीय आहार का एक अभिन्न हिस्सा है।'

लोगों को आमतौर पर बाजार में उपलब्ध कई तरह के खाद्य तेलों से स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि खाना पकाने की भारतीय विधियों (जिनमें तलना शामिल है) में घी, नारियल तेल और सरसों तेल जैसे हमारे परंपरागत तेल स्वास्थ्य लाभों के मामले में 'रिफाइंड' और अन्य तेलों से बेहतर हैं।

यह अवलोकन इंडियन हर्ट जर्नल में एक संपादकीय में किया गया है। जन स्वास्थ्य पोषण कंसलटेंट संतोष जैन पास्सी ने बताया कि रिफाइंड तेलों से दूर रहने की सलाह दी जाती है क्योंकि रिफाइनिंग की प्रक्रिया में तेल को अत्यधिक तापमान पर गर्म किया जाता है जिससे उनका क्षरण होता है और जहरीले पदार्थ पैदा होते हैं।

उन्होंने बताया, 'रिफाइंड तेल तेजी से खराब हो जाते हैं और इसलिए उन्हें तलने से बचना चाहिए। इसके उलट संतृप्त वसाओं (जैसे घी, नारियल तेल) को भारतीय व्यंजन पकाने में इस्तेमाल किया जा सकता है क्योंकि वे तलने के दौरान तुलनात्मक रूप से स्थिर रहते हैं।'



# अपने दिमाग को मजबूत बनाने के लिए खाएं ये सुपरफूड्स!

**हरी फूलगोभी-** मस्तिष्क के फंक्शन के लिए ब्राकली काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें कोलीन की ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। कोलीन मस्तिष्क में नए सेल्स बनाता है।

**बादाम -** हर किसी को रोजाना मुट्ठी भर बादाम, मूंगफली, अखरोट और काजू खाना चाहिए। इनमें विटामिन ई पाया जाता है जो मस्तिष्क के फंक्शन को बेहतर बनाता है।

**अंडे-** हम सभी को पाता है अंडा सेहत के लिए फायदेमंद होता है लेकिन यह मस्तिष्क के लिए भी काफी उपयोगी है। अंडे में कोलीन भी पाया जाता है जो शॉर्ट टर्म मेमोरी फंक्शन में काफी जरूरी है।

**मछली-** मस्तिष्क के विकास के लिए मछली का सेवन महत्वपूर्ण माना जाता है। मछली के वसा में ओमेगा 2 एसिड मिलता है जो मस्तिष्क के विकास और उसके फंक्शन में काफी मददगार साबित होता है।



# अगर आप माइग्रेन से हैं परेशान तो 'विटामिन' को ना करें नज़रअंदाज़!



**माइग्रेन एक ऐसी समस्या है जिससे जूझने वाला ही इसकी तकलीफ को बता सकता है, अगर आपमें माइग्रेन के लक्षण दिखे, तो विटामिन की जांच करा लें, क्योंकि नए शोध के मुताबिक कुछ विटामिन की कमी से भी बच्चों, किशोरों व वयस्कों में माइग्रेन रोग हो सकता है। शोधकर्ताओं के निष्कर्ष में इस बात का खुलासा हुआ है कि माइग्रेन से पीड़ित अधिकांश किशोरों व वयस्कों में विटामिन डी, राइबोफ्लेबिन तथा कोइंजाम क्यू10 की कमी पाई गई। लड़कों की तुलना में लड़कियों में कोइंजाइम क्यू10 की कमी की संभावना होती हैं, जबकि पुरुषों में विटामिन डी की कमी की संभावना अधिक होती है।**

अमेरिका स्थित सिनसिनाती चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल मेडिकल सेंटर में मुख्य शोधकर्ता सुजेन हगलर ने कहा, 'इस बात पर अभी और अध्ययन करने की जरूरत है कि माइग्रेन की अवस्था में विटामिन के सेवन से आराम पहुंचता है या नहीं।'

इससे पहले के अध्ययन में यह साबित हो चुका है कि शरीर में कुछ विटामिनों की कमी से माइग्रेन रोग हो सकता है। निष्कर्ष अमेरिका के सैन डिएगो में हाल में अमेरिकन हेडेक सोसायटी के वैज्ञानिकों की सालाना 58वीं बैठक के दौरान प्रस्तुत किया गया।

**बहुत तकलीफदेह होता है माइग्रेन**

इसका शिकार होने पर सिर के आधे हिस्से में दर्द रहता है। जबकि आधा दर्द से मुक्त होता है। जिस हिस्से में दर्द होता है, उसकी भयावह चुभन भरी पीड़ा से आदमी ऐसा त्रस्त होता है कि सिर क्या बाकी शरीर का होना भी भूल जाता है।

माइग्रेन मूल रूप से तो न्यूरोलॉजिकल समस्या है। इसमें रह-रह कर सिर में एक तरफ बहुत ही चुभन भरा दर्द होता है। ये कुछ घंटों से लेकर तीन दिन तक बना रहता है। इसमें सिरदर्द के साथ-साथ गैस्टिक, जी मिचलाने, उल्टी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। पर्याप्त नींद न लेना, भूखे पेट रहना और पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना जैसे कुछ छोटे-छोटे कारणों से भी आपको माइग्रेन की शिकायत हो सकती है।

**घर पर बनाइये ड्रिंक और दर्द दूर भगाइये**

सामान्य तौर पर पोषक तत्वों की कमी, तनाव, एलर्जी और अल्कोहल का सेवन माइग्रेन पैदा करने में सहायक होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन और डिहाइड्रेशन भी माइग्रेन के लिए सामान्य आधारभूत घटक हैं। सही मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन न करना माइग्रेन का कारण बन सकता है।

लेकिन आप परेशान न हों, माइग्रेन से जल्द राहत पाने के लिए यह ड्रिंक आपकी मदद करेगा और आप इसे घर पर आसानी से तैयार कर सकते हैं। जानिए ड्रिंक बनाने के लिए जरूरी सामग्री –

1. नींबू का रस
2. दो छोटे चम्मच समुद्री नमक
3. एक कप ठंडा पानी

यदि आपको सामान्य कारणों से माइग्रेन की समस्या हो रही है, तो आप पानी में नींबू का रस और समुद्री नमक मिलाकर पिएं। इससे आप दर्द से राहत महसूस कर सकते हैं। लेकिन अगर आपका दर्द कम नहीं हो रहा है, तो एक बाद डॉक्टर को जरूर दिखाएं, क्योंकि यह इलेक्ट्रोलाइट के असंतुलन के कारण भी हो सकता है।



## धूप की कमी बढ़ा सकती है आपका माइग्रेन

यदि आप बार-बार हो रहे माइग्रेन के दर्द से परेशान हैं तो हो सकता है आपके इस दर्द की वजह आपकी धूप से दूरी हो। एक अध्ययन में सामने आया है कि माइग्रेन से जूझ रहे अधिकांश लोगों में विटामिन डी और विटामिन बी2 की कमी पाई गई है। सिनसिनाटी चिल्ड्रन हॉस्पिटल मेडिकल सेंटर के रिसर्चर्स का कहना है कि हो सकता है कि इन विटामिनों की कमी ही माइग्रेन का दर्द बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हो, लेकिन इसे प्रमाणित करने के लिए हमें और भी अध्ययन करने होंगे। जब हमारे शरीर की त्वचा सूरज की रोशनी के संपर्क में आती है तो विटामिन डी हमारे शरीर में ही बनता है। इस अध्ययन में माइग्रेन से जूझ रहे मरीजों के ब्लड टेस्ट के रिकॉर्ड की जांच कर विटामिन डी, रिबोफलेविन, सीओक्यू10 और फॉलाटे की जांच की गई। इनमें से ऐसे कई मरीज थे जिन्हें माइग्रेन रोकने के लिए प्रिवेंटिव मेडिसिन दी जा रही थी साथ ही उन्हें विटामिन के सप्लिमेंट्स भी दिए जा रहे थे। इस रिसर्च के बारे में प्रमुख रिसचर्र और हेडऐक मेडिसिन के फेलॉ डॉ सुजाने हागलेर का कहना है कि क्योंकि कुछ लोगों को माइग्रेन के साथ ही विटामिन भी दिया गया इसलिए यह तय नहीं किया जा सकता कि विटामिन की कमी माइग्रेन के दर्दमें बढ़ोतरी करती है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि लड़कों और पुरुषों में विटामिन डी की कमी ज्यादा पारई गई है। यह अध्ययन अमेरिकन हेडएक सोसायटी की 58वीं वार्षिक बैठक में प्रस्तुत किया गया है।

# डिमेंशिया के खतरे को कम करता है नियमित कसरत

नियमित रूप से कसरत करने के कई फायदे होते हैं। इससे शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखने में मदद तो मिलती ही है। एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी यह योगदान करता है। नियमित रूप से कसरत करने से न केवल हमारा मस्तिष्क सक्रिय रहता है बल्कि डिमेंशिया जैसी भूलने वाली बीमारी का खतरा भी कम हो जाता है।

चूहे पर किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया कि कसरत शरीर में एक महत्वपूर्ण प्रोटीन की उत्पादकता बढ़ा सकता है। यह प्रोटीन मस्तिष्क को सक्रिय करने के साथ ही (न्यूरो) तंत्रिका से जुड़ी बीमारियों के खतरे को कम करता है।

अध्ययन में पाया गया कि चूहे के नियमित कसरत के दौरान कुछ रसायन स्वतः मस्तिष्क में जमा हुए और मस्तिष्क के लिए बीडीएनएफ (मिरेकल-ग्रो) का उत्पादन करने लगे। बीडीएनएफ याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कोशिकाओं की वृद्धि में सहायक होता है। न्यूयार्क यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मोसेस चाओ के मुताबिक, 'हमारा मानना है कि स्तनधारियों में कसरत से बढ़ने वाले बीडीएनएफ के पीछे होने वाली जैविक प्रकिया को हमारा यह अध्ययन दर्शाता है।'



▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# ड्रैगन ने चल दी है नई चाल, अब पानी से करेगा वार, भारत आखिर कैसे देगा जवाब?

**भारत पूर्वोत्तर में 208 बांध बनाने की योजना पर काम कर रहा है जिसकी कुल क्षमता 75 गीगावाट से ज्यादा होगी। इसमें सबसे बड़ा प्रोजेक्ट अपर सियांग है जिसकी ऊंचाई लगभग तीन सौ मीटर और क्षमता ग्यारह गीगावाट होगी। इसका मकसद केवल बिजली बनाना नहीं बल्कि चीन के जल नियंत्रण के खतरे को संतुलित करना है। भारत की योजना है कि वर्ष 2047 तक ब्रह्मपुत्र बेसिन से छिहत्तर गीगावाट से अधिक बिजली पैदा की जाए। यानी यह साफ है कि यह अब ऊर्जा की दौड़ नहीं बल्कि रणनीतिक टकराव बन चुका है।**

*चीन ने तिब्बत के यारलुंग सांगपो नदी पर जिस विशाल जलविद्युत परियोजना की शुरुआत की है, उसने एशिया की भू-राजनीति में हलचल नहीं बल्कि भूकंप ला दिया है। यह कोई साधारण बांध नहीं, बल्कि पानी के जरिये ताकत हासिल करने की खुली रणनीति है। और सबसे खतरनाक बात यह है कि इसकी मार सीधे भारत और बांग्लादेश जैसे निचले देशों पर पड़ने वाली है। इस साल की शुरुआत में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने नववर्ष संबोधन में जब इस परियोजना का ऐलान किया तो दुनिया को साफ संदेश मिला कि चीन अब न तो पर्यावरण की चिंता करेगा और न ही पड़ोसी देशों की। करीब 167 अरब डॉलर की लागत से बन रही यह परियोजना दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत योजना बताई जा रही है जिसकी क्षमता 67 से 80 गीगावाट तक आंकी जा रही है। तुलना करें तो यह थ्री गॉर्जेस बांध से भी लगभग तीन गुना बड़ी हो सकती है। यह वही नदी है जो भारत में सियांग और फिर ब्रह्मपुत्र बनती है और आगे बांग्लादेश में जमुना के रूप में बहती है। अकेले ब्रह्मपुत्र घाटी में भारत के करीब तेरह करोड़ लोगों की आजीविका इस नदी पर निर्भर है जबकि बांग्लादेश में यह संख्या करोड़ों में है। यानी यह परियोजना सीधे करोड़ों जिंदगियों पर असर डालने वाली है। चीन इस परियोजना को हरित ऊर्जा का नाम दे रहा है, लेकिन असल खेल कहीं ज्यादा गहरा है। नदी के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण का मतलब है नीचे बहने वाले पानी पर नियंत्रण। और यही वह बिंदु है जहां यह परियोजना एक रणनीतिक हथियार बन जाती है। विशेषज्ञों का साफ कहना है कि यदि चीन चाहे तो सूखे के समय पानी रोक सकता है और तनाव के समय अचानक छोड़ सकता है। इससे बाढ़ जैसी तबाही पैदा हो सकती है। यही वजह है कि भारत के पूर्वोत्तर में इसे वाटर बम कहा जा रहा है। लोवी संस्थान की एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि तिब्बत के पठार पर चीन का बढ़ता जल नियंत्रण भारत की अर्थव्यवस्था पर गला घोंटने वाला दबाव बना सकता है। यह केवल जल संकट नहीं बल्कि खाद्य संकट और ऊर्जा संकट को भी जन्म दे सकता है। जिस इलाके में यह परियोजना बन रही है वह भूगर्भीय दृष्टि से बेहद अस्थिर है। यह क्षेत्र दुनिया की सबसे गहरी घाटियों में गिना जाता है और यहां भूकंप तथा भूस्खलन आम बात है। ऐसे में इतनी बड़ी संरचना बनाना सीधे आपदा को निमंत्रण देना है। यदि किसी भी कारण से बांध को नुकसान पहुंचता है तो उसका असर हजारों किलोमीटर दूर तक जा सकता है। ब्रह्मपुत्र की तेज धारा और विशाल जल प्रवाह इसे और भी खतरनाक बना देते हैं। इसके अलावा नदी के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव से पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ेगा। अनुमान है कि ब्रह्मपुत्र हर साल लगभग सात सौ मिलियन टन गाद लेकर आती है जो असम और बांग्लादेश की जमीन को उपजाऊ बनाती है। यदि यह प्रवाह बाधित हुआ तो खेती पर सीधा असर पड़ेगा। इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा चिंता पारदर्शिता को लेकर है। न तो पर्यावरणीय रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है और न ही स्थानीय लोगों से कोई राय ली गई है। तिब्बती समुदाय और पर्यावरण कार्यकर्ताओं की आवाज को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने इसे चीन का दोहरा रवैया बताया है।*

## एक्सप्रेस आलेख

स्वामी राम 'साइंस ऑफ मंत्राज' में लिखते हैं कि मंत्र मन को पुनर्गठित करने और चेतना के गहरे स्तरों तक पहुंचने का साधन हैं (पृ.71)। डॉ. हर्बर्ट बेंसन का भी यही मानना रहा है, उनके द्वारा कृति 'द रिलैक्सेशन रिस्पॉन्स' में भी यह सिद्ध किया गया है कि नियमित जप मानसिक तनाव को कम करता है (पृ.48)। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 'दुर्गा सप्तशती' के मंत्र धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न होकर एक गहन आध्यात्मिक विज्ञान का हिस्सा हैं। इनमें ध्वनि ऊर्जा मनोवैज्ञानिक संकेत और तांत्रिक सिद्धांतों का अद्भुत समन्वय है। यह ग्रंथ साधक को बाहरी पूजा से आगे बढ़ाकर आंतरिक शक्ति के जागरण की ओर ले जाता है।


# दुर्गा सप्तशती के मंत्रों का गूढ़ रहस्य



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

जब इन मंत्रों का जप श्रद्धा के साथ शुद्धता का ध्यान रखते हुए और खासकर सही समझ के साथ किया जाता है तब वे शब्द नहीं रहते बल्कि चेतना के द्वार खोलने वाली कुंजी बन जाते हैं। अतः यही कहना होगा कि 'दुर्गा सप्तशती' को एक आध्यात्मिक प्रयोगशाला के रूप में देखा जाना चाहिए, जहां साधक अपने भीतर स्थित दिव्यता का साक्षात्कार करता है।

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में 'दुर्गा सप्तशती' जिसे देवीमहात्म्य या चण्डीपाठ के नाम से जाना जाता है, वस्तुतः एक चेतना विज्ञान का अत्यंत गहन और बहुआयामी ग्रंथ है। 'मार्कण्डेय पुराण' के अंतर्गत समाहित यह ग्रंथ सात सौ श्लोकों में आदिशक्ति की महिमा का वर्णन करता है। विद्वानों, तांत्रिक आचार्यों तथा आधुनिक दार्शनिकों ने इसके मंत्रों की सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक प्रक्रिया के रूप में व्याख्या की है। वास्तव में प्रत्येक हिन्दू को एवं जो भी अपना सर्वकल्याण चाहते हैं, उन्हें अपने जीवन में जब भी संभव हो, दुर्गा सप्तशती का पाठ अवश्य करना चाहिए और उसमें व्याप्त रहस्य को समझने का प्रयास करना चाहिए। दरअसल दुर्गा सप्तशती का मूल आधार नवाक्षरी मंत्र 'ओम ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' है, जिसे संपूर्ण साधना का केंद्र माना गया है। आर्थर एवलॉन अपनी प्रसिद्ध कृति 'द सर्पेंट पावर' में लिखते हैं कि बीज मंत्र ध्वनि तक सीमित न होकर ब्रह्मांडीय ऊर्जा के संकेंद्रित रूप होते हैं जो साधक की चेतना को परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं (पृ.112)। इसी संदर्भ में स्वामी शिवानंद 'दुर्गा सप्तशती अ कमेंट्री' में उल्लेख करते हैं कि यह नवर्ण मंत्र साधक की सुप्त कुण्डलिनी शक्ति को जागृत करता है और उसे सार्वभौमिक चेतना से जोड़ता है (पृ.45)। पंडित गोपीनाथ कविराज अपनी पुस्तक 'तांत्रिक साधना एंड शक्ति वर्शिप' में लिखते हैं कि बीजाक्षरों की शक्ति साधक के सूक्ष्म शरीर में कंपन उत्पन्न कर आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है (पृ.78)। दुर्गा सप्तशती के पाठ से पूर्व देवी कवच, अर्गला स्तोत्र और कीलक स्तोत्र का पाठ किया जाता है जो साधना के तीन महत्वपूर्ण आयाम हैं। गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित 'श्री दुर्गा सप्तशती व्याख्या सहित' में उल्लेख है कि कवच साधक के शरीर और मन को दैवीय शक्ति से सुरक्षित करता है (पृ.28)। पंडित रामतेज शास्त्री 'दुर्गा सप्तशती रहस्य' में लिखते हैं कि कवच के माध्यम से साधक अपने प्रत्येक अंग को दैवी चेतना से आवेष्टित करता है जिससे भय और असुरक्षा का नाश होता है (पृ.63)। स्वामी चिन्मयानंद 'द होली गीता' में भी इस सिद्धांत को विस्तार देते हुए कहते हैं कि जब मन में सुरक्षा और श्रद्धा का भाव उत्पन्न होता है तभी साधना सफल होती है (पृ.214)। अर्गला स्तोत्र का मंत्र 'रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि' गहन मनोवैज्ञानिक अर्थ रखता है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य 'दुर्गा सप्तशती साधना विज्ञान' में लिखते हैं कि यहां 'रूप' का अर्थ आंतरिक सौंदर्य 'जय' का अर्थ आत्मविजय और 'द्विषो जहि' का अर्थ आंतरिक शत्रुओं का नाश है (पृ.102)। डॉ. केसी पांडेय अपनी पुस्तक 'फिलॉसफी ऑफ तंत्र' में दुर्गा सप्तशती को एक अलग अर्थ में प्रस्तुत करते हैं, उनके अनुसार तांत्रिक साधना में मार्कण्डेय पुराण के इस भाग का विशेष महत्व है, वे कहते हैं कि तांत्रिक साधना




'दुर्गा सप्तशती साधना विज्ञान' में लिखते हैं कि यहां 'रूप' का अर्थ आंतरिक सौंदर्य 'जय' का अर्थ आत्मविजय और 'द्विषो जहि' का अर्थ आंतरिक शत्रुओं का नाश है (पृ.102)। डॉ. केसी पांडेय अपनी पुस्तक 'फिलॉसफी ऑफ तंत्र' में दुर्गा सप्तशती को एक अलग अर्थ में प्रस्तुत करते हैं।

का वास्तविक उद्देश्य बाह्य उपलब्धियां नहीं बल्कि आंतरिक शुद्धि है (पृ. 156)। कीलक स्तोत्र के रहस्य को स्पष्ट करते हुए स्वामी सत्यानंद सरस्वती 'चंडी पाठ द सीक्रेट ऑफ दुर्गा सप्तशती' में लिखते हैं कि कीलक साधक के भीतर मौजूद मानसिक अवरोधों का प्रतीक है जो मंत्र की शक्ति को प्रकट होने से रोकते हैं (पृ. 87)। इसी प्रकार स्वामी मुक्तानंद 'कुण्डलिनी द सीक्रेट ऑफ लाइफ' में इस तथ्य की ओर प्रकाश डालते हैं कि संदेह और अशुद्धता आध्यात्मिक प्रगति के सबसे बड़े अवरोध होते हैं (पृ. 134)। इसलिए मां की भक्ति के लिए पूर्ण समर्पण से जाना चाहिए। दुर्गा सप्तशती के तीन चरित्र महाकाली महालक्ष्मी और महासरस्वती मानव मन के तीन गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिसके बारे में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने गहराई से लिखा है, वे अपनी पुस्तक 'इंडियन फिलॉसफी' खंड दो में लिखते हैं कि देवीमहात्म्य वास्तव में अज्ञान क्रियाशीलता और ज्ञान के मध्य आंतरिक संघर्ष का प्रतीक है (पृ. 54)। स्वामी अभेदानंद 'डॉक्ट्रिन ऑफ कर्मा' में भी इसी विचार को पुष्ट करते हुए कहते हैं कि मनुष्य का जीवन इन तीन गुणों के संतुलन पर आधारित है (पृ. 89)। वस्तुतः यहां ध्यान देने योग्य यह भी है कि दुर्गा सप्तशती में आया मंत्र 'या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' अद्वैत दर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। स्वामी विवेकानंद 'कम्प्लीट वर्क्स' में कहते हैं कि प्रत्येक जीव में वही दिव्य शक्ति विद्यमान है और उसी की अनुभूति सर्वोच्च आध्यात्मिक उपलब्धि है (पृ. 312)। इसके साथ ही श्री अरविंद 'द लाइफ डिवाइन' में लिखते हैं कि समस्त सृष्टि एक ही चेतना की अभिव्यक्ति है (पृ. 67)। अब हम इसके दूसरे पक्ष की ओर भी देखते हैं, जो अंधकारमय एवं ऊर्जा के स्तर पर नकारात्मक है, वस्तुतः 'दुर्गा सप्तशती' में वर्णित राक्षसों का भी गहन मनोवैज्ञानिक अर्थ है। स्वामी तेजोमयानंद 'देवी महात्म्यम द इनर मीनिंग' में लिखते हैं कि 'महिषासुर' अहंकार का प्रतीक है 'रक्तबीज' अनियंत्रित इच्छाओं का और 'शुंभ-निशुंभ' मानसिक द्वंद्व का प्रतिनिधित्व करते हैं (पृ.76)। वहीं, इस संदर्भ में लेखक कार्ल युंग के विचार भी यहां देखने योग्य है, वे अपनी कृति 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोल' में लिखते हैं कि मानव मन के भीतर के दानव वास्तव में उसकी अवचेतन प्रवृत्तियां हैं जिन्हें समझना और नियंत्रित करना आवश्यक है (पृ. 142)। इसके अलावा यह भी एक तथ्य है कि तांत्रिक दृष्टिकोण से दुर्गा सप्तशती एक संपूर्ण साधना ग्रंथ है। 'रुद्रयामल तंत्र' में उल्लेख है कि नवाक्षरी मंत्र सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाला है (पृ.214)। स्वामी लक्ष्मण जू 'तांत्रिक विजडम ऑफ देवी महात्म्य' में लिखते हैं कि यह ग्रंथ कुण्डलिनी जागरण की प्रक्रिया को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत करता है (पृ.133)। ऐसे ही सर जॉन वुडरॉफ 'शक्ति एंड शाक्त' में भी यह स्पष्ट करते हैं कि शक्ति उपासना वास्तव में आत्मचेतना के जागरण का मार्ग है (पृ.98)। इतना ही नहीं, हम देखते है कि आधुनिक विज्ञान भी मंत्रों की शक्ति को स्वीकार करता है। डॉ. हंस कुमारी 'मंत्र साइंस एंड मेडिटेशन' में इस बात को कुछ इस प्रकार कहती हैं कि मंत्रों के उच्चारण से उत्पन्न ध्वनि तरंगें मस्तिष्क की तरंगों को प्रभावित करती हैं (पृ.59)। स्वामी राम 'साइंस ऑफ मंत्राज' में लिखते हैं कि मंत्र मन को पुनर्गठित करने और चेतना के गहरे स्तरों तक पहुंचने का साधन हैं (पृ.71)। डॉ. हर्बर्ट बेंसन का भी यही मानना रहा है, उनके द्वारा कृति 'द रिलैक्सेशन रिस्पॉन्स' में भी यह सिद्ध किया गया है कि नियमित जप मानसिक तनाव को कम करता है (पृ.48)। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 'दुर्गा सप्तशती' के मंत्र धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न होकर एक गहन आध्यात्मिक विज्ञान का हिस्सा हैं। इनमें ध्वनि ऊर्जा मनोवैज्ञानिक संकेत और तांत्रिक सिद्धांतों का अद्भुत समन्वय है। यह ग्रंथ साधक को बाहरी पूजा से आगे बढ़ाकर आंतरिक शक्ति के जागरण की ओर ले जाता है। जब इन मंत्रों का जप श्रद्धा के साथ शुद्धता का ध्यान रखते हुए और खासकर सही समझ के साथ किया जाता है तब वे शब्द नहीं रहते बल्कि चेतना के द्वार खोलने वाली कुंजी बन जाते हैं। अतः यही कहना होगा कि 'दुर्गा सप्तशती' को एक आध्यात्मिक प्रयोगशाला के रूप में देखा जाना चाहिए, जहां साधक अपने भीतर स्थित दिव्यता का साक्षात्कार करता है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 04:08 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 07:04 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | प्रीति, 09:07 |
| सूर्योदयः | 06:19 |
| सूर्यास्तः | 18:22 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 03:34-05:04 |
| विक्रमी संवत्ः | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | 12:09-12:57 |

## जन एक्सप्रेस

### पाकिस्तान बिकाऊ है !

*गैस तेल की संकट ।*
*मचा हहाकार ।।*
*पाकिस्तान में गैस सिलेंडर ।*
*हुआ दस हजार ।।*
*मिडिल ईस्ट के युद्ध ने ।*
*किया बेड़ा गर्क ।।*
*है बिकाऊ पाकिस्तान ।*
*बनी जिंदगी नर्क ।।*
*ना रुपया ना पैसा ।*
*हुए फटेहाल ।।*
*डूबा पाक कर्ज में ।?*
*हाल हुआ बेहाल ।?।*
*नहीं संभाल पाया ।*
*पाक को मुनीर ।।*
*कर दिया बर्बाद ।*
*कटोरा में तकदीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# क्या हाई कोलेस्ट्रॉल में जौ का दलिया खा सकते हैं?



**आज** के समय में अनहेल्दी खानपान और फिजिकल एक्टिविटीज न करने जैसी बुरी आदतों के कारण ज्यादातर लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से परेशान रहते हैं। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने पर लोगों को थकान होने, कमजोरी होने, सीने में दर्द होने, बेचैनी होने, आंखों के पास पीले धब्बे दिखने और इसके कारण हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में अक्सर लोगों को बैलेंस डाइट और हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने की सलाह दी जाती है, लेकिन क्या हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज जौ का दलिया खा सकते हैं? डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने के लिए जौ का दलिया फायदेमंद होता है। ऐसे में हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीज इसका सेवन कर सकते हैं। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन आगे कहती हैं कि, 'कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए सॉल्युबल फाइबर से भरपूर नाश्ता करना फायदेमंद होता है। ऐसे में जौ के दलियए में भरपूर मात्रा में सॉल्युबल दलिया होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड फ्लो में बैड कोलेस्ट्रॉल के अवशोषण को कम करके शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है।' नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार, जौ में मौजूद घुलनशील फाइबर (बीटा-ग्लूकन) का सेवन करने से खून में कोलेस्ट्रॉल कम करने में फायदेमंद होता है। इसके सेवन से शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (बैड कोलेस्ट्रॉल) और ट्राइग्लिसराइड्स में काफी गिरावट आई, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। एचडीएल पर इसका प्रभाव सीमित रहा है।

**कोलेस्ट्रॉल का स्तर होता है कमः** जौ में भरपूर मात्रा में बीटा-ग्लूकन फाइबर होता है, जो नसों से कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने में सहायक है। इससे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिलती है, जिससे स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**हार्ट के लिए फायदेमंदः** जौ में भरपूर फाइबर होता है। ऐसे में जौ का दलिया खाने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने, हार्ट के कार्यों को बेहतर करने और हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**वजन कम करने में सहायकः** सुबह के समय जौ का दलिया खाने से वजन को कम करने में भी मदद मिलती है, जो हार्ट के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। जौ के दलिया में मौजूद फाइबर, पेट को लंबे समय तक पेट को भरा रखने और ओवरईटिंग से बचाव करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, जौ का दलिया शरीर को ठंडक देने में सहायक है।

**सावधानियांः** जौ का दलिया स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, लेकिन ध्यान रहे, इसका सेवन सीमित मात्रा में करें। इससे किसी भी तरह की एलर्जी होने पर इसका सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा, किसी भी मेडिकल कंडीशन में इसका सेवन डॉक्टर की सलाह अनुसार ही करना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# आखिर नफरत भरे भाषण पर कब सजग और सक्रिय होंगे हमारे हुक्मरान?



कमलेश पांडे

मसलन, न्यायपालिका का यह तर्क रहा कि अगर हेट स्पीच को रोकना है तो वह 'समुदाय विशेष' के लिए नहीं, बल्कि सभी समुदायों के लिए एक समान और संवैधानिक ढांचे में होना चाहिए, अन्यथा यह न्याय की बराबरी के सिद्धांत के खिलाफ जाएगा।

सवाल है कि आखिर क्यों सुप्रीम कोर्ट का यह स्टैंड तर्कसंगत है? तो जवाब होगा कि भारतीय संविधान और फिलहाल लागू कानून (जैसे दंड संहिता की धाराएँ, आईटी एक्ट, निर्वाचन कानून, आदि) में दंगे, भड़काऊ भाषण और जाति आधारित उत्पीड़न के खिलाफ पहले से ही दंड का प्रावधान है; लिहाजा, कोर्ट ने इन्हीं तंत्रों को इस्तेमाल करने पर ज़ोर दिया, बजाय एक नई जाति विशेष श्रेणी बनाने के।

**नफरत** भरे भाषण, किसी भी सभ्य समाज के लिए वैचारिक कैंसर और सामाजिक एड्स के जैसा जानलेवा है, लेकिन दुनियावी तर्ज पर भारतीय लोकतंत्र में भी यह एक बुनियादी राजनीतिक-सामाजिक फैशन बनता प्रतीत हो रहा है। कोढ़ में खाज यह कि 'बहुमत की भूखी' संसद और उसके 'इशारे पर कुछ कुछ फैसले लेने के आदी बन चुके' सुप्रीम कोर्ट ने आजादी के 8वें दशक में भी विषाक्त बयानबाजियों के खिलाफ कोई कड़ा राष्ट्रवादी स्टैंड नहीं लिया ताकि राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर अनवरत रूप से जारी साम्राज्यवादी वैचारिक हमले की धार कुंद की जा सके! ऐसा इसलिए कि इनकी भी अपनी विवशता है! चूंकि पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले अधिकार संपन्न लोग ब्रितानी नौकरशाही और राजशाही के इशारे पर बने 'भारतीय संविधान' को मानने को अभिशप्त हैं और अपनी व्यवहारिक और मौलिक सोच को ताखे पर रख चुके हैं, इसलिए हर जनतांत्रिक बीमारी लाइलाज हो चुकी है और भारत माता अपनी ही संतानों को निरंतर मुखाग्नि देते देते थककर बूढ़ी हो चली है। राष्ट्रीय दुर्भाग्य यह कि पहले मुस्लिम शासकों और फिर अंग्रेजी नौकरशाहों ने भारत को जातीय, साम्प्रदायिक, भाषाई-क्षेत्र और लिंग के लिहाज से बांटकर निरंतर कमजोर रखने की जो साजिश रची, उसे अँग्रेजों के लाभुक इशारों पर चलने वाले भारत के आजादी कालीन नेताओं ने बहुमत प्राप्ति का लोकतांत्रिक आधार बना दिया। पहले अखंड भारत को खंडित किया और फिर जाति-धर्म-भाषा की तुष्टीकरण वाले अंग्रेजी कानूनों को हूबहू स्वीकार कर लिया। इससे सामाजिक विखण्ड की प्रक्रिया तेज हुई। चौंकाने वाली बात तो यह कि कांग्रेस को कमजोर करने के लिए समाजवादियों और राष्ट्रवादियों ने भी जाति-धर्म-भाषा-क्षेत्र से जुड़े जनभावनाओं को भड़काया और बहुमत पाकर सत्ता हथियाया। लेकिन भारतीयों की नीतिगत एकजुटता की बात मील का पत्थर बनकर रह गई। मतलबी सरकारें बदलती रहीं, भारत माता की आत्मा पर अनगिनत प्रहार जारी हैं, लेकिन हमारी संसद और सुप्रीम कोर्ट प्रबुद्ध और सुसंस्कृत भारत के निर्माण की जगह यूरोपीय और अरबी कलह को भारत पर थोपने की मूर्खता प्रदर्शित कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। यह कितनी मूर्खतापूर्ण बात है कि आजाद भारत में गरीबी और अपराध को जातीय चश्मे से देखा जाता है, सवर्ण यानी सामान्य जाती विरोधी कानून बनाये जाते हैं और सुप्रीम कोर्ट भी ऐतिहासिक सामाजिक अन्याय का जिक्र करते हुए वर्तमान और भविष्य के सवर्ण विरोधी सामाजिक अन्याय किये जाने के निकृष्ट जनतांत्रिक विचारों पर मोहर लगाता है। खासकर भारतीय संविधान से जुड़े संवैधानिक अनुच्छेद (14, 15, 19, 21, SC/ST Act) की तर्क संभाव्यता, आदि) को भी विस्तार से देखने और इनपर पुनर्विचार की जरूरत है। अन्यथा, देर सबेर सामान्य जातियों के बीच भी संसद और सुप्रीम कोर्ट का अप्रासंगिक होना तय है। यक्ष प्रश्न है कि आखिर बहुमत की राजनीति के लिए समाज को कब तक झुलसाया जाएगा, क्योंकि जब सहिष्णुता के विचार बदलेंगे तो व्यवस्था बदलते देर नहीं लगेगी! चूंकि प्रभावित पक्षों के लिए भारतीय संविधान का पक्षपाती दृष्टिकोण एक ऐसा 'मटमैला पन्ना' है, जो जाति, सम्प्रदाय, भाषा, क्षेत्र, लिंग आदि में वैधानिक विभेद रचता है और उसे सामान्य जातियों के खिलाफ ऐतिहासिक सामाजिक अत्याचार का प्रतिफल करार देता है। हैरत की बात है कि संविधान जिन लोगों को कानूनी संरक्षण देता है, उनके व्यक्तिगत और सामाजिक उत्पातों पर से भी प्रशासन अपनी आंखें फेर लेता है, यह जमीनी हकीकत है, इसलिए कतिपय सवाल लाजिमी है। बहरहाल, नफरती भाषण सम्बन्धी जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट का स्टैंड व्यावहारिक है, और संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो काफी संतुलित और सही माना जा सकता है, लेकिन यह बिना विवाद के नहीं है– विशेषकर जातिगत भावनाओं के मामले में। सवाल है कि नफरत भरे भाषण सुप्रीम कोर्ट का रुख क्या था?


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# भीड़ में जब मासूम खो जाए, उम्मीद बनकर वर्दी ही लौटाए... मानवता का चेहरा मुस्कुराए

## नवरात्रि मेले में गुम हुई मासूम, पुलिस बनी सहारा संवेदनशीलता और तत्परता की मिसाल

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



पीलीभीत। नवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था और उल्लास के बीच उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब मेले की भीड़ में एक साढ़े तीन वर्षीय मासूम बच्ची अचानक अपने परिजनों से बिछड़कर गुम हो गई। लेकिन इस चिंता और बेचैनी के बीच पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता ने न केवल एक परिवार की खुशियां लौटाई, बल्कि मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की एक मिसाल भी पेश की। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित यशवंतरी देवी परिसर में आयोजित नवरात्रि मेले के दौरान बरेली जनपद के थाना बारादरी क्षेत्र के संजय नगर निवासी एक महिला अपनी पुत्री राधिका के साथ दर्शन के लिए आई थीं। मेले की भारी भीड़ में अचानक बच्ची मां से बिछड़ गई, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही महिला थाना पुलिस और महिला सुरक्षा केंद्र की टीम तुरंत हरकत में आ गई। महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने मेले के हर कोने में बच्ची की तलाश शुरू कर दी। लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार अनाउंसमेंट कराए गए और पुलिसकर्मियों ने भीड़ के बीच हर संदिग्ध स्थान पर नजर दौड़ाई। पुलिस की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई का ही परिणाम रहा कि कुछ ही समय में मासूम राधिका को सकुशल बरामद कर लिया गया। जब बच्ची को उसकी मां के सुपुर्द किया गया, तो वह पल भावनाओं से भर गया–मां की आंखों में खुशी के आंसू थे और चेहरे पर राहत की झलक साफ दिखाई दे रही थी।

यह घटना केवल एक बच्ची के मिलने की कहानी नहीं, बल्कि उस भरोसे की भी पुनः पुष्टि है, जो आमजन पुलिस व्यवस्था से करते हैं। अक्सर आलोचनाओं के घेरे में रहने वाली पुलिस का यह मानवीय चेहरा समाज के लिए प्रेरणादायक है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस टीम के इस सराहनीय कार्य की खुलकर प्रशंसा की और महिला सुरक्षा केंद्र की सक्रियता को सराहा। पुलिस प्रशासन ने भी आमजन से अपील की है कि मेलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों का विशेष ध्यान रखें, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। बताते चले की नवरात्रि जैसे धार्मिक आयोजनों में जहां आस्था का सागर उमड़ता है,

वहीं सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ जाती है। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि यदि प्रशासन सजग और संवेदनशील हो, तो बड़ी से बड़ी चुनौती को भी आसानी से संभाला जा सकता है। पुलिस की यह तत्परता न केवल एक परिवार के लिए राहत लेकर आई, बल्कि समाज में विश्वास की डोर को भी और मजबूत कर गई। ऐसी घटनाएं यह संदेश देती हैं कि वर्दी के पीछे भी एक संवेदनशील दिल धड़कता है, जो हर संकट में आमजन के साथ खड़ा रहता है।

## आत्महत्या से पहले युवक का वीडियो वायरल, कीटनाशक बिक्री पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। आत्महत्या से पहले युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परिजनों ने कीटनाशक विक्रेता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव सुल्तानपुर निवासी गौरव तिवारी ने चार दिन पूर्व कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। बताया जा रहा है कि युवक ने आत्महत्या से पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। रविवार को मृतक के परिजन उस दुकान पर पहुंचे, जहां से युवक ने कीटनाशक खरीदा था। परिजनों ने आरोप लगाया कि विक्रेता ने नियमों के विरुद्ध जहरीला पदार्थ उपलब्ध कराया। इसको लेकर परिजनों ने दुकान पर हंगामा किया। परिजनों ने दुकान की सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर पुलिस को तहरीर दी है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सेहरामऊ थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सेवा, संस्कार और समर्पण की राह–नई टीम के साथ नए संकल्प

## भारत विकास परिषद पूरनपुर में नवीन अग्रवाल बने अध्यक्ष, नई कार्यकारिणी का गठन



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पूरनपुर। सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित संगठन भारत विकास परिषद की पूरनपुर शाखा में नए सत्र 2026-27 के लिए कार्यकारिणी का गठन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के प्रांतीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार नवीन अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष संजीव जौली, जिला संयोजक डॉ. अनिल सक्सेना एवं प्रांत पदाधिकारी अंशु वर्मा की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। चुनाव अधिकारी एवं प्रांत संगठन मंत्री डॉ. अनिल सक्सेना की देखरेख में गठित नई टीम को जिम्मेदारियां सौंपी गई। नवगठित कार्यकारिणी में अनिल शुक्ला को सचिव तथा नरेंद्र कुमार त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त हर्ष गुप्ता एवं विमल सक्सेना को संरक्षक, अरविंद वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रभात सक्सेना एवं विजय खुराना को उपाध्यक्ष बनाया गया। संगठन सचिव का दायित्व विवेक तिवारी को सौंपा गया।विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु भी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें महिला सहभागिता संयोजक के रूप में श्रीमती संगीता सिंघल, संस्कार संयोजक जोगराज सिंह, पर्यावरण संयोजक अनंत कुमार, सेवा संयोजक डॉ. प्रशांत गुप्ता, संपर्क संयोजक राजकिशोर, स्वास्थ्य संयोजक डॉ. दिनेश गुप्ता एवं दिव्यांग सहायता संयोजक के रूप में डॉ. शोभित सेठ को जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष एवं नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता तथा निवर्तमान अध्यक्ष बृजेश गुप्ता को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए कई नए सदस्यों–विजय मिश्रा, अरविंद भारद्वाज, राकेश वर्मा, ओमचंद्र, राजकिशोर, अंकित अग्रवाल एवं डॉ. उदल राम मीत–को सदस्यता दिलाई गई। प्रांत अध्यक्ष ने संगठन की भावी कार्ययोजना और उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निष्ठा एवं सेवा भावना के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का पटका पहनाकर सम्मान किया गया। भारत विकास परिषद जैसी सामाजिक संस्थाएं केवल संगठन नहीं, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार और समर्पण की धारा को आगे बढ़ाने का माध्यम हैं। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ संगठन से अपेक्षाएं और भी बढ़ जाती हैं। यदि यही टीम समर्पण और सक्रियता के साथ कार्य करे, तो निश्चित ही क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता और जनसेवा के नए आयाम स्थापित।

# शहीद दिवस पर एनएसयूआई ने भगत सिंह, सुखदेव थापर व शिवराम राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

## युवाओं ने शहीदों के त्याग और बलिदान को किया याद, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

शहीद दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की पीलीभीत इकाई द्वारा एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर देश के अमर क्रांतिकारियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए और शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया।इस दौरान विशेष रूप से भगत सिंह, सुखदेव थापर एवं शिवराम राजगुरु के योगदान को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उनका साहस, देशप्रेम और त्याग आज भी हर भारतीय को प्रेरित करता है।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहीदों का जीवन हमें यह सिखाता है कि देशहित सर्वोपरि है और इसके लिए हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि संगठन लगातार ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करता रहेगा। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान दें।

इस अवसर पर हेमंत कुमार, प्रदीप सिंह, अनमोल, जितेंद्र, सुहेल, भगत राज शर्मा, राजेंद्र, पवन सहित कई कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर किया गया।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्रहित में कार्य करते रहेंगे।

# आस्था की यात्रा में हादसा: श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, चीख–पुकार से गूंजा इलाका

## न्यूरिया क्षेत्र में तड़के बड़ा हादसा, 11 घायल चार की हालत नाजुक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

उत्तराखंड के पूर्णागिरि धाम की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं के लिए सोमवार तड़के का समय भयावह साबित हुआ। न्यूरिया थाना क्षेत्र के मैदना गांव के पास एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि बस हरदोई से श्रद्धालुओं को लेकर पूर्णागिरि जा रही थी। सुबह करीब चार बजे जब वाहन मैदना गांव के पास पहुंचा, तभी चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे पलट गई। अचानक हुए इस हादसे से यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और बस के अंदर चीख-पुकार मच गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार अधिकांश घायल खतरे से बाहर हैं, लेकिन चार यात्रियों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में बस को हटवाकर सामान्य किया गया। प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही या तेज गति को हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

धार्मिक यात्राएं आस्था और विश्वास का प्रतीक होती हैं, लेकिन जब सुरक्षा की अनदेखी होती है तो यही यात्रा खतरे में बदल जाती है। लंबी दूरी की यात्राओं में वाहन की स्थिति, चालक की सतर्कता और नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। यह हादसा एक चेतावनी है कि सुरक्षा के बिना कोई भी यात्रा सुरक्षित नहीं हो सकती।

# बाबा जयगुरुदेव के अनुयायियों ने मनाया मुक्ति दिवस, निकाली प्रभात फेरी



## नशामुक्ति, शाकाहार और सदाचार का दिया संदेश, शाम को दीपोत्सव कर किया स्मरण

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

परम संत बाबा जयगुरुदेव के अनुयायियों ने सोमवार को तहसील क्षेत्र में मुक्ति दिवस श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जबकि देर शाम दीपोत्सव आयोजित कर संत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।

ज्ञात हो कि 23 मार्च 1977 को बाबा जयगुरुदेव तिहाड़ जेल से रिहा हुए थे। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में हर वर्ष उनके अनुयायी मुक्ति दिवस मनाते हैं। सोमवार को पूरनपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अनुयायी हाथों में झंडे लेकर प्रभात फेरी के रूप में निकले और गांव की गलियों में भ्रमण करते हुए लोगों को सत्संग, संयम और सदाचार का संदेश दिया। प्रभात फेरी के दौरान अनुयायियों ने शाकाहारी जीवनशैली अपनाने, नशे से दूर रहने और दूसरों की भलाई करने का आह्वान किया। कई अनुयायियों ने पूरे दिन व्रत रखकर संत के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। घुंघचाई क्षेत्र के सिमरिया, घुंघचाई, दिलावरपुर, नरायनपुर, पुन्नापुर टांडा, गुलरिया भूपसिंह, गोपालपुर और कबीरपुर कसगंजा सहित कई गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर ध्यान-सुमिरन और सत्संग का आयोजन होता रहा।

रात्रि में अनुयायियों ने अपने-अपने घरों पर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया और बाबा जयगुरुदेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

## मां–बेटी को पीटकर किया घायल, कई आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र में मां–बेटी के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहब्बतपुर निवासी कलावती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी पुत्री के घर अजीतपुर बिल्हा गांव में रह रही हैं। आरोप है कि पांच मार्च की रात करीब दस बजे उनकी पुत्री की ननद भनियां और राजेश ने गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात–घूंसों से मारपीट कर दी। इस दौरान बचाने आई पुत्री अमीत कुमारी को भी घायल कर दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 18 मार्च को एक बार फिर कुछ लोग उनके घर पहुंचे और गाली–गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोपियों में मकरंदपुर निवासी राजकुमार, रम्पुरा फकीरे निवासी शिवकुमार और पिंकी देवी शामिल हैं। सभी ने मिलकर लाठी–डंडों और जूतों से मारपीट की, जिससे मां–बेटी घायल हो गईं। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच–बचाव कर मामला शांत कराया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घुंघचाई थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# मुस्कान लौटाना ही असली सेवा नि:शुल्क उपचार से बदली बच्चों की जिंदगी

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 35 से अधिक बच्चों को मिला नया जीवन



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आर्थिक तंगी और जन्मजात बीमारियों से जूझ रहे बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। इस योजना के अंतर्गत जिले में 35 से अधिक बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लौटाने का सराहनीय कार्य किया गया है।

कार्यक्रम के तहत जन्मजात दोषों जैसे दिल में छेद, क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट, क्लब फुट, कंजनाइटल कैटरेक्ट, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट आदि गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क उपचार कराया जा रहा है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक कुल 36 बच्चों की क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट सर्जरी स्माइल ट्रेन संस्था के सहयोग से कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा गांव-गांव जाकर बच्चों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ा जा रहा है। ब्लॉक मरौरी क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान वैष्णवी और अनामिका जैसी बच्चियों की पहचान कर उनकी सफल सर्जरी कराई गई, जिससे उनके जीवन में नया बदलाव आया।आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में 11 हार्ट सर्जरी, 26 क्लब फुट, 8 कंजनाइटल कैटरेक्ट, 2 न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, 9 न्यूरो संबंधित बीमारियों और 36 क्लेफ्ट लिप-पैलेट सर्जरी निःशुल्क कराई गई हैं। इसके अलावा लगभग 16 हजार से अधिक बच्चों का उपचार इस योजना के तहत किया जा चुका है।

स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि ऐसे बच्चों के परिजन आगे आकर इस योजना का लाभ उठाएं। इसके लिए जिला प्रारंभिक जांच केंद्र के प्रबंधक से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# निरीक्षण में सख्ती, स्वास्थ्य में संवेदना–जिलाधिकारी का दोहरा संदेश

## गौशालाओं का औचक निरीक्षण, एचपीवी टीकाकरण अभियान का फीता काटकर किया शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में प्रशासनिक सक्रियता का एक सशक्त उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कलीनगर क्षेत्र में गौशालाओं का औचक निरीक्षण करने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया और एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया।

ग्राम पंचायत हरीपुर मु. फुलहर स्थित माँ गोमती आदर्श पर्यटन एवं देवीपुरा गौशाला के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों के लिए भूसा, हरा चारा, पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंशों की संख्या की जानकारी लेते हुए टिनशेड निर्माण एवं हरा चारा बोने हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए।

देवीपुरा गौशाला में निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन नाले के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने और परिसर में इंटरलॉकिंग कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने दोनों गौशालाओं में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधौटांडा पहुंचकर मुख्य चिकित्साधिकारी के साथ एचपीवी टीकाकरण अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कोल्ड चेन, महिला वार्ड एवं ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर संतोष जताया।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी सीएचसी पर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीका निःशुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं को फल वितरित कर उनका हालचाल भी जाना।

# अभयपुर चेना नकटी में विकास की नई इबारत: सराहनीय पहल की मिसाल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने की बात अक्सर योजनाओं और घोषणाओं में सुनने को मिलती है, लेकिन जब कोई पहल ज़मीनी स्तर पर आकार लेती है, तभी उसका वास्तविक महत्व सामने आता है। जनपद पीलीभीत के ग्राम अभयपुर चेना नकटी में खड़ंजा निर्माण कार्य का शिलान्यास इसी दिशा में एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम है, जो न केवल एक सड़क का निर्माण है, बल्कि वर्षों से उपेक्षित जनजीवन को नई राह देने का प्रयास भी है।

लंबे समय से बदहाल इस मार्ग ने ग्रामीणों के दैनिक जीवन को प्रभावित किया था। बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव ने इस समस्या को और विकराल बना दिया था। ऐसे में इस सड़क का निर्माण केवल सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए समाधान देने का सशक्त उदाहरण है। यह पहल दर्शाती है कि यदि जनप्रतिनिधि संवेदनशील हों और स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता दें, तो छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं।

इस कार्य के पीछे जिस प्रकार जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और समर्पण देखने को मिला, वह निश्चित रूप से प्रशंसा के योग्य है। विकास के इस मॉडल में यह स्पष्ट झलकता है कि योजनाएं तभी सफल होती हैं, जब उनमें स्थानीय सहभागिता और जनभावनाओं का समावेश हो। खासतौर पर यह बात महत्वपूर्ण है कि इस कार्य को स्वीकृति दिलाने में जनसेवा की भावना प्रमुख रही, जो राजनीति के सकारात्मक पक्ष को उजागर करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं केवल आवागमन का साधन नहीं होतीं, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों की रीढ़ होती हैं। एक बेहतर सड़क स्कूली बच्चों के भविष्य को सुगम बनाती है, किसानों के उत्पाद को बाजार तक पहुंचाने में सहायक होती है और आमजन के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अभयपुर चेना नकटी में शुरू हुआ यह निर्माण कार्य इन सभी पहलुओं को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

हालांकि, यह भी आवश्यक है कि ऐसे विकास कार्य केवल शिलान्यास तक सीमित न रह जाएं, बल्कि समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। ग्रामीणों की अपेक्षाएं अब जाग चुकी हैं, और यह प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे इस विश्वास को बनाए रखें। विकास की यह रफ्तार निरंतर बनी रहे, यही समय की मांग है।

अंततः, अभयपुर चेना नकटी में खड़ंजा निर्माण का यह कार्य एक सकारात्मक संदेश देता है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो बदलाव संभव है। यह पहल न केवल एक गांव के लिए, बल्कि अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा बन सकती है कि विकास का असली अर्थ जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें दूर करना है।

# रफ्तार बनी काल: एक टक्कर ने छीन ली जिंदगी, उजड़ गया परिवार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के अमरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना ने एक परिवार की खुशियों को पल भर में मातम में बदल दिया। बड़ेपुरा धर्म कांटा के समीप तेज गति से आ रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिसमें पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम नवदिया निवासी लगभग 40 वर्षीय रणजीत सिंह अपनी पत्नी मनजीत कौर के साथ बाइक से उत्तराखंड के सितारगंज की ओर जा रहे थे। रास्ते में बड़ेपुरा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने नियंत्रण खोते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि रणजीत सिंह ट्रक के नीचे आ गए और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। अमरिया पुलिस ने तत्काल पहुंचकर घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना के बाद ट्रक चालक भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जनता की आवाज बनी प्राथमिकता, समाधान दिवस में प्रशासन ने दिखाया जिम्मेदारी का संकल्प

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से तहसील कलीनगर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी–अपनी शिकायतों का निस्तारण गंभीरता और गुणवत्ता के साथ करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर पारदर्शी ढंग से समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा की जा रही है। ऐसे में सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण की आख्या समयबद्ध रूप से पोर्टल पर अपलोड करें। राजस्व से जुड़े मामलों में आवश्यकतानुसार पुलिस बल को साथ लेकर मौके पर समाधान कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान एक सराहनीय पहल के तहत जिलाधिकारी ने मृतक खातेदारों की वरासत की खतौनी उनके वारिसों को सौंपकर राहत प्रदान की। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार कलीनगर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मासूम से कुकर्म के आरोप में दो बाल अपचारी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में मासूम के साथ कुकर्म की घटना सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव निवासी मासूम घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान दो किशोर उसे रुपये देने का लालच देकर गन्ने के खेत में ले गए, जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद मासूम घर पहुंचा और परिजनों को पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजन तत्काल थाना सेहरामऊ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव माती माफी निवासी दो बाल अपचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थाना पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# योजनाओं का लाभ गरीबी रेखा के सबसे निचले पायदान के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें: डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई




तहसील सदर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबी रेखा के सबसे निचले पायदान के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें और प्रत्येक गरीब व पीड़ित व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय दिलायें।डीएम ने अवैध भूमि कब्जों की शिकायत पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिये कि गांवों में अवैध कब्जा की गयी सभी सरकारी एवं गरीबों की भूमि को पुलिस बल के सहयोग से कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों पर कठोर कार्यवाही करें तथा नियमित गांवों का भ्रमण करें और ग्रामीणों के छोटे-छोटे विवादों का निस्तारण ग्राम प्रधान, सचिव एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित में आपसी सुलह समझौते के आधार पर करायें। इस अवसर पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि थाने पर आने वाले गरीब एवं असहाय लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से ले और अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत नियमित रूप से गस्त करें और क्षेत्र के अपराधी, आराजक तत्वों, दबंग की प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी बीट सिपाहियों एवं चौकीदारों से लेते रहें साथ ही सरकारी व गरीबों की अवैध भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व विभाग की टीम का सहयोग करें। सम्पूर्ण समाधा दिवस में प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर डीएम,एसपी,सिटी मजिस्ट्रेट ,डीएफओ, सीएमओ डा0 भावनाथ पाण्डे,एसडीएम सदर सुशील कुमार मिश्रा, पीडी अशोक कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी, डीडी कृषि एवं सीओ सिटी ने अग्नि पीड़ित तोताराम, राजकुमार, दिन्ने, सोनी व दरिया को दैवीय आपदा योजना के तहत रू0-10,500 की तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में सीमादेवी व मिथलेश कुमारी को पांच-पांच लाख रूपयें के डेमो चेक प्रदान किये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, ईओ नगर पालिका सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

### विवाहिता को घर से निकालने के आरोप में ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/हरपालपुर। हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सिमरिया निवासी धनदेवी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब एक वर्ष पूर्व जनपद फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा अंतर्गत ग्राम हरसिंगपुर निवासी हेमेन्द्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति हेमेन्द्र, ससुर रूप सिंह, सास रानी, ननद सिखा व जेठ राहुल ने अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और सोने की चेन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।पीड़िता का आरोप है कि करीब दो माह पूर्व ससुराल वालों ने उसे जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी देकर हरपालपुर छोड़ गए। तब से वह अपने मायके में रह रही है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सीडीओ ने टोंडरपुर ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण, पटल सहायक को कारण बताओ नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई



सीडीओ सान्या छाबड़ा द्वारा शाहाबाद में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत विकास खंड टोडरपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीडीओ कक्ष, स्थापना पटल, शिकायत पटल एवं आवास पटल का गहन परीक्षण किया।
बीडीओ कक्ष के समक्ष पुराना नोटिस बोर्ड पाए जाने पर उसे तत्काल बदलवाने तथा क्षेत्र की गौशालाओं में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को ब्लॉक मुख्यालय के कंट्रोल रूम से लिंक करने के निर्देश दिए गए।
ई-ऑफिस संचालन की समीक्षा में लेखाकार की मैपिंग न पाए जाने पर तत्काल मैपिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्थापना पटल के निरीक्षण में ग्राम सचिव अमित पाण्डेय की सेवा सत्यापन लंबित पाए जाने पर पटल सहायक राहुल राठौर को कारण बताओ नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।शिकायत पटल के निरीक्षण में आमजन की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए बीडीओ को प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे के मध्य प्राप्त शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्य विभाजन के अनुरूप शिकायत पटल का चार्ज हस्तांतरण न होने पर संबंधित पटल सहायक को कड़ी चेतावनी देते हुए उसी दिन चार्ज ग्रहण करने के निर्देश दिए गए।मनरेगा के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 95त्न प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए 31 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, 100 दिवस रोजगार के लक्ष्य के सापेक्ष 62त्न उपलब्धि पर एपीओ को भी निर्धारित समय सीमा तक पूर्ण लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए।एनआरएलएम के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को सभी पात्र राशन कार्ड धारकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी एवं बीडीओ अरविन्द कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिहानी पुलिस ने 252 ग्राम हेरोइन के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । हरदोई



पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में नशीले पदार्थो के निर्माण व बिक्री तथा परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत पिहानी पुलिस ने एक युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी में बताया गया है कि एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में नशीले पदार्थों की बिक्री व परिवहन तथा निर्माण करने बाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पिहानी पुलिस ने थाना क्षेत्र के गजुआखेड़ा गांव निवासी रत्नेश पुत्र रामभरोसे को 252 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत अभियोग दर्ज कर बिधिक कर्यवाई की जा रही है।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल,उपनिरीक्षक श्यामबाबू,कुलदीप व आरक्षी मनोज कुमार,जय भारत,राहुल यादव,व जयपाल शामिल रहे।

# निपुण भारत मिशन के तहत बेसिक बेसिक शिक्षा की नींव मजबूत करने पर फोकस

जन एक्सप्रेस । बिलग्राम



निपुण भारत मिशन के तहत बिलग्राम बीआरसी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें निपुण लक्ष्य को लेकर चर्चा हुआ।पाठशाला का शुभारंभ विधायक आशीष सिंह आशू,पालिकाध्यक्ष अनिल राठौर, बीईओ गिरजेश कटियार बीडीओ नीरज कुमार शर्मा ने किया। उन्मुखीकरण कार्यशाला में सभी ग्राम पंचायत के प्रधान सदस्य और प्रधानाध्यापक को बताया गया कि सरकार की ओर से बेसिक शिक्षा के सुधार के लिए जो भी योजनाएं चलाई जा रही है को जन-जन तक पहुंचाया जाए। डीबीटी के माध्यम से बच्चों तक सीधे ड्रेस,बस्ता,की धनराशि भेजी जा रही है। मुफ्त पुस्तकें दी जा रही। गुणवत्तापूर्ण माध्यंह भोजन दिया जा रहा है। सरकार की ओर से निपुण लछ्य जो निर्धारित किया गया है उसकी प्राप्ति के लिए सभी को जुटने को कहा गया। विधायक आशीष सिह ने कहा कि बेसिक एजुकेशन नींव है। सरकार का फोकस इसलिए इस पर ज्यादा है। बीईओ ने कहा कि सभी प्रधान, सदस्य बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जरूर भेजे। अध्यापक भी अपना पूरा योगदान दे। कार्यशाला में सभी प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। स्कुलो में कायाकल्प पर भी योजना बनी। बीडीओ ने स्कुलो की बाउंड्रीवाल दुरस्त करवाने की बात कही। आयोजन में जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष शकील अहमद विनय कनौजिया बृजमोहन कुशवाहा विनय यादव सभी एआरपी ,अकील अहमद,धर्मेन्द्र यादव, प्रतिज्ञा यादव प्रधान सहित सभी अध्यापक व,प्रधान मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान: मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व किशोरियों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा देने उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के बड़ा गांव मार्ग पर ब्रम्हदेव पुलिया बाबा मंदिर पर मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व किशोरियों को चौपाल लगाकर महिला सुरक्षा व साइबर अपराधों के तहत जागरूक किया गया। महिला सशक्तीकरण के तहत हरपालपुर थाने की मिशन शक्ति टीम ने सोमवार को हरपालपुर कस्बे के बड़ा गांव मार्ग पर स्थित ब्रम्हदेव पुलिया बाबा मंदिर पर पहुंचकर महिलाओं व किशोरियों को महिला सुरक्षा व साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक कार्यक्रम आयोजित कर पत्रक वितरित किये गए।जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं व किशोरियों को साइबर ठगी,शोसल मीडिया पर फेंक एकाउंट ,ऑनलाइन छेड़छाड़,हैकिंग,ओटीपी फाड,और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने बाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।मिशन शक्ति अभियान टीम में शामिल महिला आरक्षी आशा सिंह व संध्या कुमारी सहित मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं किशोरियों तथा छात्राओं को अराजक तत्वों से बचाव के तरीके भी बताए तथा आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,1076,112 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने दिए निर्देश शिकायतों का निस्तारण हो समयबद्ध व पारदर्शी

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील माधौगढ़ के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण के कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 07 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को टीम बनाकर उसी दिन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम हसुपुरा निवासी मुन्ना लाल पुत्र काशी प्रसाद की लंबे समय से लंबित खतौनी त्रुटि की समस्या को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही समाधान कराया। समस्या के निस्तारण से फरियादी के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक उठी। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। सभी प्रकरणों का निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा निस्तारित मामलों की सूचना समय पर फरियादियों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए गौशालाओं के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक गौशाला में भूसा, हरा चारा एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही कम से कम 10 कुंतल भूसा रिजर्व रखने और भूसे की जनपद से बाहर निकासी पर रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में कहीं भी पेयजल व बिजली की समस्या उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए पूर्व से ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। एसपी ने कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि मारपीट, आपसी रंजिश एवं अन्य आपराधिक मामलों में निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एसडीएम राकेश सोनी, सीओ, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### चालक ने कक्षा छह की छात्रा से की छेड़छाड़, विरोध करने पर ऑटो से फेंका, भीड़ ने आरोपी को सिखाया सबक

**आगरा।** ताजगंज क्षेत्र के स्कूल से परीक्षा देकर सोमवार सुबह ऑटो से घर लौट रही कक्षा छह की छात्रा से चालक ने छेड़खानी की। साहस दिखाते हुए छात्रा आरोपी शमसुद्दीन से भिड़ गई और शोर मचाना शुरू कर दिया। डरकर आरोपी ने उसे चलते ऑटो से फेंक दिया। सड़क पर गिरने से छात्रा के सिर, हाथ और पैरों में चोट लग गई। आसपास के लोगों ने पीछा कर ऑटो रुकवाया और चालक को दबोचकर पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। घायल छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। 12 वर्षीय छात्रा थाना एकता इलाके की रहने वाली है। उसके पिता कबाड़ का काम करते हैं। वह पुरानी मंडी स्थित एक विद्यालय में कक्षा 6 की छात्रा है। सोमवार को परीक्षा होने की वजह से विद्यालय गई थी। सुबह तकरीबन 11:00 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर घर के लिए निकली थी। कैलाश टॉकीज के पास से छात्र ने हाथ देकर एक आटो को रुकवाया।

# पत्नी की झूठी शिकायतों से आहत पति ने फांसी लगाकर दी जान

जन एक्सप्रेस । कालपी

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर पत्नी द्वारा पुलिस में शिकायत करने की धमकी से परेशान अधेड़ ने खेत में पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। नगर क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी रामनरेश उर्फ सज्जन 50 पुत्र जगदीश का अपनी पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा कि इसी पारिवारिक कलह से परेशान होकर वह अपने बच्चों को लेकर गुजरात चला गया था। कुछ समय बाद उसकी पत्नी भी वहां पहुंच गई थी और अपनी नाबालिग पुत्री से पिता पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके चलते रामनरेश को लगभग दो माह जेल में भी रहना पड़ा था। जेल से छूटने के बाद वह वापस अपने गांव हीरापुर आ गया था, लेकिन पीछे से उसकी पत्नी भी गांव लौट आई थी। बताया जा रहा कि रविवार सुबह भी पत्नी ने उस पर एक बार फिर आरोप लगाकर पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी थी, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गया था। इसी के चलते वह रस्सी लेकर खेतों की ओर चला गया और खेत में खड़े पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। दोपहर के समय वहां से निकल रहे ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटका हुआ देखा और तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। अगर महिला दोषी पाई जाती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### कार्रवाई न होने से आहत परिजनों ने एसपी को दिया शिकायती पत्र

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के जंगल में लापता युवक का शव फांसी पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। कार्रवाई न होने पर पीड़ित के परिजनों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। रामपुरा कस्बा निवासी हेमंत उर्फ छोटू 11 मार्च को घर से लापता हो गया था। 12 मार्च को जंगल में उसका शव पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला था। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की मां राजेश्वरी पत्नी श्याम प्रकाश ने उस समय पुलिस से शिकायत की थी कि एक युवती से उसके पुत्र का प्रेम प्रसंग था। जिससे वह कई बार मिलने भी गया था। उसकी शादी होने वाली थी इस कारण उनके पुत्र को रास्ते से हटाने के उद्देश्य से युवती के स्वजनों ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाया है। कार्रवाई न होने पर सोमवार को मृतक के माता पिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले में जांच कराकर कार्रवाई करने को कहा है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने मामले की जांच सीओ माधौगढ़ को सौंपी है।

### बिजली गुल होने पर फूटा आक्रोश, विद्युत कार्यालय में तोड़फोड़, भाग गए कर्मचारी

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के टूंडला में स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और विद्युत निगम की कार्यशैली को लेकर सोमवार को जमकर बवाल हुआ। निगेटिव बैलेंस के चलते बिजली काटे जाने से नाराज उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। उपभोक्ताओं ने हंगामा करते हुए कार्यालय की कुर्सियां तोड़ दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें शांत कराया। पूर्व में जारी सूचना के तहत सोमवार की सुबह विद्युत निगम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए उन स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए, जिनका बैलेंस निगेटिव चल रहा था। अचानक बिजली गुल होने से शहर के कई इलाकों में खलबली मच गई। अपनी दैनिक जरूरतों को प्रभावित होते देख उपभोक्ताओं ने आनन-फानन में ऑनलाइन और काउंटरों पर जाकर बिल जमा किए। इसके बावजूद शाम तक मीटर से उनकी बिजली सुचारू नहीं हुई। इसको लेकर उपभोक्ता में रोष फेल गया तथा वे विद्युत कार्यालय जा पहुंचे। वहां उनकी सुनवाई न होने पर उभोक्ताओं में आक्रोश और भी भड़क गया तथा हंगामा करना शुरू कर दिया।

# लंबित विवेचनाओं व महिला उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लें: सीओ शैलेंद्र

जन एक्सप्रेस । जालौन

लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण करें। महिला उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से लें और उनका तत्काल निस्तारण करें। नवरात्र और रामनवमी पर्व को लेकर सतर्कता रखें। यह निर्देश सीओ ने कोतवाली में अर्दली रूम करते हुए अधीनस्थों को दिए। सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने जालौन कोतवाली का अर्दली रूम किया। सबसे पहले उन्होंने दस्तावेजों के रख रखाव को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। कोतवाली परिसर में सफाई व्यवस्था पर संतुष्ट दिखे। अधीनस्थों से विवेचनाओं के बारे में पूछने पर बाताया गया कि जालौन कोतवाली में 82 विवेचनाएं लंबित हैं। जिस पर सीओ ने लंबित विवेचनाओं को गुण दोष के आधार पर निर्धारित समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि थाने और कोतवाली में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामले आने पर उनका गंभीरता से तत्काल निस्तारण कराएं। आगामी नवरात्र, रामनवमी पर्व को लेकर कहा कि वीट प्रभारी क्षेत्रीय लोगों के साथ संपर्क बनाकर रखें। यदि कोई शांतिभंग की कोशिश करता है तो तत्काल उसके खिलाफ कार्रवाई करें। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी नजर बनाकर रखें। जो भी वारंटी हैं, उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करें। नवरात्र के पर्व पर मंदिरों के आसपास सतर्कता से ड्यूटी को अंजाम दें। इस मौके पर कोतवाल हरीशंकर चंद, एसएसआई संजय यति, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी अजीत शर्मा, एसआई निसार अहमद, सुरेश कुमार, राजेश वशिष्ठ, शिवम सिंह सेंगर आदि रहे।

# हरपालपुर ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत बैठक में विभिन्न प्रस्तावों के लिए भारी भरकम बजट मंजूर

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



हरपालपुर ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में सोमवार को ब्लॉक प्रमुख अनोखेलाल कश्यप की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के साथ भारी भरकम बजट को मंजूरी दी गई।।बैठक के दौरान मुख्य रूप से तीन बड़े कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत की गई, जिसमें पशु चिकित्सालय के लिए ?9.90 लाख, ब्लॉक संसाधन केंद्र के लिए ?9.86 लाख और कंपोजिट विद्यालय इकनौरा के सौंदर्यीकरण हेतु ?9.40 लाख की राशि मंजूर की गई। मुख्य अतिथि विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू के प्रतिनिधि डॉ. रजनीश त्रिपाठी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ मिलना चाहिए।बीडीओ सुरेंद्र सिंह राणा ने पिछली कार्रवाई की पुष्टि का प्रस्ताव रखा और वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि लगभग 25 बीडीसी सदस्यों ने विकास कार्यों के प्रस्ताव दिए हैं, जिन्हें आपसी सहमति से पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर एपीओ रोमेश कुमार,एडीओ पंचायत रामनरेश सिंह, लेखाकार विमलेश मिश्रा, राणा प्रताप सिंह सहित कई अन्य अधिकारी व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# घर में अकेली किशोरी को चाकू दिखाकर नगदी सहित लाखों के जेवर ले गए चोर

जन एक्सप्रेस । उरई

जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलाइपुरा में गांव के ही लोगों ने एक शिव ने घर को निशाना बनाया और घर में अकेली किशोरी से चाकू दिखाकर नकदीवा जेवर लेकर फरार हो गए। गृहस्वामी ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को देखकर न्याय की गुहार लगाई है।
जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलाइपुरा निवासी सलमान उर्फ राजू ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि उनका घर गांव के अन्दर एकांत में है। बताया कि बीती 17 मार्च को वह खेत में फसल की कटाई करने गया था, और घर पर बेटी अकेली थी। इस दौरान घर में बेटी को अकेला देखकर गांव का ही एक युवक अपने साथी के साथ घर में घुस गया और चाकू की दम पर बेटी से घर में रखे जेवर व नकदी देने की बात कही। बल्कि जेवर व नकदी न देने पर पिता और बेटी दोनों को मारने की धमकी दी। डरी हुई बेटी ने घर में रखे दो जोड़ी झुमके, दो मनचली, मंगलसूत्र, दो अंगूठी, दो कुंडल, पायल और बालचोटी समेत 48 हजार 5 सौ रुपये दे दिए। बाद में वह किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। डरी सहमी बेटी ने कुछ नहीं बताया। दो दिन बाद जब उन्होंने अलमारी को देखा तो जेवर व रुपये गायब थे, और जानकारी करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। अगले दिन बेटी ने डरते हुए घटना की पूरी जानकारी दी। जिसके बाद वह कोतवाली पहुंचा। मामले में कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चन्द्र ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है मामले की जांच की जा रही है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्रा ने संभाली जिलाधिकारी की कुर्सी, सुनी फरियादें

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई की गई। इस दौरान कुल 130 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 12 मामलों का निस्तारण जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों में निष्पक्ष और शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही, संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस महत्वपूर्ण जनसुनवाई कार्यक्रम में अनुपस्थिति किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य एवं सहायक निदेशक रेशम अनुपस्थित पाए गए। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा अनन्या दूबे को मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। अनन्या ने डीएम की कुर्सी पर बैठकर जनसुनवाई की और विभिन्न मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। अनन्या ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक दिन के लिए डीएम बनना उनके लिए प्रेरणादायक रहा। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों को करीब से समझा और भविष्य में बेहतर करने की सीख प्राप्त की।

इस दौरान एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता, तहसीलदार अमित सिंह, सीओ बसंत सिंह, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, बीडीओ शमा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेसिक स्कूलों के बच्चों को नए सत्र से मिलेगा समग्र रिपोर्ट कार्ड

**देवरिया।** परिषदीय स्कूल के बच्चों को साधारण की जगह अब समग्र रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। इस रिपोर्ट में विद्यार्थी का प्रत्येक विवरण समाहित होगा। नए शैक्षणिक सत्र से इसे लागू किया जाएगा। जनपद में संचालित 1500 से अधिक परिषदीय स्कूलों में लगभग दो लाख बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अब इन बच्चों का निजी विद्यालयों की तर्ज पर असेसमेंट किया जाएगा। इसके लिए समग्र प्रगति पत्र यानी ;होलिस्टिक प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्डद्ध तैयार किया जाएगा। इस रिपोर्ट कार्ड में पूरे सत्र की शैक्षणिकए शारीरिक एवं मानसिक विकास की गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। रिपोर्ट कार्ड में शिक्षकए अभिभावक और स्वयं छात्र का भी आकलन शामिल किया जाएगा। होलिस्टिक प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड यानी समग्र प्रगति पत्र में पूरे सत्र का लेखा.जोखा दर्ज रहेगा। इसमें विद्यालय की जानकारी के साथ छात्र की फोटोए माता.पिता का विवरणए यूनिक आईडी जैसी सभी जानकारी रहेगी। रिपोर्ट कार्ड में पूरे सत्र की शैक्षणिकए शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़ी गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। यह कार्ड छात्रों की प्रगति को विभिन्न क्षेत्रों में ट्रैक करेगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी शिकायतें, 10 का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले की सदर तहसील में सोमवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में कुल 68 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 68 शिकायतों में से 31 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 10, विकास विभाग से 03, चकबन्दी विभाग 02, विद्युत विभाग से 04 एवं 18 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को एसपी दीपक भूकर द्वारा सुना गया। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। वहीं एसपी दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी ने शहीद दिवस पर युवाओं को शहीदों के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने शहीदी दिवस के अवसर पर सोमवार को देश के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इन वीर सपूतों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह आज भी अधूरा है और उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि आज के युवाओं को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के निर्माण में आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अन्याय, भ्रष्टाचार और असमानता के खिलाफ आवाज उठाएं और एक मजबूत, समतामूलक भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर समाजवादी चिंतक राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें याद करते हुए दिनेश उपाध्याय ने कहा कि लोहिया जी के विचार आज भी देश के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और गरीबों के अधिकारों की रक्षा ही सच्चे अर्थों में लोहिया जी को श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली यह दर्शाती है कि सरकारें लोहिया जी के समाजवादी सिद्धांतों से पूरी तरह दूर हो चुकी हैं। आम आदमी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो शहीदों के सपनों और लोहिया जी के आदर्शों को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी निरंतर आम जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस दौरान दिनेश उपाध्याय के साथ भास्कर तिवारी, देवीदीन गौतम, राजीव पांडेय, राजाराम यादव, आशा देवी, आयशा देवी, ऊषा देवी, राजबहादुर वर्मा, राजेश गौड़, रामनयन वर्मा, राकेश सरोज, शिवचरण गुप्ता,धुन्नू सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दहेज के लिए पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला, चार पर प्राथमिकी

**देवरिया।** मुंडेरा कला निवासी अर्जुन चौहान की पत्नी राधिका चौहान ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया है कि शादी के 10 महीने बाद से ससुराल वाले दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित कर रहे थे। राधिका चौहान ने बताया कि उसकी शादी 25 अप्रैल 2024 को अर्जुन चौहान के साथ हुई थी। शादी के एक महीने तक सब ठीक रहा लेकिन इसके बाद पति अर्जुन, सास सुमित्रा, ससुर रामकेवल और ननद इंदू ने मिलकर कम दहेज का ताना मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि वे बुलेट बाइक लाने का दबाव बनाने लगे। छह फरवरी 2026 को आरोपियों ने राधिका की पिटाई कर घर से बाहर निकाल दिया। उन्होंने 19 मार्च को पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। सदर कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि राधिका की तहरीर पर आरोपी पति अर्जुन, सास सुमित्रा, ससुर रामकेवल और ननद इंदू निवासी मुंडेरा कला के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# विधायक से मिले शिक्षामित्रों का प्रतिनिधिमंडल, मानदेय वृद्धि पर जताया आभार

### निचलौल में विधायक आवास पर भेंटकर, लंबित समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस। निचलौल/महराजगंज



जनपदीय कार्यकारिणी महाराजगंज के शिक्षामित्रों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सिसवा विधानसभा के विधायक व पंचायती राज समिति के सभापति प्रेम सागर पटेल के निचलौल स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर मानदेय वृद्धि एवं कैशलेस इलाज की घोषणा पर आभार व्यक्त किया।निचलौल ब्लॉक के शिक्षामित्रों ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये किए जाने तथा परिवारजनों को पांच लाख रुपए कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने की घोषणा से शिक्षामित्रों में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में शिक्षा मित्रों का एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

इस दौरान शिक्षामित्रों ने अपनी शेष लंबित समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी विधायक को सौंपा और शीघ्र निस्तारण की मांग की।


विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे शिक्षामित्रों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे तथा जल्द ही उनसे मुलाकात भी कराएंगे।

इस अवसर पर मनोज सिंह के साथ संगठन के उपाध्यक्ष निर्भय सिंह पटेल, महामंत्री महेश सिंह, मंत्री बेचई प्रसाद, कोषाध्यक्ष विजय प्रताप कुशवाहा, मीडिया प्रभारी विश्वंभर पाठक, रमेश पांडेय, मनिकराज तथा सिसवा से चंद्र प्रकाश पांडेय सहित कई शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# नेपाल में भारी मात्रा में मोबाइल पार्ट्स बरामद

- भारतीय सीमा से तस्करी कर नेपाल पहुंचाए गए मोबाइल से जुड़े सामान
- बार्डर पर बढ़ती तस्करी से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



भारतीय सीमा से सटे पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में अवैध तस्करी के खिलाफ नवलपरासी पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मोबाइल से जुड़े सामान बरामद किए हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सुनवाल नगरपालिका क्षेत्र स्थित एक रिहायशी मकान में छापेमारी की, जहां से भारी संख्या में मोबाइल ग्लास और एयरपॉड्स प्रो बरामद किए गए। नेपाल पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त सामानों की गिनती में कुल 22,500 पीस मोबाइल ग्लास और 910 एयरपॉड्स प्रो (ब्लूटूथ एवं फोन) शामिल हैं। बरामद किए गए सामानों की कुल कीमत करीब 8 लाख 46 हजार नेपाली रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने सभी जब्त सामग्री को महेशपुर भंसार (कस्टम) कार्यालय को सुपुर्द कर दिया है। जिला प्रहरी कार्यालय परासी के सूचना अधिकारी प्रहरी नायब उपरीक्षक वीर दत्त पन्त ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सूत्रों के अनुसार, भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इन दिनों तस्करी की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। महराजगंज जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों में जैसे शीतलापुर, बहुआर कला, लक्ष्मीपुर खुर्द, ठूठीबारी, बरगदवा, परसामलिक, सेवतरी, भगवानपुर और सोनौली से भारतीय सामान बड़े पैमाने पर नेपाल भेजे जा रहे हैं। हालांकि नेपाल पुलिस द्वारा तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई और बरामदगी से इस बात की तस्दीक कर रही है, की बार्डर पर तस्करों और जिम्मेदारों से मिलीभगत के साथ बढ़ती तस्करी के चलते भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## तुलसीसदन में 24 व 25 मार्च को होगा दो दिवसीय मेले का आयोजन

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार के ÷नव निर्माण के नौ वर्ष÷ पूर्ण होने के अवसर पर जिला मुख्यालय पर 24 एवं 25 मार्च को तुलसीसदन ( हादीहाल ) में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जायेगा। इस दो दिवसीय मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी जायेगी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया जायेगा तथा प्रदेश सरकार के 9 साल की उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की जायेगी। दो दिवसीय मेले में प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधिगणों द्वारा प्रतिभाग भी किया जायेगा। दो दिवसीय मेले में जनसामान्य अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त कर सकते है।

# महिला आरक्षियों ने बाइक रैली निकालकर महिला सशक्तिकरण का दिया सन्देश

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिले में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित %मिशन शक्ति% अभियान के तहत सोमवार को पुलिस प्रशासन की ओर से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल के साथ पुलिस लाइन से महिला आरक्षियों की दोपहिया वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए आत्मनिर्भरता का संदेश दिया और महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने हेतु प्रेरित किया। रैली के दौरान महिलाओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार के अपराध या उत्पीड़न को सहन न करें। आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता ( 112 ) या महिला हेल्पलाइन ( 1090 ) का सहारा लें। इस दौरान एसपी दीपक भूकर ने कहा, ÷महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास भरना और अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करना है।÷ पुलिस विभाग महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गांव-गांव और मोहल्लों में जाकर पुलिस टीमें महिलाओं को सरकारी योजनाओं और सुरक्षा तंत्र की जानकारी दे रही हैं। इस अवसर पर जिले के कई अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

# नहीं खत्म हो रही रसोई गैस की किल्लत.. गाड़ी नहीं पहुंचने से लोग परेशान

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



जिले में रसोई गैस की किल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी अधिक बढ़ गई है। सिलिंडर लदी गाड़ियों नियमित नहीं आ रही हैं। कहीं एक दिन बाद गाड़ियां पहुंच रही हैं तो कहीं लोग गैस के लिए परेशान हैं।

तिघरा इलाके के रमवापुर स्थित गैस एजेंसी पर गैस लेने के लिए लोगों की लंबी कतार लग रही है। हालत यह है कि कई उपभोक्ता सुबह पांच बजे से ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। शेषनाथ, उमर, कपिल समेत कई उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर सिलिंडर कम पहुंच रहा है, जिससे मांग के मुकाबले आपूर्ति कम पड़ जा रही है। इसके चलते लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। वही, एजेंसी से जुड़े लोगों का कहना है कि गैस की गाड़ियां एक दिन के अंतराल पर आ रही हैं। रविवार को 342 सिलिंडर लेकर गाड़ी आई। उपभोक्ताओं को सिलिंडर दिए गए। हालांकि, बताया जा रहा है कि यहां करीब पांच सौ लोग पहुंचे थे। ऐसे में अधिकतर लोगों को निराश होना पड़ा। महुली प्रतिनिधि के अनुसार, क्षेत्र में दो गैस एजेंसी होने के बावजूद आमजन के साथ ही छोटे बड़े दुकानदारों को भी गैस की काफी दिक्कत है। लोग बुकिंग का समय से ओटीपी न मिलने से परेशान नजर आ रहे हैं। लोगों को सिलिंडर भी नहीं मिल पा रहा है। चाय व फास्ट फूड दुकानों पर असर पड़ रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले में सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में शिक्षिका से चेन छीनने वाला बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे। लीलापुर पुलिस ने थाना इलाके के पूरनपुर खजूर गांव के समीप मुठभेड़ में आरोपी को किया गिरफ्तार। बता दें कि थाना लीलापुर व लालगंज पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हांथ लगी है। लालगंज पुलिस की सूचना पर लीलापुर पुलिस ने एक बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया। जिस पर बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इस दौरान पुलिस द्वारा जबाबी फायरिंग में बदमाश के दोनों पैर में गोली लगी और वो घायल हो गया। इसके एक साथी विपिन सिंह को पुलिस ने रविवार को भोर में हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। ये दोनों प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर की शिक्षिका से लूट की घटना को अंजाम दिए थे। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण में रविवार रात लालगंज पुलिस इलाके में चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति काली स्प्लेंडर बाइक से तेज गति से लीलापुर ( बाबूगंज ) की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष लीलापुर बैकुण्ठ नाथ पाण्डेय द्वारा तत्काल पुलिस टीम को सक्रिय करते हुए बाबूगंज क्षेत्र में सघन चेकिंग कराई गई। चेकिंग के दौरान बढ़नी रोड पर पूरनपुर खजूर मोड़ के पास संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया, तभी आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में



आरोपी के दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और इलाज हेतु सीएचसी लालगंज भेजा गया है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम सतीश पटेल बताया। उसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस, दो खोखा कारतूस एवं थाना लीलापुर में दर्ज मुकदमे से संबंधित छीनी गई चेन की बिक्री के तीन हजार आठ सौ तीस रुपये नकद बरामद किया गया। बदमाश की बाइक को पुलिस ने एमवी एक्ट में सीज कर दिया।

एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय ने बताया कि लालगंज थाना इलाके में सरकारी अध्यापिका से चेन छिनैती की नाकाम कोशिश के बाद उसी दिन लीलापुर थाना इलाके में एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका से चेन छिनैती के आरोपी बदमाश को दोनों थानों की पुलिस तलाश कर रही थी। सर्विलांस व सीसीटीवी फुटेज के जरिये दो बदमाशों को चिन्हित किया गया था। एक बदमाश को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया था जबकि दूसरे बदमाश सतीश पटेल को सोमवार को पुलिस ने पकड़ने की कोशिश की तो इसने फायरिंग कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के दोनों पैर में गोली लगी और ये घायल हो गया। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये बदमाश महेशगंज थाना इलाके का रहने वाला है इसके खिलाफ पहले से भी कई गम्भीर मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रधानों, प्रधानाध्यापकों के समन्वय से सुधरी परिषदीय स्कूलों की दशा : महेश शुक्ल

जन एक्सप्रेस। बस्ती



हरैया और दुबौलिया ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित हुई। हरैया ब्लॉक की कार्यशाला बीआरसी परिसर तथा दुबौलिया ब्लॉक की कार्यशाला विशेषरगंज स्थित एक मैरेज हाल में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, विशिष्ट अतिथि विक्रमजोत के ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह और पूर्व ब्लॉक प्रमुख योगेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राथमिक विद्यालय तेनुआ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों के समन्वय से परिषदीय स्कूलों की दशा सुधरी है। कहा कि आप सब मिलकर विकास एवं शिक्षा को और आगे बढ़ाने का प्रयास करें। कहा कि कायाकल्प के माध्यम से विद्यालयों में सुविधाएं बढ़ी हैं और गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि जनप्रतिनिधि और शिक्षक मिलकर विद्यालयों को बेहतर बनाएं। शिक्षकों की मेहनत से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। बीईओ ने कहा कि हम सभी को अपने विद्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर और पठन-पाठन को लेकर इस तरह कार्य करना है ताकि हमारे दायित्वों पर कोई प्रश्न ना लगा पाए और यह जनप्रतिनिधियों और प्रधानाध्यापकों के आपसी समन्वय से ही संभव है। उन्होंने डीबीटी, शारदा, विद्यालय प्रबंध समिति, ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, आईसीटी लैब, बालिका शिक्षा, स्मार्ट क्लास आज के बारे में विस्तार से बताया। उन्मुखीकरण के संदर्भदाता एआरपी सन्तोष कुमार शुक्ल, रवीश कुमार मिश्र, मनोज मिश्र, काशीराम वर्मा और राजीव शुक्ल ने कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, बालिका शिक्षा, समावेशी शिक्षा आदि पर विस्तार से बताया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों और प्रधानाध्यापकों को अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नवोदय परीक्षा में सफल होने पर कंपोजिट विद्यालय बड़ेरिया कुंवर की चार छात्राओं प्रीति मौर्या, अंजलि प्रजापति, नव्या शर्मा, खुशी वर्मा और उनके शिक्षक अशोक वर्मा, आकांक्षा सिंह तथा प्राथमिक विद्यालय नारायनपुर प्रथम के दो छात्र आदित्य, रितिका और उनके शिक्षक रामजी वर्मा, दिनेश वर्मा को भी सम्मानित किया गया। 100 सेकेंड में 195 देशों का नाम बताने में वाली शंभूपुर विद्यालय की छात्रा दीपांशी तथा प्रधानाध्यापक प्रशान्त मणि सिंह को भी सम्मानित किया गया। आगामी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हरैया ब्लाक के तीन शिक्षकों अनिल सिंह, माया गुप्ता और चंद्रशेखर ओझा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन धनीश त्रिपाठी और योगेश सिंह ने किया। इस अवसर पर आलम चौधरी, अर्जुन सिंह, परशुराम सिंह मुन्ना, पिंटू चौहान, अशोक शुक्ल, प्रभात सिंह, तुलसीराम वर्मा, राधिका यादव, राम सागर वर्मा, विकास पाण्डेय, राम पियारे, गिरिजेश बहादुर सिंह, विवेक कान्त पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और शिक्षक उपस्थित रहे।

# वीरेंद्र शुक्ला ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया

**डॉ राम मनोहर लोहिया जी की 116 वी जयंती के उपलक्ष में सपा के वरिष्ठ के आवास पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

सोमवार को राजधानी मार्ग सब्जी मंडी स्थित समाजसेवी वीरेन्द्र शुक्ला के आवास पर डॉ राम मनोहर लोहिया जी की 116 वी जयंती के उपलक्ष में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ और युवा समाजसेवी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया कार्यक्रम का संचालन राजन कनौजिया ने किया,कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम वीरेन्द्र शुक्ला ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये और मिष्ठान भी वितरण किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि डॉ राम मनोहर लोहिया जी एक प्रखर स्वतंत्रता सेनानी, महान समाजवादी विचारक और राजनेता थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति में 'गैर-कांग्रेसवाद' और 'सप्त क्रांति' जैसे महत्वपूर्ण विचार दिए।

लोहिया ने नेहरू के काम की बार-बार आलोचना की। उन्होंने अंग्रेजी भाषा के व्यापक उपयोग के खिलाफ भी आवाज़ उठाई और इसके लिए एक व्यापक अभियान चलाया। लोहिया ने सार्वजनिक रूप से उच्च जातियों के प्रभुत्व पर भी सवाल उठाया और जाति-आधारित सकारात्मक कार्रवाई की वकालत की।

उनके इन्हीं कार्यों की व्यापकता के चलते भारत के शीर्ष राष्ट्रीय विधि विद्यालयों में से एक, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ, का नाम उन्हीं के नाम पर रखा गया है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में पूर्व नगर अध्यक्ष उमा लाल यादव जी, विक्रम भदोरिया, डॉ अरुण सविता, सुनील यादव लाली, सर्वेश लोधी, अनिल सिंह, आजम मंसूरी, नीरज यादव, रोहन कनौजिया, बबलू, राहुल यादव, गौरव यादव, निसित श्रीवास्तव, करण सिंह भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला महिला चिकित्सालय, अचलगंज सीएचसी और नवाबगंज सीएचसी में शुरू किया जायेगा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सीएचसी नवाबगंज में अंतरा त्रैमासिक सबक्यूटेनियस इंजेक्शन के उपयोग, लाभ, साइड इफेक्ट्स और वितरण प्रक्रिया पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सोमवार को आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीएचओ, एएनएम, स्टाफ नर्स, काउंसलर समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए।

डॉ. मो. आरिफ डीएफपीएलएम ने बताया कि अंतरा त्रैमासिक सबक्यूटेनियस इंजेक्शन परिवार नियोजन का एक सुरक्षित, लंबे समय तक प्रभावी गर्भनिरोधक विकल्प है, जो हर तीन माह में एक बार लगाया जाता है। एक अप्रैल 2026 से उन्नाव जिले की चयनित चिकित्सा इकाइयों में इसे उपलब्ध कराया जाएगा। यह जिले में जिला महिला चिकित्सालय, अचलगंज सीएचसी और नवाबगंज सीएचसी में शुरू होगा।

इच्छुक लाभार्थी आसानी से इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगी। बताया कि हर डोज लेने पर लाभार्थी को 100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

इसके अलावा सभी आशा कार्यकर्ताओं को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे गांव-गांव जाकर संभावित लाभार्थियों की पहचान करें और उन्हें केंद्र तक लाएं। इससे जिले में परिवार नियोजन के लक्ष्य आसानी से पूरे हो सकेंगे। '

बैठक में मुख्य रूप से डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. मो. आरिफ डीएफपीएलएम, पीएफआई इंडिया से कपिल श्रीवास्तव व अब्दुल बासित फारूकी, एआरओ गौरी गुप्ता, काउंसलर कामिनी कुशवाहा समेत सीएचसी नवाबगंज के स्टाफ उपस्थित रहे।

# नवाबगंज में नवरात्रि पर्व पर भव्य भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। नवरात्रि के पावन पर्व पर नवाबगंज कस्बे के सेरसा रोड स्थित काली मंदिर के पास सोमवार को भव्य भंडारा आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया, जिसमें पुड़ी-सब्जी और बूंदी का प्रसाद का वितरण हुआ।

मां दुर्गा की आराधना के बीच कन्या पूजन और भोज का भी विशेष आयोजन हुआ। सेरसा निवासी रामखेलावन रावत द्वारा प्रायोजित इस भंडारे में कन्याओं का पूजन कर दक्षिणा भेंट की गई और उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया। उसके बाद भंडारा शुरू हुआ, जो शाम तक चला। सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। भंडारे के संचालन में रामखेलावन रावत के नेतृत्व में संतोष रावत, दिनेश कुमार, सुजीत विमल, हरिगोविंद सिंह, निखिल, रिषभ, प्रज्ज्वल, राजन, संदीप आदि सक्रिय रहे। उन्होंने प्रसाद वितरण में कड़ी मेहनत की।

# 25 हजार का इनामी गौ-तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



मीरगंज और मछलीशहर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी अंतर्जनपदीय गौ-तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में दबोच लिया गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

घटना 22 मार्च की रात करीब 10:45 बजे की है, जब मीरगंज पुलिस गोधना बाजार में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि बंधवा बाजार की तरफ से दो बदमाश बाइक से भाग रहे हैं, जिनका पीछा मछलीशहर पुलिस कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने चौकी खुर्द क्षेत्र में घेराबंदी कर दी।

घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान आरिफ (32) निवासी लमहन, थाना महाराजगंज के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 0.315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा और हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई। पुलिस के अनुसार आरिफ पर जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, पशु तस्करी, आर्म्स एक्ट समेत 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह मीरगंज और मछलीशहर थानों में दर्ज कई मामलों में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजते हुए उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# गड़ही पर बने अवैध निर्माण को हटाने की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती



मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के खझौला निवासी विवेक सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह ने समाधान दिवस में और उप जिलाधिकारी सदर को पत्र देकर गड़ही संख्या 340 पर अवैध रूप से मनोज सिंह पुत्र ओंकर सिंह, गंगाराम पुत्र रामानन्द, शिवदास पुत्र लालमन, हरीराम पुत्र बृजमोहन द्वारा मकान बनाकर कब्जा कर लिये जाने के मामले में गड़ही की भूमि को खाली कराकर जुर्माना जमा कराने की मांग किया है। प्रार्थना पत्र में विवेक सिंह ने कहा है कि तहसीलदार बस्ती द्वारा गड़ही संख्या 340 पर अवैध रूप से मकान बनाने के मामले में वेदखली व क्षतिपूर्ति का आदेश होने के बावजूद लेखपाल अर्पित श्रीवास्तव व कानूनगो कब्जा हटवाने में आनाकानी कर रहे हैं। विवेक ने मांग किया है कि टीम गठित करके इसे खाली कराया जाय।

# सिटी पब्लिक स्कूल में विजेताओं को पुरस्कृत कर बढाया हौसला



जन एक्सप्रेस। बस्ती

सिटी पब्लिक स्कूल गनेशपुर के बच्चों में लेखन प्रतियोगिता और गणित ओलंपियाड की प्रतियोगिता कराई गई। इसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रिया शुक्ला डायरेक्टर अमित शुक्ला प्रबंधक उदय शंकर शुक्ला ने प्रमाण पत्र वितरण किया। उन्होने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि सिटी पब्लिक स्कूल के छात्र सभी विषयों में अच्छा ज्ञान अर्जित करें इसका पूरा प्रबन्ध किया गया है। साथ ही उनके बीच रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है जिससे वे किताबी ज्ञान के साथ ही व्यवहारिक में भी दक्ष होकर देश के सुयोग्य नागरिक बने। एलकेजी और यूकेजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। वहीं कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों को गणित ओलंपियाड में शानदार उपलब्धि के लिए पुरस्कृत कर हौसला बढाया गया। प्रतियोगिता में करण, वीर, नैना, अफजल, सैफुद्दीन, शिवांश, श्रेया, खुशी, मनीषा, विपिन, प्रिंस, आर्यन, आकांक्षा, आराध्या, वीर, एवं अन्य बच्चों ने अपनी विशेष जगह बनाकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

## सेवईं नाला में स्नान के दौरान युवक लापता

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन कपसियां गांव स्थित सेवईं नाला के चेकडैम पर सोमवार दोपहर स्नान करते समय 28 वर्षीय दीपू यादव डूबकर लापता हो गया। वह शेरापट्टी गांव निवासी लोरिक यादव का इकलौता पुत्र था और प्रयागराज में रहकर सिविल सेवा की तैयारी कर रहा था। चार दोस्तों के साथ नहाने गया दीपू तेज बहाव में फंस गया। साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन वह डूब गया।

# लायन्स क्लब क्षितिज का भव्य आयोजन : नववर्ष पर डांडिया-गरबा में झूम उठा जौनपुर

**मां दुर्गा की आरती से हुआ शुभारंभ, भजन-गरबा में देर रात तक उमड़ा उत्साह**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



भारतीय नववर्ष संवत-2083, चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के अवसर पर लायन्स क्लब क्षितिज द्वारा राजमहल परिसर में भव्य डांडिया महोत्सव आयोजित किया गया। संस्थाध्यक्ष लायन अतुल सिंह के नेतृत्व एवं संस्थापक अध्यक्ष एमजेएफ शशांक सिंह रानू के मार्गदर्शन में पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ दिलीप सिंह, एमजेएफ विष्णु सहाय, लायन धर्मेंद्र सेठ, एमजेएफ प्रदीप सिंह व डांडिया कॉर्डिनेटर लायन जय कृष्ण साहू के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

शुभारंभ डॉ. रजनी कांत द्विवेदी द्वारा मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से हुआ। मुख्य अतिथि बृजेश सिंह 'प्रिन्सू', विशिष्ट अतिथि लायन अर्पण धर दुबे, डॉ. क्षितिज शर्मा व उमेश चंद्र कक्कड़ ने दीप प्रज्ज्वलित किया। 'जय माता दी' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

चेयरपर्सन आराधना सिंह व शुभ मंगलम इवेंट के निर्देशन में शिल्की श्रीवास्तव, शांभवी सिंह, वंशिका सिंह, डॉ. प्रिया सिंह, सीमा चक्रवाल, पूजा श्रीवास्तव, साक्षी टंडन, गायत्री जायसवाल व महक सिंह की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। अमर सुदामा ग्रुप ने गणेश वंदना व झांकियां प्रस्तुत कीं। भजन गायक राजेंद्र राज के गीतों पर डांडिया-गरबा में लोग देर रात तक झूमते रहे। प्रतियोगिताओं में विशाल-एकता बरनवाल, शुभम गुप्ता, डॉ. प्रिया सिंह, विशाल गुप्ता व डॉ. आकांक्षा द्विवेदी विजेता रहे।

इस अवसर पर अजीत सोनकर, सुनील कन्नौजिया, यवनिका सिंह, अर्चना सिंह, किरण सेठ, नीतू सिंह, सुषमा सोनकर, निशा कनौजिया, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, कौशल त्रिपाठी, देव आनंद, सर्वेश जायसवाल, डॉ. प्रशांत, राजीव गुप्ता, संजय बैंकर, संजय गुप्ता, डॉ. चंदन नाथ, जगन्नाथ मोदनवाल, देवेश, मो. हाफिज, हसन अब्बास, सुनील जायसवाल, नीरज सिंह, नीरज श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, संजय जायसवाल, विनय बरोतिया, दीपक साहू, डॉ. विकास रस्तोगी, अंजनी प्रजापति, दिलीप जायसवाल, चंद्रशेखर गुप्ता, रत्नेश गुप्ता, विशाल बरनवाल, डॉ. सतीश चंद्र मौर्य, प्रदीप श्रीवास्तव, रामकृपाल, राम अचल मौर्य, डॉ. योगेंद्र सिंह, रजनी साहू, शरद टंडन, अभिषेक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन संजय गुप्ता, प्रदीप सिंह व अंजनी प्रजापति ने किया, जबकि निर्णायक मीनाक्षी सोनकर, रश्मिता सिंह, बबीता चौबे, सुनीता राय, सरला माहेश्वरी व नीतू सिंह रहीं। आयोजन भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बना।

# जौनपुर के धर्मेश यादव का राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन, जीते सिल्वर व दो ब्रॉन्ज मेडल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



चंडीगढ़ के सेक्टर-7 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित पांचवें खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स में जनपद जौनपुर के मास्टर एथलीट धर्मेश यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया है। करंजाकला विकासखण्ड के ग्राम प्यारेपुर निवासी धर्मेश यादव (पुत्र स्वर्गीय चंद्रजीत यादव) ने लांग जंप में सिल्वर मेडल और गोला फेंक में कांस्य पदक अपने नाम किया।

इसके साथ ही उन्होंने 100M4 रिले रेस में उत्तर प्रदेश टीम का हिस्सा बनते हुए शानदार प्रदर्शन किया और टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रकार धर्मेश यादव ने प्रतियोगिता में कुल एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए।

प्रतियोगिता में देशभर के 21 राज्यों से 700 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया,

जिससे मुकाबला बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा।

धर्मेश यादव की इस उपलब्धि पर मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन जौनपुर के अध्यक्ष जिलाजीत ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। धर्मेश यादव ने अपनी सफलता का श्रेय बनकट गांव निवासी डॉ. अजीत यादव को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और नेतृत्व में ही यह उपलब्धि संभव हो सकी।

# शांति भंग की आशंका में 5 अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने किया चालान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर जनपद बरसठी में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के अभियान के तहत थाना बरसठी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने शांति भंग की आशंका में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 मार्च 2026 को थाना बरसठी पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों से कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में चालान किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में दिनेश कुमार गौतम (30 वर्ष), रामराज उर्फ दिलीप (45 वर्ष), अमन पुत्र रामराज (18 वर्ष), केशव प्रसाद गौड़ (59 वर्ष) और सुनील कुमार गौड़ (36 वर्ष) शामिल हैं। ये सभी थाना बरसठी क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, इन सभी के खिलाफ शांति भंग करने की आशंका के चलते यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी टीम में थाना बरसठी के उपनिरीक्षक एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने शहीद भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शहीद-ए-आजम भगत सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर जौनपुर के शहीद भगत सिंह पार्क में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद धनंजय सिंह और स्रष्ट बृजेश सिंह 'प्रिंशु' ने महान क्रांतिकारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित जनसमूह और युवाओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लेना देशप्रेम की पराकाष्ठा थी। उन्होंने जोर देकर कहा, 'भगत सिंह का बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। उन्होंने अपनी शहादत इसलिए दी थी ताकि देश का हर युवा जागरूक बने और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

समाज में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने इसे देश के भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहाः संवैधानिक लक्ष्यों की अनदेखीः गांधी जी के आदर्शों और हमारे संविधान में नशामुक्त समाज की कल्पना की गई है, लेकिन आज स्थिति इसके विपरीत है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पुत्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जिले के लिए बेहद दुखद समाचार सामने आया है। डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर के ज्येष्ठ पुत्र प्रणव सिंह का पंजाब में एक सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया।

इस हृदयविदारक घटना की खबर मिलते ही कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताया जाता है कि प्रणव सिंह एक कॉलेज में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे। बीते शनिवार को ईद के पर्व के चलते हॉस्टल का मेस बंद था, जिस कारण वह बाइक से होटल की ओर खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में हुए सड़क हादसे ने उनकी जिंदगी छीन ली। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जैसे ही उनका पार्थिव शरीर सुजानगंज स्थित आवास पर पहुंचा, वहां कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं क्षेत्र के लोग भी इस असहनीय पीड़ा में सहभागी बनकर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे।

हर आंख नम थी और हर जुबां पर एक ही सवाल–इतनी कम उम्र में आखिर क्यों?

प्रणव सिंह के असमय चले जाने से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र ने एक होनहार युवा को खो दिया है। उनके मिलनसार स्वभाव और उज्ज्वल भविष्य की चर्चाएं अब यादों में बदल गई हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें।

## जौनपुर में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस': 179 शिकायतें, 28 का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। तहसील केराकत सभागार में सोमवार को आयोजित 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' में प्रशासनिक सख्ती और संवेदनशीलता दोनों का संतुलित स्वरूप देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 दिनेश चन्द्र ने की, जबकि कुंवर अनुपम सिंह भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए। समाधान दिवस में भूमि विवाद और अतिक्रमण से जुड़े कई मामले प्रमुखता से सामने आए। ग्राम नरहन निवासी संतश्री रामजनम नागर ने रामजानकी मंदिर एवं आश्रम निर्माण में बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत की, जिस पर नायब तहसीलदार और सीओ चकबंदी को जांच के निर्देश दिए गए। वहीं मुरलीपुर निवासी अश्वनी उपाध्याय ने जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई, जिसे उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया गया।

# सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कराया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

## 42 यूनिट हुआ रक्तदान, केजीएमयू लखनऊ की टीम तत्वावधान में हुआ शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। सिदाकत मंसूरी




**मोहम्मदी खीरी।** सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी रेहरिया मोहम्मदी द्वारा केजीएमयू लखनऊ के सहयोग से सरदार जी पैलेस पिपरिया धनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर और प्रथम यूनिट खून दान कर शिविर का शुभारंभ करवाया गया। तत्पश्चात तमाम क्षेत्रीय नौजवानों द्वारा बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में 50 रक्तदान कर्ताओं ने हिस्सा लिया, जिसमे 8 सैंपल रिजेक्ट हुए कल 42 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी रेहरिया द्वारा तहसील क्षेत्र में सामाजिक कार्य कर रहे और समाज के लिए हमेशा आगे रहकर तत्पर्यता के मद्देनजर लोगो की हमेशा मदद करते रहते है ऐसे लोगो को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से सोसायटी द्वारा उन्हें सरोफा पहनाकर व सम्मनित अवॉर्ड से नवाजा।

इस दौरान सरदार रेशम सिंह पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी रेहरिया के अध्यक्ष पलविंदर सिंह द्वारा उचौलिया पसगवां थाना क्षेत्र समेत मैगलगंज, शाहजहांपुर रोज़ा थाना क्षेत्र में सामाजिक कार्यो में जुटे रहें वाले सेवा का जुनून वेलफेयर फाउंडेशन की टीम के डायरेक्टर डॉ. संजीत सिंह सनी को बेहतरीन सामाजिक कार्यो के चलते वही मोहम्मदी में शयवम राठौर के सामाजिक कार्यो के मद्देनजर उन्हें भी सरोफा व सम्मानित अवार्ड सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।


इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि मोहम्मदी सीओ अरुण कुमार सिंह रहे, उन्हें ने ही सबसे पहले फीता काटकर व पहला रक्तदान कर प्रोग्राम का उद्घाटन किया। ये प्रोग्राम शहीदे आज़म आज़म सरदार भगत सिंह की पुण्य को समर्पित करते हुए आयोजित किया गया।

## बेकाबू होकर बाइक खंभे में घूसी दो युवकों की मौत

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। धौरहरा क्षेत्र स्थित ईसानगर थाना इलाके में शनिवार देर शाम एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना सरपतहा चौकी के पास हुई। मृतकों की पहचान नकहिया सरपतहा निवासी सतीश उर्फ छोटू (20) पुत्र क्रपाली गौतम और बालक राम (22) पुत्र राममिलन निषाद के रूप में हुई है। दोनों युवक किसी काम से बाइक पर जा रहे थे। सरपतहा चौकी के पास अचानक उनकी तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित होकर बाइक सड़क किनारे एक बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में सतीश उर्फ छोटू की मौके पर ही मौत हो गई।गंभीर रूप से घायल बालक राम को तुरंत खमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे भी मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पेड़ पर नाली–खड़ंजा की मांग को लेकर चढ़े वार्ड सदस्य, पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उतारा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



मैगलगंज विकास कार्यों की अनदेखी से क्षुब्ध होकर जनप्रतिनिधियों द्वारा अनोखे प्रदर्शन के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, लेकिन सोमवार को ग्राम पंचायत खखरा में हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। मढिया घाट मार्ग स्थित इस गांव के वार्ड संख्या 15 के सदस्य महात्मा रछपाल अपनी मांगों को लेकर अचानक पेड़ पर चढ़ गए, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।मिली जानकारी के अनुसार, महात्मा रछपाल लंबे समय से अपने क्षेत्र में नाली और खड़ंजा निर्माण की मांग कर रहे थे। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद जब प्रशासन ने सुध नहीं ली, तो उनका धैर्य जवाब दे गया। आक्रोशित होकर वे पेड़ पर जा बैठे। ग्रामीणों ने उन्हें नीचे उतारने की काफी कोशिश की, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। पुलिस और ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

पेड़ पर चढ़े रछपाल को समझाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। काफी देर तक चली समझाइश और आश्वासन के बाद पुलिस उन्हें सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही।व्रत के दौरान उठाया यह कदम,हैरानी की बात यह है कि महात्मा रछपाल इन दिनों नवरात्र का व्रत रखे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि वे पहले भी मूलभूत सुविधाओं के लिए कई बार अनशन और प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान न होने से वे काफी आहत थे। प्रशासन से समाधान की मांग इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों का कहना है कि बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली और खड़ंजा निर्माण शुरू कराने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# चभाल फार्म पर अवैध रूप से विद्यालय की मान्यता

## शिक्षा विभाग और भूमाफियाओं की जुगलबंदी जग जाहिर
## रोक के बावजूद कौन कर रहा खेती जांच का विषय
## कब्जा बनाए रखने के लिए प्रतिदिन नए प्रयास जारी

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम बसैगापुर में भू माफियाओं ने पहले चभाल कृषि सहकारी समिति की 258 एकड़ जमीन का खुर्द बुर्द करके बैनामा करवा कर जमीन पर कब्जा कर लिया फिर इस विवादित भूमि पर शायद सदा के लिए कब्जा बनाए रखने के लिए स्कूल खोलकर बच्चों को पढ़ाने लगे और उसकी सरकारी तौर पर बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता भी ले ली। बताया जाता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता नहीं मिल सकती है। मिली जानकारी के अनुसार भू माफियाओं ने 2017 में तेज रसीला पब्लिक स्कूल नाम से स्कूल खोलकर कक्षा 5 तक मान्यता करा ली लेकिन बताते हैं कि पढ़ाई कक्षा 8 तक की जा रही है। एक तरफ शिक्षा विभाग कहता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता ना देने का सरकार का प्रावधान है परंतु 2017 में खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह ने शासनादेश को ताक पर रख कर धता बताते हुए भू माफियाओं के स्कूल को मान्यता दे दी जिसको वह माफिया चला रहे हैं। बताते हैं कि इस विवादित भूमि की जांच व कार्रवाई तेज होने के बाद एक भूमाफिया चंद्र प्रकाश अरोड़ा अब उस जमीन पर गुरु कृपा आश्रम खोलकर जमीन को अपने कब्जे में बनाए रखने का प्रयास कर रहा है क्योंकि सन 2024 अप्रैल में सहायक निबंधक सहकारिता ने उक्त जमीन पर गेहूं की फसल काटे जाने व भूमाफियों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। यह बात दीगर है कि रोक के बावजूद भी भूमि पर निरंतर खेती बाड़ी जारी है और निरन्तर फसलें उगाई जा रही हैं कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि यह फसल माफियाओं की है या सहकारिता विभाग की है। मामला सब गोलमाल जैसा दिखाई देता है असलियत क्या है यह भी एक विशुद्ध निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

# पत्नी से विवाद में युवक फंदे से लटका मौत



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

रेहरिया चौकी क्षेत्र के गांव बरखेरा में पत्नी से विवाद में युवक खेत पर रस्सी के फंदे से पेड़ पर लटक गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

बरखेरा निवासी रामकृपाल ने बताया उसने अपने पुत्र शिवा 23 वर्षीय का अपनी पत्नी नैंसी से खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया था रविवार की रात दोनों घर पर सोए हुए थे सोमवार को सुबह गांव के सतीश के ट्यूबवेल के पास खड़े गूलर के पेड़ में रस्सी के फंदे से लटकते हुए पाए जाने पर हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर परिजनों ने मौके पर जाकर पुलिस को सूचना दी थी। चौकी प्रभारी हिमांशु आनंद सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उसकी पत्नी नैंसी दहाड़ मार कर रो रो कर कह छोटी सी बात पर उसका सुहाग उजड़ गया है जिसका पछतावा सारी जिंदगी रहेगा अभी हाथ की मेहंदी भी नहीं सही से छूट पाई थी तब तक उसका संसार उजड़ गया मृतक अपनी पत्नी, मां गीता और पिता रामकृपाल का जीवन का सहारा था परिवार के आगे भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

# प्राथमिक विद्यालय बैलहा डीह को किया गया सम्मानित




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

प्राथमिक विद्यालय बैलहा डीह को यह सम्मान विद्यालय में पठन-पाठन एवं अध्यापन कार्य में विशेष रुचि रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के दृष्टिगत पढ़ाई की गुणवत्ता तथा बच्चों में कौशल एवं क्षमता विकसित करने वैज्ञानिक तथा तार्किक शक्ति का विकास करने में, अध्यापकों द्वारा किए गए विशेष प्रयास एवं लगन से अध्ययन कार्य कराए जाने के कारण ही संभव हो सका, बच्चों के अंदर बढ़ती हुई बौद्धिक क्षमता, कौशल क्षमता एवं तार्किक क्षमता के मूल्यांकन के बाद ही किसी भी विद्यालय को निपुण विद्यालय का सम्मान,बेसिक शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन की तरफ से प्रदान किया जाता है तो विद्यालय का सम्मान प्राथमिक विद्यालय बैलहा डीह को दिए जाने के पीछे विद्यालय के रख रखाव विद्यालय का सौंदर्यीकरण एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा विशेष लगन मेहनत एवं बच्चों के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए, संभव हो पाया है इसके लिए विद्यालय स्टाफ के समस्त शिक्षक गण विशेष कर प्रधानाध्यापक दीपक दीक्षित जी का सराहनीय योगदान रहा सम्मान देते समय उपस्थित अधिकारियों ने प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## चौबेपुर के बड़े महावीरन में भारतीय सुभाष सेना का मुक्ति दिवस कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**बिठूर।** चौबेपुर के बड़े महावीर मंदिर प्रांगण में सोमवार को जयगुरुदेव के शिष्यों द्वारा मुक्ति दिवस के रूप में बहुत ही भव्यता के साथ मनाया जाता है जो आध्यात्मिक एवं राजनीतिक दोनों को साथ में लेकर मनाया जाता है।इसमें अध्यात्म में जो आज हमारे देश में मांस मदिरा और गौ हत्या इनको लेकर के चर्चा की गई। कार्यक्रम में पहली बार भारतीय सुभाष सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, उप राष्ट्रीय अध्यक्षा कुमारी संगीता शर्मा पहुंची थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय सुभाष सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि आज के दिन 23 मार्च 1977 को जेल से छोड़ा गया था। इस दिन को हम लोग प्रतिवर्ष बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक कुमार शर्मा संतोष कुमार प्रजापति गोरेलाल यादव जय नारायण कमल नरेश कमल डॉक्टर विकास सिंह छोटेलाल वर्मा राम शंकर साहू रामशरण राठौर प्रियंका पाल आयोजन प्रिंस शर्मा मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस। तिकुनियां खीरी। कस्बे के ऑक्सफोर्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चो ने देशभक्ति गीत, शिक्षा प्रद नाटक और मनमोहक नृत्य भी बच्चो ने प्रस्तुत किए। रविवार को ऑक्सफोर्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में बच्चों ने पंजाबी,हरियाणवी,गिद्दा नृत्य किया। शिव तांडव देखकर दर्शक ताली बजाने पर मजबूर हो गए। बच्चों ने कव्वाली और पंजाबी भांगड़ा भी किया। प्रेस क्लब के पत्रकार को सम्मानित किया गयाशिक्षा प्रद नाटकों के तहत मोबाइल के दुष्परिणाम बताए गए तो ड्रग्स से होने वाले दुष्प्रभावों को नाटक के माध्यम से बताया गया। बुजुर्ग मां बाप को बच्चें घर से निकाल देते है ऐसे बच्चों को ओल्ड ऐज होम नाटक के माध्यम से शिक्षा दी गई। स्वास्थ्य विभाग की गलत नीतियों को अजब डॉक्टर की गजब कहानी नाटक से उजागर किया गया। कार्यक्रम में चीनी मिल के चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार, एम जार्ज, गुरुकृपाल सिंह, पीएम वर्गीस, शेरी वर्गीस, गुरदेव ढिल्लो, विक्की जायसवाल, पीपी यादव, विवेक चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय से ताला तोड़ कर इन्वर्टर बैटरी चोरी

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। गांव शिव नगरा के कंपोजिट विद्यालय में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कीमती सामान चोरी कर ले जाने पर प्रबंध समिति के अशोक कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गांव के कंपोजिट विद्यालय में चोरों द्वारा पानी की टंकी और दरवाजे जैसे कीमती सामान पहले कई बार चोरी हो गए जिन्हें ग्रामीणों की मदद से दोबारा लगाया गया था पुलिस कार्रवाई न होने के चलते चोरों के हौसले बढ़ गए जिसके चलते उन्होंने रविवार की रात विद्यालय का ताला तोड़कर कमरे में रखा इनवर्टर और बैटरी चोरी कर ले गए हैं जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज नहीं किया है।

## प्रधान से नहीं संभल रही गांव की सरकार गांव में फैली कीचड़

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। प्रधान से नहीं संभल रही गांव की सरकार गांव में सडको पर भरा पानी फैली गंदगी लोग हो रहे बेहद परेशान। स्कूल जाने मे भी बच्चो को काफी परेशानियों होती है बता दें कि ग्राम दिलावरपुर विकास खण्ड मोहम्मदी में ऐसे गांव हैं जहां के मुखिया से गांव की सरकार चलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। मोहम्मदी विकासखंड के कई गांव में चारों तरफ फैली गंदगी व कीचड़ जहां के बाशिंदे हो रहे परेशान। बता दें कि सरकार के सबसे महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन को दिलावरपुर में पलीता लगाया जा रहा है या यूं कहें कि सरकार के योजनाओ पर दिलावरपुर प्रधान फेर रहे पानी लेकिन यह कहना भी गलत नहीं होगा कि प्रधान से नहीं संभल रही गांव की सरकारी गांव में फैला कीचड़, फैली गंदगी लोग हो रहे परेशान। फैले कूड़े से आ रही दुर्गंध (बदबू), सड़कों पर फैली गंदगी भरा पानी गंदा पानी जिससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है नालियों गन्दगी से उफनाई नाली के बाहर सड़क पर भरा जिससे आने जाने वाले लोगो को परेशानी होती है ग्राम मे फैली गंदगी स्वच्छ भारत योजनाओ की जिम्मेदार उड़ा रहे उड़ा रहे धज्जियां। यह पूरा मामला मोहम्मदी विकासखंड के ग्राम दिलावरपुर का है। जहां ग्रामीणों के चेहरों पर साफ साफ मायूसी देखी जा रही है। ग्रामीण प्रधान की कार्यशैली से ना खुश दिखाई दे रहे हैं इसलिए ही ग्रामीणों के चेहरों पर मायूसी देखी जा रही है। वही कुछ ग्रामीणों ने दबी आवाज में बताया की यहां सफाई नही होती हैं अगर होती भी है तो जो लोग ग्राम प्रधान के करीबी है वही होती है। गांव में गंदगी फैलने से संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है।

## ककवन में नवरात्रि महोत्सव की धूम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। ककवन नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर ककवन में आयोजित भव्य राम कथा में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर राम कथा का रसपान कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रख्यात कथावाचक पं. आलोक पांडे को समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर ककवन ग्राम पंचायत चुनाव की तैयारी कर रहे समाजसेवी अमितेश कुमार (अंटू भईया) ने भी पं. आलोक पांडे को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, एकता और संस्कारों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक गिरीश चंद्र बर्मा, अध्यक्ष अर्पण अग्निहोत्री, मोनू कुशवाहा और गोलू शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।आयोजकों के अनुसार, नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित इस राम कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में मां दुर्गा से क्षेत्र में सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई।

## समाज कल्याण विभाग ने बांटे प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

कलेक्ट्रेट में समाज कल्याण विभाग ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। एडीएम न्यायिक बृजपाल सिंह ने यह प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चार लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के दो लाभार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी को योजनाओं का नियमित लाभ मिल रहा है।मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की जानकारी भी साझा की गई। बताया गया कि करीब 150 छात्र-छात्राएं नीट की तैयारी कर रहे हैं, जबकि 100 छात्र यूपीएससी की तैयारी में जुटे हैं। जनपद में लखीमपुर, गोला और चंदन चौकी में तीन केंद्र संचालित हैं। इस अवसर पर अभ्युदय योजना के पांच छात्र प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रभारी कोऑर्डिनेटर संजय मिश्रा भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

# बिल्हौर में गैस संकट और अवैध खनन के खिलाफ सपा का उग्र प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत और सड़क निर्माण के नाम पर किसानों की जमीन से जबरन मिट्टी खनन के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। सपा नेताओं के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर तक पैदल मार्च कर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की, जिसके बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

यह कार्यक्रम डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि सभा के साथ शुरू हुआ। सभा के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं को लेकर एकजुटता दिखाते हुए प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव (युवजन सभा) व पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी आशीष सिंह यादव (चटरू) ने कहा कि बिल्हौर क्षेत्र में गैस सिलेंडर की आपूर्ति चरमरा गई है, जिससे आम जनता को रोजमर्रा के कामों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि तत्काल प्रभाव से आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।साथ ही सपा नेताओं ने बिल्हौर हाईवे से राजेपुर से गदनपुर आहार तक बन रही सड़क में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा किसानों के खेतों से जबरन मिट्टी खुदवाई जा रही है। विरोध करने पर किसानों को धमकाया जा रहा है और उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है।ज्ञापन में मांग की गई कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित किसानों को उनका उचित मुआवजा दिलाया जाए।

प्रदर्शन में चौधरी निर्भय सिंह यादव, चौधरी आशीष सिंह यादव, शाहीर हुसैन जाफरी, कुलदीप यादव, प्रदीप सविता, पप्पू पहलवान, सोनू यादव, अंकित कुशवाहा, आशु यादव, हितांशु, तिलक सिंह यादव, अरशद सिद्दीकी, छोटा यादव, राम प्रकाश, बाकेलाल राजपूत, विकास गौतम, छुन्ना तिवारी, शिव सिंह राजपूत, निराला गौतम और छविराम लोधी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस संकट और किसानों के साथ हो रहे अन्याय का समाधान नहीं किया गया, तो पार्टी जनहित में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# घुसुवापुर में गैस संकट पर ग्रामीणों का विरोध, खाली सिलिंडर खेतों में फेंके

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घुसुवापुर भवन निवादा में रसोई गैस की बढ़ती किल्लत को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। उज्ज्वला योजना के तहत मिले खाली एलपीजी सिलिंडरों को ग्रामीणों ने अपने घरों से निकालकर खेतों में फेंक दिया और इसे केन्द्र सरकार की ऊर्जा नीति के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध बताया।

ग्रामीणों का कहना है कि गैस एजेंसियों पर घंटों लाइन में लगने के बावजूद सिलिंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में घरों में खाली सिलिंडर रखने का कोई मतलब नहीं रह गया है। उनका आरोप है कि गैस की अनियमित आपूर्ति और बढ़ती कीमतों के कारण गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांव की महिलाओं और किसानों ने बताया कि पहले रसोई गैस से उन्हें धुएं से राहत मिली थी, लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि कई परिवार दोबारा लकड़ी और पारंपरिक ईंधन का सहारा लेने को मजबूर हो रहे हैं। इससे उनके स्वास्थ्य और दैनिक जीवन पर भी असर पड़ रहा है।

इस मामले में समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष व ककवन ब्लॉक प्रमुख विनय यादव ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर गैस संकट गहराता जा रहा है,

जबकि सरकार पर्याप्त आपूर्ति के दावे कर रही है।

उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियों पर भीड़ और खाली हाथ लौटते उपभोक्ता व्यवस्था की हकीकत को उजागर करते हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो इसका असर स्थानीय अर्थव्यवस्था और छोटे व्यवसायों पर भी पड़ेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति नियमित की जाए और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## शिवम मिश्रा समेत तीन सभासद मनोनीत

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी



नगर पंचायत बरवर के कार्यों में पारदर्शिता और विकास को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा तीन नए सभासदों को नामित किया गया है। शासन की ओर से शिवम मिश्रा, संजीव गुप्ता और नरेन्द्र कुशवाहा को मनोनीत सभासद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस घोषणा के बाद से ही तीनों नेताओं को क्षेत्रवासियों और शुभचिंतकों से लगातार बधाइयां मिल रही हैं। विशेष रूप से शिवम मिश्रा की नियुक्ति को उनके वर्षों के संगठनात्मक कौशल और भारतीय जनता पार्टी के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतिफल माना जा रहा है। शिवम मिश्रा भाजपा के एक सक्रिय चेहरे रहे हैं और उन्होंने पार्टी में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं, जिनमें पूर्व मंडल संयोजक आईटी विभाग, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, पूर्व बूथ अध्यक्ष भाजपा, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा तथा वर्तमान में मंडल महामंत्री भाजपा बरवर मंडल शामिल हैं। पार्टी के प्रति उनके समर्पण और कार्यकुशलता को देखते हुए ही उन्हें नगर पंचायत में जनहित के कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नामित किया गया है। जैसे ही शिवम मिश्रा के मनोनीत होने की खबर सार्वजनिक हुई, सोशल मीडिया पर उन्हें शुभकामनाएं देने वालों की बाढ़ आ गई। फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उनके समर्थकों और जानने वालों ने संदेशों के माध्यम से खुशी जाहिर की। कार्यकर्ताओं का मानना है कि इन अनुभवी चेहरों के आने से नगर पंचायत के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

# छात्र संघ बहाली मोर्चा ने शहीद दिवस पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, युवाओं ने लिया देश सेवा का संकल्प

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



आज छात्र संघ बहाली मोर्चा द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने शिरकत कर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक अभिनव श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्र नेता अनस ने युवाओं के भीतर राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई। उन्होंने भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों और उनकी अटूट देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम का जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है। वहीं, शरद जी ने छात्रों को भगत सिंह के जीवन परिचय से रूबरू कराया। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार एक कम उम्र के नौजवान ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। उनके व्याख्यान ने उपस्थित छात्रों को इतिहास के उन स्वर्णिम पन्नों से जोड़ दिया। कार्यक्रम के समापन सत्र में आर्यन ठाकुर ने अपनी ओजस्वी कविता का पाठ किया। उनकी कविताओं के जोश और जज्बे ने पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया और पूरा सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने देश की अखंडता और छात्र हितों की रक्षा की शपथ ली। यह आयोजन उन महान क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोर्चा के कोर कमेटी सदस्य अनस, आर्यन ठाकुर, शरद जी, गौरांग पांडे, सुधाकर जी, अंशुमान जी, शुभम सिंह, आयुष, उत्कर्ष और उदय प्रताप सिंह, कुशाग्र द्विवेदी, प्रशांत रजावत, अमन वाजपेयी, वैभव निगम सहित कई छात्र नेता उपस्थित रहे।

## प्रतिभाशाली बच्चे परिवार समाज एवं देश का नाम करते हैं रोशन- सांसद उत्कर्ष

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। शिक्षित होकर प्रतिभाशाली बच्चे परिवार समाज और देश का नाम रोशन करते हैं, उक्त विचार गोविंदापुर ममरी के नाइस एजुकेशनल अकेडमी स्कूल में आयोजित भव्य रंगारंग वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि खीरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने पर व्यक्त किए हैं। सांसद ने कहा बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में लगन मेहनत और सम्मान के साथ आगे बढ़े, शिक्षा से ही व्यक्ति और समाज का निर्माण होता है। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव ने एवं संचालन सुयेश वर्मा ने किया।

# पांच दिन तक ईरान के पावर प्लांट पर नहीं करेंगे हमला : डोनाल्ड ट्रंप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**



अमेरिका और ईरान के बीच जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा अपडेट साझा किया है। राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, अमेरिका की ईरान के साथ सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसके बाद वह मिलिट्री को ईरानी पावर प्लांट और ऊर्जा ढांचों के खिलाफ किसी भी सैन्य हमले को टालने का आदेश देंगे। उन्होंने दावा किया कि दोनों देशों के बीच मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को पूरी तरह खत्म करने को लेकर गंभीर वार्ता जारी है।

## 'दो दिनों में सकारात्मक और उत्पादक बातचीत'

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, 'ईरान के साथ पिछले दो दिनों में बेहद सकारात्मक और उत्पादक बातचीत हुई है, जिसका मकसद मध्य पूर्व में जारी टकराव का पूर्ण समाधान निकालना है। चर्चाओं का ये दौर पूरे हफ्ते जारी रहेगा। दोनों देशों के बीच गहन और विस्तृत चर्चाओं के सकारात्मक रवैए को देखते हुए, 'मैंने अमेरिकी रक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि ईरान के पावर प्लांट्स और ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य हमलों को फिलहाल पांच दिनों के लिए टाल दिया जाए।'

### शांति वार्ता के लिए क्या किए गए प्रयास?

इससे पहले अमेरिकी न्यूज वेबसाइट एक्सिओस ने दावा किया था कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला प्रशासन ईरान के साथ शांति वार्ता की संभावनाओं पर प्रारंभिक चर्चा शुरू कर चुका है। एक शीर्ष अमेरिकी अधिकारी और जानकार सूत्र के हवाले से इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 28 फरवरी से शुरू हुई जंग के बाद बीते तीन हफ्ते में वॉशिंगटन और तेहरान के बीच कोई सीधा संपर्क नहीं हुआ है। हालांकि, मिस्र, कतर और ब्रिटेन ने दोनों पक्षों तक संदेश पहुंचाए हैं। शनिवार को आई एक्सिओस की इस रिपोर्ट में एक अमेरिकी अधिकारी और दो अन्य जानकार सूत्रों के हवाले से लिखा, मिस्र और कतर ने अमेरिका के साथ-साथ इस्राइल को भी सूचित किया है कि ईरान बातचीत करना चाहता है।

### अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत का महत्व

पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के बीच यह संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण है। अमेरिका और ईरान के बीच दशकों से चले आ रहे मतभेदों और संघर्षों को देखते हुए, किसी भी प्रकार की सकारात्मक बातचीत को एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### पश्चिम एशिया में शांति की संभावना

पश्चिम एशिया क्षेत्र दशकों से अस्थिरता और संघर्ष का साक्षी रहा है। अमेरिका और ईरान दोनों ही इस क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, और उनके बीच के संबंध इस क्षेत्र की शांति और स्थिरता को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं। यदि यह कूटनीतिक पहल सफल होती है, तो इससे न केवल दोनों देशों के बीच तनाव कम होगा, बल्कि पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और सुरक्षा की संभावना भी बढ़ेगी।

### एक दिन पहले ट्रंप और स्टार्मर ने की बातचीत

इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ट्रंप और प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने रविवार रात को फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने मौजूदा हालात, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की जरूरत पर बात की, ताकि वैश्विक शिपिंग दोबारा शुरू हो सके। रविवार को ट्रंप की एक पोस्ट ने हंगामा मचा दिया था। ट्रंप ने 48 घंटे की धमकी ईरान को दी थी। कहा था कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य नहीं खोला गया तो ईरान के बड़े बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया जाएगा। इसके जवाब में ईरान ने भी दावा किया कि वो अमेरिकी सहायता से चलने वाले किसी भी संयंत्र को नहीं छोड़ेगा।

# 'प्रधानमंत्री ने कुछ नया नहीं कहा'

## प्रियंका बोलीं, संसद में पश्चिम एशिया पर चर्चा होनी चाहिए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पश्चिम एशिया पर दिए गए बयान को लेकर सवाल उठाए हैं और संसद में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की मांग की है। प्रियंका गांधी ने सोमवार को संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने जो बयान दिया, उसमें कोई नई बात नहीं थी। उन्होंने कहा कि देश को सिर्फ जानकारी दी गई, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर सभी पक्षों की राय सामने आनी चाहिए। उनका मानना है कि संसद में चर्चा होने से सरकार और विपक्ष दोनों अपने-अपने विचार रख सकेंगे, जिससे देश को पूरी तस्वीर समझने में मदद मिलेगी। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और युद्ध जैसी स्थिति पर बयान दिया था। उन्होंने कहा कि इस संकट के दौरान भारत सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता भारतीय नागरिकों की सुरक्षा है। सरकार लगातार सतर्क है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी माना कि यह स्थिति चिंताजनक है और इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम लोगों की आजीविका पर पड़ रहा है।

### होर्मुज से माल ढुलाई में दिक्कत- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने खास तौर पर ऊर्जा और ईंधन आपूर्ति को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली माल ढुलाई में दिक्कत आ रही है, जो तेल और गैस सप्लाई के लिए बहुत अहम मार्ग है। इसके बावजूद सरकार कोशिश कर रही है कि देश में गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई पर कम से कम असर पड़े।

### 'संघर्ष ने कई अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा कर दीं'

उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपनी लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी जरूरतें आयात करता है। ऐसे में अनिश्चित सप्लाई को देखते हुए सरकार घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दे रही है और देश में एलपीजी उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संघर्ष ने आर्थिक, मानवीय और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई नए और अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा कर दी हैं।

# ओडिशा में अंतिम सांसें गिन रहा माओवाद, मांझी बोले, अब सिर्फ 15 नक्सली सक्रिय

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने माओवाद के खात्मे को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब नक्सली अंतिम सांसे गिन रहे हैं। माओवादियों की कमर पूरी तरह टूट चुकी है। सीएम ने दावा किया है कि राज्य में अब केवल 15 नक्सली ही बचे हैं। राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि 31 मार्च 2026 तक ओडिशा को पूरी तरह से माओवाद मुक्त बना दिया जाएगा।

**केवल एक जिले में बचा है माओवादियों का प्रभाव:** विधानसभा में कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बाहिनीपति ने सीएम से सवाल पूछा था। इसके जवाब में मुख्यमंत्री मांझी ने कहा कि वर्तमान में केवल कंधमाल जिला ही केंद्र के सुरक्षा संबंधी व्यय योजना के तहत आता है। यहां भी अब कुछ ही नक्सली ही बचे हैं। हालांकि, जमीनी हकीकत को साफ करते हुए सीएम ने कहा कि राज्य के अन्य हिस्सों से नक्सलवाद का लगभग सफाया हो चुका है। वर्तमान में केवल कंधमाल, कालाहांडी और रायगढ़ जिलों की सीमाओं पर लगभग 15 माओवादी सक्रिय हैं। इनके अलावा राज्य के किसी भी अन्य हिस्से में उनकी मौजूदगी नहीं है।

**सरेंडर नीति का दिख रहा है असर:** सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का असर धरातल पर दिखने लगा है। मुख्यमंत्री के अनुसार, साल 2024 से 15 मार्च 2026 के बीच कुल 96 माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है।

# एआईएडीएमके के साथ गठबंधन तय

## तमिलनाडु में 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु में राजनीतिक तपिश अब चरम पर पहुंच गई है। भाजपा के साथ कई दौर की बातचीत के बाद मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके ने सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर मुहर लगा दी है। चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय में एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रहा है।

### बीजेपी का बढ़ा कद

इस समझौते की सबसे खास बात भाजपा का बढ़ता कद है। समझौते के तहत, बीजेपी इस बार 27 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा अब उत्तर के साथ-साथ दक्षिण के किले को भी भेदने के लिए तैयार है।

### गठबंधन का गणित

इस बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पीएमके के कद्दावर नेता अंबुमणि रामदास और एएमएमके प्रमुख टीटीबी दिनाकरण मौजूद रहे। दिल्ली से लेकर चेन्नई तक बीजेपी ने इस बार अपनी रणनीति बदली है। इतनी बड़ी संख्या में सीटों का मिलना बताता है कि पार्टी अब तमिलनाडु में सिर्फ एक सहयोगी दल नहीं, बल्कि एक मुख्य खिलाड़ी की भूमिका में है। वहीं, सीट शेयरिंग फॉर्मूले के तहत उत्तरी तमिलनाडु में मजबूत पकड़ रखने वाली पीएमके को 18 सीटें दी गई हैं। वन्नियार समुदाय के वोट बैंक को साधने के लिए पीएमके का साथ होना गठबंधन के लिए संजीवनी माना जा रहा है। इस बार एएमएमके को 11 सीटें दी गई हैं। तमिलनाडु में विधानसभा की कुल 234 सीटें हैं।

### 'डीएमके को सत्ता से बाहर करने के लिए बनाया गठबंधन'

पलानीस्वामी ने कहा कि यह गठबंधन डीएमके सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए बनाया गया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि यदि एआईएडीएमके और यूएमएमएके के वोट एक साथ जुड़ जाते हैं, तो डीएमके के लिए राह बेहद मुश्किल हो जाएगी। अब देखना यह है कि यह यह समझौता जमीन पर वोटों में कितना तब्दील हो पाता है।

# गैरेज में ब्लास्ट के बाद जली 6 कारें, अस्पताल तक पहुंची आग की लपटें, बाल-बाल बचे मरीज



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंदौर**

चोइथराम अस्पताल के नजदीक स्थित लेकपार्क कॉलोनी में सोमवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब यहां स्थित एक गैरेज में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही राजेंद्र नगर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया गया।

### 6 कारें जलकर हुई खाक

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस गैरेज में यह अग्निहादसा हुआ वहां 6 कारें खड़ी थीं। आग की चपेट में आने के कारण ये 6 कारें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर समय रहते काबू पा लिया जिससे यह आसपास के रिहायशी इलाकों में नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

### अस्पताल की दीवार से सटा था शेड

फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि यह गैरेज चोइथराम अस्पताल के ठीक सामने स्थित एक ऑटो डीलिंग कंपनी का है। यहां पुरानी कारों की रिपेयरिंग और उन्हें बेचने का काम किया जाता है। जिस शेड में आग लगी थी वह सीधे तौर पर अस्पताल की दीवार से सटा हुआ था। खतरा भांपते हुए सबसे पहले अस्पताल प्रबंधन की ओर से ही पानी डालकर आग को रोकने की कोशिश की गई थी। दमकल विभाग के अनुसार गैरेज में मौजूद कलर स्प्रे और अन्य ज्वलनशील रसायनों की मौजूदगी के कारण आग ने भयावह रूप धारण कर लिया था।

### सांवेर रोड पर भी हुआ था हादसा

उल्लेखनीय है कि इंदौर में आगजनी की यह दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले रविवार सुबह भी सांवेर रोड स्थित नरवल क्षेत्र के एक स्क्रैप गोदाम में आग लग गई थी। मोहम्मद इरफान के इस गोदाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप रखा था जिसके चलते काला धुआं दूर-दूर तक फैल गया था। उस दौरान पास ही बने मजदूरों के क्वार्टरों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था जिसके बाद मजदूरों ने अपना सामान घरों से बाहर निकाल लिया था। पुलिस इन दोनों ही मामलों में आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। गैस सिलेंडर चपेट में आने से बचा गैरेज के पास की एक दुकान पर एक गैस सिलेंडर भी रखा था जिसे समय रहते निकाल लिया गया। आग की लपटें इतनी भीषण थी कि दूर से ही नजर आ रही थी। आसपास की दुकानों को भी आग की वजह से नुकसान हुआ है।

# बंगाल में हुमायूं कबीर के साथ ओवैसी का गठबंधन, ममता बनर्जी की टीएमसी के लिए मुश्किल हुई लड़ाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ गठबंधन का एलान किया है। हुमायूं कबीर तृणमूल कांग्रेस से विधायक रहे हैं, लेकिन बीती साल टीएमसी ने कबीर को पार्टी से निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद हुमायू कबीर ने नई पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी बनाने का फैसला किया।

### हुमायूं कबीर का 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान

हुमांयू कबीर ने आगामी विधानसभा चुनाव में 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। हुमायूं कबीर 15 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान भी कर चुके हैं। हुमायूं कबीर खुद रेजीनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे। हुमायूं कबीर दो मुर्शिदाबाद जिले की दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे। जिनमें रेजीनगर के अलावा नौवाला सीट शामिल है। हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे हैं। जिसके लिए उन्हें करोड़ों रुपये का चंदा मिलने की बात कही जा रही है। बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर वे बीते दिनों काफी चर्चा में थे और जिस तरह से उन्हें लोगों का समर्थन मिला, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में हुमायूं कबीर और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का गठबंधन सत्ताधारी टीएमसी को मुस्लिम बहुल सीटों पर खासा नुकसान पहुंचा सकता है।

### ममता बनर्जी की ऐसे बढ़ी चिंता

पश्चिम बंगाल में मुस्लिम मतदाता 85 सीटों पर निर्णायक स्थिति में हैं। ये सीटें राज्य के पांच जिलों में फैली हैं, जिनमें मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर, बीरभूम और दक्षिण 24 परगना शामिल हैं। ये जिले मुस्लिम बहुल हैं, जहां मुर्शिदाबाद में 66 फीसदी, मालदा में 51 फीसदी, उत्तरी दिनाजपुर में 49 फीसदी, बीरभूम में 37 फीसदी और दक्षिण 24 परगना में 35 फीसदी के करीब मुस्लिम आबादी रहती है। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी ने इन जिलों की 85 विधानसभा सीटों में से 75 पर कब्जा जमाया था। मुर्शिदाबाद जिले में 22 विधानसभा सीटें हैं और मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर का अच्छा खासा प्रभाव है। खासकर बाबरी मस्जिद के निर्माण की शुरुआत करने से हुमायूं कबीर का इस जिले में जनसमर्थन और बढ़ा है। ऐसे में अगर हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम का गठबंधन मुर्शिदाबाद सहित अन्य मुस्लिम बहुल सीटों पर कुछ प्रतिशत वोट पाने में सफल रहा तो इससे टीएमसी की जीत का गणित गड़बड़ा सकता है। साथ ही कांग्रेस और लेफ्ट भी मुस्लिम बहुल सीटों में सेंध लगाने की कोशिश में है। यही वजह है कि हुमायूं कबीर और एआईएमआईएम के गठबंधन से टीएमसी नेतृत्व की चिंता बढ़नी स्वभाविक है।

# आदिवासियों को 'वनवासी' कहने पर उठाए सवाल, अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर भी घेरा : राहुल गांधी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वडोदरा**

गुजरात दौरे पर गए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा कि जब भी वह जाति जनगणना की बात करते हैं, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका विरोध करते हैं। वडोदरा में आयोजित आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन को संबोधित करते कांग्रेस सांसद दौरान राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आदिवासियों को वनवासी कहना संविधान और आदिवासी नेता बिरसा मुंडा का अपमान है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल आदिवासी समाज की पहचान को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की विरासत और उनके विचारों पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ लोग संविधान की बात करते हैं, लेकिन वही लोग आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर कर रहे हैं।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर भी बोले राहुल



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते में पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने देश के कृषि क्षेत्र को विदेशी उत्पादों के लिए खोल दिया है। राहुल गांधी के अनुसार, अगर अमेरिका के कृषि उत्पाद भारत में बिना रोक-टोक आने लगे, तो इसका सीधा नुकसान भारतीय किसानों को होगा। उन्होंने बताया कि भारत में खेती का बड़ा हिस्सा अभी भी मेहनत और हाथों से किए जाने वाले काम पर आधारित है, जबकि अमेरिका में खेती बड़े पैमाने पर मशीनों के जरिए होती है। ऐसे में वहां के सस्ते और बड़े स्तर पर तैयार उत्पाद भारतीय बाजार में आएंगे, तो यहां के किसानों के लिए मुकाबला करना मुश्किल हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि इसी वजह से पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र को इस तरह पूरी तरह नहीं खोला था, क्योंकि इससे किसानों की आजीविका पर खतरा पैदा हो सकता है।

### लोकसभा में पीएम मोदी के भाषण पर भी निशाना साधा

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में दिए गए भाषण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ईरान में युद्ध जैसे गंभीर हालात के बीच प्रधानमंत्री संसद से बाहर चले गए। राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम मोदी ने करीब 25 मिनट का भाषण दिया, लेकिन वे संसद में सही तरीके से बहस नहीं कर सकते।

### संविधान सिर्फ किताब नहीं : राहुल गांधी

सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, बल्कि यह देश की सोच और हर नागरिक के अधिकारों की गारंटी है, जिसमें हजारों साल पुराने विचार शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के नेता एक तरफ महान नेताओं की मूर्तियों के सामने सम्मान दिखाते हैं, लेकिन दूसरी तरफ आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर करते हैं।

### राहुल गांधी ने लगाए आरोप

इस दौरान राहुल गांधी ने इस बात पर भी जोर दिया कि आदिवासियों को वनवासी कहना उनकी पहचान पर हमला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी जमीन, जल और जंगल छीनकर कॉर्पोरेट्स को दिए जा रहे हैं, जो संविधान और बिरसा मुंडा के आदर्शों के खिलाफ है।

# 'दमन और डर के साये में विकसित भारत संभव नहीं', जस्टिस उज्ज्वल भुइयां का बड़ा बयान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बंगलुरू सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने सामाजिक ताने-बाने को लेकर बड़ी बात कह दी है। बंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का सपना केवल नारों से पूरा नहीं होगा। भुइयां ने कहा कि असहमति की आवाजों को दबाना, अंधाधुंध गिरफ्तारियां इस लक्ष्य की राह में सबसे बड़ा रोड़ा हैं।

### यूएपीए के दुरुपयोग पर गंभीर सवाल

जस्टिस भुइयां ने आतंकवाद विरोधी कानून (यूएपीए) के बढ़ते इस्तेमाल पर चेताया है। उन्होंने कहा 2019 से 2023 के बीच हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन सजा की दर महज 5 प्रतिशत के आसपास रही। उन्होंने कहा, 'इतनी कम सजा दर क्या बताती है? यह कानून का दुरुपयोग नहीं तो और क्या है?' उन्होंने आगे कहा कि बिना पर्याप्त सबूतों के की गई गिरफ्तारियां न केवल अदालतों पर बोझ बढ़ाती हैं बल्कि नागरिक स्वतंत्रता का भी हनन करती है। जस्टिस भुइयां ने कहा कि एक विकसित देश में आलोचना के लिए जगह होनी चाहिए, उसे अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

### न्यायपालिका में 'कांच की दीवार'

इतना ही नहीं, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में महिलाओं की कम भागीदारी पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि जिला अदालतों में 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं न्यायिक अधिकारी बन रही हैं, लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट पहुंचते-पहुंचते यह संख्या क्यों गिर जाती है? उन्होंने कहा कि 1950 से अब तक सुप्रीम कोर्ट के 287 जजों में से केवल 11 महिलाएं रही हैं। उन्होंने कोलेजियम सिस्टम की 'सब्जेक्टिविटी' पर भी सवाल उठाया है। उनका मानना है कि जब तक चयन प्रक्रिया वस्तुनिष्ठ नहीं होगी, महिलाएं इस 'कांच की दीवार' को नहीं तोड़ पाएंगी।

# चुनावी वादा पूरा करे सरकार: तेलंगाना की सड़क पर उतरे भाजपा-आप कार्यकर्ता, प्रदर्शन के बीच कई नेता हिरासत में

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में भाजपा और आम आदमी पार्टी की तेलंगाना इकाई ने राज्य सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया। दोनों पार्टियां सरकार से चुनावी वादे तुरंत पूरे करने की मांग कर रही थीं। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया। भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने यह सख्त कार्रवाई की है। मामले में हैदराबाद में पुलिस ने तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव और कई पार्टी कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में ले लिया। ये सभी नेता विधानसभा का घेराव करने की कोशिश कर रहे थे। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया है। हिरासत में लिए जाने के बाद रामचंद्र राव ने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनता के साथ जो छल किया है, वे उसके खिलाफ खड़े थे। इसी वजह से उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### भाजपा ने लगाए आरोप

पार्टी का कहना है कि कांग्रेस ने जनता से बड़े-बड़े वादे करके सत्ता पाई थी। लेकिन पिछले दो वर्षों में तेलंगाना के लोगों को सिर्फ धोखा और विश्वासघात मिला है। भाजपा के मुताबिक, किसानों, महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं।

# फंड पर रार : केरल को नहीं मिले आपदा राहत के 312 करोड़, संसद में बोलीं वित्त मंत्री, मदद की अर्जी ही नहीं दी

- संसद में विपक्षी सांसदों ने केरल के बकाये को लेकर सवाल उठाए थे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्र और केरल सरकार के बीच जारी 'फंड की जंग' में एक नया मोड़ आ गया है। सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ-साफ कहा कि केरल को मिलने वाले 311.95 करोड़ रुपए के आपदा कोष पर रोक नहीं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि केरल की ओर से मदद के लिए अभी तक अर्जी ही नहीं डाली गई है। संसद में विपक्षी सांसदों ने केरल के बकाये को लेकर सवाल उठाए थे। इसी पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महत्वपूर्ण तकनीकी अंतर समझाया। उन्होंने कहा, 'केंद्र की ओर से किसी अनुदान को मंजूरी देना एक बात है और उस राशि के लिए दावा पेश करना दूसरी बात।' सीतारमण के मुताबिक, 311.95 करोड़ रुपए की यह राशि केंद्र सरकार के पास उपलब्ध है। लेकिन, केरल सरकार ने इसे पाने के लिए आवेदन नहीं दिया है।

### यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट की बड़ी बाधा

अक्सर केंद्र-राज्य के बीच विवाद की जड़ 'यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट' यानी उपयोगिता प्रमाण पत्र बनता है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकारी नियम के मुताबिक, पिछली दी गई राशि कहां और कैसे खर्च हुई, इसका हिसाब दिए बिना अगली किस्त जारी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य पिछली परियोजनाओं का हिसाब नहीं देते, तब तक फंड जारी करना संभव नहीं होता।

### केरल सरकार का आरोप

केरल लगातार केंद्र पर 'आर्थिक नाकेबंदी' का आरोप लगाता रहा है। ऐसे में वित्त मंत्री का यह बयान राज्य के दावों पर सवालिया निशान लगाता है। यह मामला आपदा प्रबंधन से जुड़ा है। आपदा शमन कोष का इस्तेमाल बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के किया जाना था। हालांकि, अब यह अधर में लटकी नजर आ रही हैं। गेंद अब केरल सरकार के पाले में है। यदि राज्य इन फंडों को हासिल करना चाहता है, तो उसे पाई-पाई का हिसाब देना होगा।